नई दिल्ली
शुक्रवार, 1 अगस्त 2025
श्रावण मास शुक्ल पक्ष, अष्टमी वर्ष : 29, अंक : 108
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 31
न्यून. 27

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## कांग्रेस का आतंकवाद में धर्म का 'दांव' ध्वस्त हो गया...पर, कांग्रेस फिर से इस फैसले को चुनौती देने की बात पर जोर दे रही

### सांसद उज्जवल निकम ने उठाया सवाल दो एजेंसियों की जांच के कारण ही असली गुनहगारों को खोजा नहीं जा सका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

2008 के मालेगांव बम ब्लास्ट मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत ने 17 साल बाद गुरुवार को अपना फैसला सुनाया। विशेष न्यायाधीश ने सबूतों के अभाव में सभी सात आरोपियों, जिनमें पूर्व भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित और रिटायर्ड मेजर रमेश उपाध्याय शामिल हैं, को बरी कर दिया। कोर्ट ने नोट किया कि महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) और एनआईए की चार्जशीट में कई विसंगतियां थीं।

सात आरोपियों-प्रज्ञा सिंह ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित, रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर द्विवेदी, सुधाकर चतुर्वेदी, और समीर कुलकर्णी पर गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) ▶▶ शेष पेज 5 पर

मालेगांव बम ब्लास्ट मामला: 17 साल बाद सभी 7 आरोपी बरी

# देश पर 'हिंदू आतंकवाद' थोपने की साजिश फेल

फैसले के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद का बयान



### फैसला आते ही साध्वी प्रज्ञा रो पड़ीं- कहा जांच एजेंसियों ने मेरा जीवन बर्बाद कर दिया। पर आखिरकार, भगवा की जीत हुई, भगवान उन लोगों को सजा देंगे जिन्होंने भगवा का अपमान करने की कोशिश की


समीर कुलकर्णी


मेजर रि .रमेश


ले.कर्नल प्रसाद पुरोहित


प्रज्ञा सिंह ठाकुर


अजय राहिरकर



सुधाकर चतुर्वेदी

2008 से 2025 तक चले मालेगांव ब्लास्ट केस की कहानी सिर्फ एक आतंकवादी हमले की नहीं, बल्कि भारतीय न्यायिक प्रक्रिया की लंबी, जटिल और कई बार बाधित होती गई यात्रा की भी है। इस दौरान केस पांच अलग-अलग विशेष जजों की अदालतों से होकर गुज़रा

### कोर्ट ने कहा...कोई भी धर्म हिंसा नहीं सिखाता, आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता

मुंबई की विशेष एनआईए अदालत ने अपने फैसले में कहा कि सिर्फ संदेह के आधार पर किसी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता और अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे साबित करने में विफल रहा। विशेष न्यायाधीश एके लाहोटी ने फैसले में कहा कि आरोपियों के खिलाफ भले ही गंभीर संदेह हो, लेकिन वह उन्हें दोषी ठहराने के लिए पर्याप्त नहीं है। कोर्ट ने यह भी माना कि साध्वी प्रज्ञा, जिन्हें नौ साल जेल में बिताने पड़े, धमाके से दो साल पहले ही सन्यास ले चुकी थीं और भौतिक वस्तुओं का त्याग कर चुकी थीं। अदालत ने कहा कि कोई भी धर्म हिंसा नहीं सिखाता।

### भावुक हुईं उमाभारती



पूर्व सीएम उमा भारती मीडिया से बात करते हुए भावुक हो गईं। उमा भारती ने उस समय का जिक्र किया, जब प्रज्ञा ठाकुर नासिक जेल में बंद थीं। भारती ने कहा कि जब कोई प्रज्ञा से मिलने नहीं जाता था, तब मैं नासिक जेल में प्रज्ञा से मिलने गई थी। वहां प्रज्ञा को बेहद प्रताड़ित किया गया।

### हिंदू समुदाय को आतंकवाद से जोड़ने का एक कुत्सित प्रयास किया गया: आरएसएस

## मालेगांव विस्फोट मामले में सभी आरोपियों को बरी करने का एनआईए कोर्ट का फैसला स्वागतयोग्य: सुनील आंबेकर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

आरएसएस ने 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में सभी आरोपियों को बरी करने के एनआईए कोर्ट के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि कुछ स्वार्थी उद्देश्यों, राजनीतिक स्वार्थ और व्यक्तिगत हितों के आधार पर, पूरे हिंदू धर्म और हिंदू समुदाय को आतंकवाद से जोड़ने का एक कुत्सित प्रयास किया गया था। आरएसएस अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख, सुनील आंबेकर ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि आज अदालत के फैसले से, उन सभी प्रयासों और आरोपों को निराधार घोषित कर दिया गया है। मुझे लगता है कि यह बहुत स्वागत योग्य है।

### कांग्रेस वोट बैंक के लिए कुछ भी कर सकती है: प्रसाद

भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस वोट बैंक के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। कांग्रेस ने भगवा आतंक की साजिश रची और उसे फैलाना शुरू कर दिया... अदालत ने पाया कि मोटरसाइकिल का कोई सबूत या चेसिस नंबर नहीं था। गवाहों ने भी कहा कि उन्हें प्रताड़ित किया गया और बयान देने के लिए मजबूर किया गया।

## कांग्रेस का न्याय विरोधी और सनातन विरोधी चरित्र उजागर हुआ: योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2008 के मालेगांव बम विस्फोट मामले में सात आरोपियों को बरी किए जाने को लेकर गुरुवार को कांग्रेस की आलोचना की और कहा कि यह फैसला पार्टी के भारत विरोधी, न्याय विरोधी और सनातन विरोधी चरित्र को उजागर करता है। योगी ने एक्स पर लिखा कि मालेगांव विस्फोट प्रकरण में सभी आरोपियों का निर्दोष सिद्ध होना 'सत्यमेव जयते' की सजीव उद्घोषणा है। योगी आदित्यनाथ ने आगे लिखा कि यह निर्णय कांग्रेस के भारत विरोधी, न्याय विरोधी और सनातन विरोधी चरित्र को ▶▶ शेष पेज 5 पर

### हिंदू कभी आतंक में विश्वास नहीं करते: सरमा

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री ने कल सदन में भी कहा कि दर्शनशास्त्र के अनुसार हिंदू आतंकवादी नहीं हो सकते क्योंकि हमारी संस्कृति और हमारी सभ्यता कभी भी आतंकवाद को बढ़ावा नहीं देती। लेकिन कांग्रेस के शासन में एक विशेष समुदाय को खुश करने के लिए एक शब्द ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

### 11 अगस्त से प्लास्टिक मुक्त होगा काशी धाम

**वाराणसी।** श्रीकाशी विश्वनाथ धाम 11 अगस्त से पूरी तरह से प्लास्टिक मुक्त हो जाएगा।



खासकर प्लास्टिक की टोकरी और प्लास्टिक लोटा पर रोक लगाई जाएगी। भक्तों से भी अपील करेंगे, वह मंदिर में प्लास्टिक की टोकरी समेत कुछ लेकर न आएं। मंदिर के सीईओ विश्वभूषण ने कहा कि जूट और लकड़ी की बनी टोकरी का इस्तेमाल करें। मंदिर परिसर में भक्त प्लास्टिक की बोतल में जल लेकर पहुंच जाते हैं। इसके अलावा पॉलीथिन में प्रसाद, फूल लेकर पहुंचते हैं और यह सबकुछ वह परिसर में ही छोड़ आते हैं। यह सफाई में दिक्कत पैदा करता है। कई बार प्लास्टिक अंडरग्राउंड नाली में चली जाती है। इससे कई बार नालियां चोक हो जाती हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति के बिगड़े बोल, भारत-रूस अपनी मरी हुई अर्थव्यवस्थाओं को लेकर डूब जाएं, मुझे कोई परवाह नहीं

# भारत अपने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखने के लिए उठाएगा सभी आवश्यक कदम: गोयल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुक्रवार 1 अगस्त से द्विपक्षीय व्यापार पर लागू होने वाली 25 फीसदी टैरिफ और रूस से जारी कच्चे तेल, हथियारों की खरीद पर अतिरिक्त जुर्माना लगाने की घोषणा के बाद देश में सड़क से लेकर संसद तक बवाल मचा हुआ है।

ट्रंप का भ्रमित करने वाला वाकयुद्ध भी जारी है। जिसमें अब वो एक तरफ कह रहे हैं कि 'उन्हें भारत-रूस के बीच रिश्ते से कोई फर्क नहीं पड़ता है। दोनों चाहें तो अपनी मृत अर्थव्यवस्थाओं को लेकर एक साथ डूब सकते हैं। जबकि दूसरी तरफ उन्होंने भारत से बातचीत करने की बात कहते हुए कहा कि देखते हैं क्या होता है'? इन सबके बीच केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को मामले पर भारत का रुख साफ किया। उन्होंने लोकसभा में बयान देते हुए कहा ▶▶ शेष पेज 5 पर

### ट्रंप के 25 फीसदी टैरिफ और रूस से तेल, हथियारों की खरीद पर जुर्माना लगाने की घोषणा पर लोकसभा में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने साफ किया भारत का रुख

### समझाया पारस्परिक टैरिफ का समूचा घटनाक्रम



गोयल ने सदन में भारत-अमेरिका के बीच पारस्परिक टैरिफ से जुड़े पूरे घटनाक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 2 अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति ने पारस्परिक टैरिफ को लेकर एक कार्यकारी आदेश जारी किया था। जिसके तहत उन्होंने अपने व्यापारिक साझेदारों से आयात पर 10 से 50 फीसदी तक अतिरिक्त ड्यूटी लगाने की बात कही थी। भारत पर 5 अप्रैल से 10 फीसदी की बेसलाइन ड्यूटी लागू हो गई है। मामले में अतिरिक्त ड्यूटी 10 फीसदी के बेसलाइन टैरिफ के साथ कुल 26 फीसदी की घोषणा की गई थी। मूलरूप से यह 9 अप्रैल से देश में प्रभावी होने वाला था। लेकिन शुरुआत में अमेरिका ने इसे 10 अप्रैल को तीन ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 2047 के लक्ष्य की ओर जारी रहेगी यात्रा

उन्होंने कहा कि तेजी से संरक्षणवादी होती दुनिया में भारत ने कई देशों के साथ पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते किए हैं। जिनमें यूएई, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और एफ्टा देश शामिल हैं। अन्य देशों के साथ भी व्यापार समझौते करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सरकार किसानों और भारतीय कृषि के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जिससे भारतीय खाद्य सुरक्षा और समृद्धि सुनिश्चित की जा सके। हम 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य की ओर समावेशी और सतत विकास की अपनी तेज गति वाली यात्रा जारी रखेंगे। भारत आत्मनिर्भरता की ओर आत्मविश्वास से बढ़ रहा है।

### वैश्विक विकास में 16 फीसदी योगदान

गोयल के मुताबिक, मात्र दस वर्षों से भी कम समय में भारत पांच कमजोर (फ्रेजाइल फाइव) अर्थव्यवस्थाओं में से निकलकर दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है। अपने सुधारों, किसानों, एमएसएमई और उद्यमियों की कड़ी ▶▶ शेष पेज 5 पर

### द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर चर्चा जारी

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत और अमेरिका ने मौजूदा वर्ष के मध्य में मार्च महीने में एक न्यायपूर्ण, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए बातचीत शुरू की थी। जिसका लक्ष्य साल के अंत तक यानी अक्टूबर या नवंबर तक समझौते के पहले चरण को पूरा करना था। दोनों पक्षों ने 29 मार्च को नई दिल्ली में आयोजित की गई पहली प्रत्यक्ष बैठक की चर्चा के दौरान बीटीए की बातचीत शुरू करने के लिए विस्तृत संदर्भ शर्तों (टर्म ऑफ रेफरेंस) को अंतिम रूप दिया था। जिसके बाद दोनों के बीच नई दिल्ली और वाशिंगटन डीसी में कुल चार दौर की प्रत्यक्ष बैठकें हुई हैं ताकि संदर्भ शर्तों के आधार पर समझौते को अंतिम रूप देने के लिए काम किया जा सके। भारत-अमेरिका की मामले पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष (वर्चुअल) बैठकें भी हुई हैं।

## 'डेड इकॉनोमी' का समर्थन राहुल गांधी को पड़ा ' पालिटिकली डेडली' 'अपनों' ने झाड़ा पल्ला, भाजपा ने किया पलटवार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत की अर्थव्यवस्था को 'डेड इकॉनोमी' कहने वाली टिप्पणी का समर्थन करना उलटा पड़ गया। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने न केवल राहुल के बयान से किनारा किया बल्कि सफाई में कई वरिष्ठ नेता आगे आए। उनका मतलब ये नहीं, वो नहीं था..सफाई का कोई मतलब नहीं था। तीर निकल चुका था जिसे भाजपा ने लपक लिया।

राजनीतिक विवाद का विषय बन गया है। भाजपा ने इसे तुरंत "राष्ट्रविरोधी मानसिकता" करार दिया। राहुल गांधी पर भारत को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बदनाम करने का आरोप लगाया। अमेरिकी राष्ट्रपित डोनाल्ड ट्रंप ने भारत की आर्थिक नीतियों पर टिप्पणी करते हुए भारत की वर्तमान अर्थव्यवस्था को डेड (मृतप्राय) बताया था। इस बयान को राहुल गांधी ने तुरंत समर्थन दिया और कहा, ट्रंप जो कह रहे हैं, वही ▶▶ शेष पेज 5 पर

### आशय ट्रंप का समर्थन नहीं था

कांग्रेस पार्टी ने इस बयान के बाद राहुल गांधी के समर्थन में सफाई दी। पार्टी ने कहा कि उनका आशय ट्रंप का समर्थन करना नहीं था, बल्कि मोदी सरकार की नीतिगत विफलताओं की ओर ध्यान खींचना था। मामला बढ़ता देख कांग्रेस पार्टी के संचार विभाग ने बकायदा बयान जारी कर कहा, राहुल गांधी ने भारत की आलोचना नहीं की, बल्कि मोदी सरकार की आर्थिक विफलताओं को उजागर किया है। जब बेरोजगारी चरम पर है, जीडीपी दर गिर रही है, और महंगाई काबू से बाहर है, तो आंखें बंद कर देशभक्ति की बात करना आत्मघाती होगा। वरिष्ठ नेता और छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि देश की अर्थव्यवस्था बेहद सदृढ़ है। अर्थव्यवस्था को डेड कहना उचित नहीं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने भी राहुल गांधी के कहे के इतर कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था बेहद ठोस तरीके से आगे बढ़ रही है। वैश्विक अर्थ जगत की तुलना में ▶▶ शेष पेज 5 पर

टैरिफ बम के बाद भारत पर दबाव बनाने की नई रणनीति...

## अमेरिका ने पाकिस्तान के साथ किया व्यापार समझौता, तेल भंडारों का होगा विकास

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के भारत पर आज से लागू होने वाले 25 फीसदी पारस्परिक टैरिफ और रूस से जारी तेल, हथियारों की खरीद पर अतिरिक्त जुर्माने के ऐलान के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान के साथ एक व्यापार समझौता किया है। जिसमें अमेरिका और पाकिस्तान की अपने विशाल तेल भंडारों को विकसित करने की योजना भी शामिल है। सोशल मीडिया मंच ट्रूथ पर एक पोस्ट में ट्रंप ने कहा, हमने पाकिस्तान के साथ एक समझौता किया है। भारत पर तंज कसते हुए रिपब्लिकन पार्टी के अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि क्या पता एक दिन पाकिस्तान भारत को तेल बेचने लग जाए?



भारत पर तंज कसते हुए बोले ट्रंप, 'क्या पता किसी दिन भारत को तेल बेचने लग जाए पाकिस्तान'?

### भारत पर दबाव बनाने की रणनीति

जानकारों की राय में भारत और अमेरिका के बीच अभी तक पारस्परिक रूप से लाभप्रद द्विपक्षीय व्यापार समझौता नहीं हुआ है। दोनों देशों के अधिकारियों के बीच इस संबंध में बातचीत के दौर जारी हैं। ऐसे में एक ओर ट्रंप ने 1 अगस्त से भारत से द्विपक्षीय व्यापार पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने और उसके रूस के साथ संबंधों को लेकर भी उसे कटघरे में खड़ा किया है। दूसरी ओर वो भारत के दुश्मन देश पाकिस्तान के साथ व्यापार समझौता कर भारत पर चुटकी लेते हुए कह रहे हैं कि क्या पता एक दिन पाकिस्तान भारत को तेल बेचने लग जाए? ट्रंप के ये दोनों कदम भारत और रूस के मजबूत संबंधों और यूक्रेन युद्ध के बीच भारत द्वारा रूस से जारी तेल खरीद को लेकर अमेरिका द्वारा उस पर दबाव बनाने की रणनीति का हिस्सा दिख रहे हैं। टैरिफ के मामले में ट्रंप ने भारत से बातचीत का तर्क दिया है। लगता है कि दोनों देशों के बीच वार्ता मेज पर हो सकता है कि अलग ही स्थिति निकलकर सामने आए।

### पाक पीएम ने जताया ट्रंप का आभार

पाकिस्तान और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर गुरुवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि मैं इस ऐतिहासिक समझौते को अंतिम रूप में उनके द्वारा निभाई गई भूमिका के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को हार्दिक धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने एक्स पोस्ट में यह जानकारी दी। जिसमें ये भी कहा कि बीते बुधवार रात वाशिंगटन में दोनों पक्षों द्वारा इस समझौते को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया है। यह समझौता दोनों देशों के सहयोग को बढ़ाएगा। जिससे आने वाले दिनों में हमारी स्थायी साझेदारी की सीमाओं का विस्तार होगा।

### पाकिस्तान में कौन सा तेल भंडार?

वहीं, अमेरिका-पाकिस्तान के इस समझौते में जमीनी स्तर पर यह तथ्य अभी भी गोपनीय ही बना हुआ है कि अमेरिका पाकिस्तान के कौन से तेल भंडार की बात कर रहा है? राष्ट्रपति ट्रंप या पाकिस्तान ने भी इस संबंध में कोई खुलासा नहीं किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति ने केवल इतना ही कहा कि दोनों देश ▶▶ शेष पेज 5 पर

नए सिस्टम पर काम कर रही है सरकार

## अब यूपीआई पेमेंट के लिए नहीं होगी पिन की जरूरत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




भारत में डिजिटल भुगतान को और आसान बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा सकता है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) जल्द ही बायोमेट्रिक आधारित प्रमाणीकरण को यूपीआई पेमेंट्स में शामिल कर सकती है। इसका मतलब यह है कि अब यूपीआई ट्रांजैक्शन के लिए ▶▶ शेष पेज 5 पर

## बिप्लब देब ने अपनी माताजी के साथ प्रधानमंत्री मोदी से शिष्टाचार भेंट की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा नेता, त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं लोकसभा सांसद बिप्लब कुमार देब ने गुरुवार को अपनी माता जी के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की। प्रधानमंत्री ने देब की माता जी से कुशलक्षेम और स्वास्थ्य के संबंध में जाना। जबकि देब राजनीतिक विषयों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री



नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के बाद बिप्लब कुमार देब ने अपने सोशल ▶▶ शेष पेज 5 पर

प्रधानमंत्री मोदी और यूएई के राष्ट्रपति के बीच हुई बातचीत

## दोनों शीर्ष नेताओं ने व्यापक रणनीतिक भागीदारी को मजबूती प्रदान करने की प्रतिबद्धता दोहराई

भारत की 90 से ज्यादा और यूएई की 8 कंपनियों ने भागीदारी की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया के कई भागों में जारी संघर्ष खासकर पश्चिम-एशिया तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से टेलीफोन पर बातचीत की है। जिसमें मुख्य रूप से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक भागीदारी को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए पुनः साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि दोनों शीर्ष नेताओं ने बीते 30 जुलाई को हुई अपनी वार्ता के दौरान आपसी सहयोग से जुड़े हुए विभिन्न क्षेत्रों में हुई सराहनीय प्रगति का सकारात्मक मूल्यांकन किया। इसके अलावा भारत और यूएई की जनता के संयुक्त लाभ के लिए सहयोग को और विकसित व सुदृढ़ करने पर भी जोर दिया।

### संपन्न हुई रक्षा उद्योग भागीदारी कार्यशाला

दोनों नेताओं की बातचीत से इतर भारत-यूएई के बीच नई दिल्ली में 31 जुलाई को रक्षा उद्योग भागीदारी कार्यशाला हुई। जिसमें भारत की 90 से ज्यादा और यूएई की 8 कंपनियों ने भागीदारी की। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस कार्यशाला में मंत्रालय से सचिव (रक्षा उत्पादन) संजीव कुमार और यूएई के अवर रक्षा सचिव लेफ्टिनेंट जनरल इब्राहिम नासिर अल-अलावी शामिल हुए। इस आयोजन के जरिए दोनों देशों ने सीमापार सहयोग के बाद भविष्य के लिए तैयार लचीली और भरोसेमंद रक्षा भागीदारी को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई। रक्षा मैन्युफैक्चरिंग, एमआरओ, एयरोस्पेस, उभरती हुई तकनीक जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। जिसका संबंध आत्मनिर्भरता और निर्यात आधारित विकास पर केंद्रित है।

### यूएई के राष्ट्रपति ने पीएम को दी बधाई

मंत्रालय ने बताया कि यूएई के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी को भारत के इतिहास में दूसरे सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले प्रधानमंत्री बनने पर हार्दिक बधाई दी। साथ ही राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा में निरंतर सफलता की कामना की। जिसके जवाब में पीएम मोदी ने महामहिम राष्ट्रपति शेख मोहम्मद का उनकी शुभकामनाओं और भारत के लोगों के प्रति स्नेह व्यक्त करने के लिए धन्यवाद दिया।

# वरिष्ठ आईपीएस एस बी के सिंह ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर का पदभार संभाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी एस.बी.के. सिंह को दिल्ली पुलिस आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। गुरुवार शाम को पुलिस मुख्यालय में सलामी गारद दिए जाने के बाद उन्होंने पुलिस आयुक्त का कार्यभार ग्रहण किया। एजीएमयूटी कैडर के 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी सिंह ने संजय अरोड़ा की जगह ली है। अरोड़ा का विदाई समारोह न्यू पुलिस लाइंस किंग्सवे कैंप में आयोजित हुआ।

### सिंह का 36 वर्षों से अधिक का शानदार करियर रहा है

एजीएमयूटी कैडर के 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी और दिल्ली होमगार्ड के महानिदेशक एस.बी.के. सिंह का 36 वर्षों से अधिक का शानदार करियर रहा है। उन्होंने दिल्ली पुलिस में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। दो पूर्वोत्तर राज्यों - मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश में पुलिस बल के प्रमुख के रूप में भी उन्होंने कार्य किया है। दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफंस कॉलेज के पूर्व छात्र सिंह 1986 में स्नातक करने के बाद भारतीय पुलिस सेवा में शामिल हुए थे। बाद में उन्होंने मानव संसाधन प्रबंधन में एमबीए किया। सिंह के पुलिस करियर में जमीनी अनुभव, प्रशासनिक नवाचार और तकनीकी दूरदर्शिता का एक दुर्लभ मिश्रण झलकता है। दिल्ली पुलिस में सिंह ने दक्षिण जिले के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त और उत्तर-पूर्व तथा मध्य दोनों जिलों में पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) जैसे प्रमुख पदों पर कार्य किया है। बाद में सिंह ने आर्थिक अपराध शाखा का नेतृत्व किया और खुफिया, सुरक्षा, कानून-व्यवस्था और प्रौद्योगिकी एवं परियोजना कार्यान्वयन सहित विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) और विशेष पुलिस आयुक्त के रूप में कार्य किया। विशेष पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) के रूप में उन्होंने पुलिस थानों में 'जन सुविधा डेस्क' की शुरुआत की और 89 पुलिस थानों वाले सात पुलिस जिलों में प्रमुख व्यवस्थाओं और जांचों की निगरानी की। सिंह पांच महीने बाद सेवानिवृत्त होंगे।

### संजय अरोड़ा हो गये सेवानिवृत्त

दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गये। न्यू पुलिस लाइंस किंग्सवे कैंप में उनका विदाई समारोह आयोजित किया गया। वह तमिलनाडू कैडर के 1988 बैच के आईपीएस अफसर थे। उन्होंने अगस्त 2022 में दिल्ली पुलिस आयुक्त का पदभार संभाला था। उन्हें सिवा विस्तार मिलने की चर्चाएं भी कई दिनों से महकमें में तैर रही थी लेकिन बुधवार शाम को उनके विदाई समारोह की घोषणा कर दी गई।

# बिजली का करंट लगने से भाई-बहन की मौत, पिता अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



बेगमपुर इलाके में घर में बिजली का करंट लगने से एक युवक और उसकी बहन की मौत हो गई। घटना में इनका पिता भी करंट की चपेट में आया है। बुजुर्ग पिता को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों के नाम वेल्डिंग का काम करने वाले विवेक (26) और उसकी बहन अंजू (28) बताये गये हैं। पिता का नाम कालीचरण (65) है।

पुलिस के अनुसार अंजू की तीन महीने पहले ही शादी हुई थी। बेगमपुर थाने में बुधवार रात 10 बजकर 56 मिनट पर पीसीआर के जरिये सूचना मिली। खुद को पीड़ितों का पड़ोसी बताते हुए फोन करने वाले अभिषेक ने कहा कि यहां लाइट कटवा दो, तीन आदमी चिपके हुए हैं। पुलिस की एक टीम घटनास्थल पर पहुंची। कॉलर ने बताया कि स्थानीय लोगों ने बिजली से झुलसे तीनों लोगों को अग्रसेन अस्पताल में भर्ती कराया है। डीसीपी राजीव रंजन के अनुसार क्राइम टीम और 'नॉर्थ दिल्ली पावर लिमिटेड' के अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि 50 वर्ग गज के भूखंड पर बने इस घर में बिजली के तार खुले और असुरक्षित तरीके से लगाए गए थे। सीढ़ियों पर लगी लोहे की ग्रिल के चारों ओर तार लपेटे गए थे। रात करीब 10 बजे विवेक सीढ़ियों से ऊपर जा रहा था, तभी वह बिजली के तारों से छूते लोहे के एक दरवाजे के संपर्क में आ गया और उसे करंट लग गया। विवेक की चीख-पुकार सुनकर उसके पिता कालीचरण मदद के लिए दौड़े और वह भी करंट की चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि घर में मौजूद अंजू ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गई। कालीचरण की हालत गंभीर बताई गई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए संजय गांधी अस्पताल भेजा गया है।

# रोडरेज की घटनाओं में चार लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में रोडरेज की अलग-अलग घटनाओं में चार लोग बुरी तरह से घायल हो गए। पहले मामले में, द्वारका सेक्टर-10 में कार का हॉर्न बजाकर वेटर को बुलाने से नाराज कुछ लोगों ने दो युवकों पर हमला कर दिया। कथित तौर पर दोनों पीड़ितों पर आधा दर्जन से ज्यादा लोगों ने बीयर की बोतलों और पत्थरों से हमला किया।

पुलिस के अनुसार यह घटना 27 जुलाई को देर रात करीब 2.30 बजे हुई, जब छावला गांव के रहने वाले और रोहिणी अदालत में कार्यरत मनोज अपने दोस्तों कुणाल और नागेंद्र के साथ खाना लेने के लिए इलाके में स्थित एक होटल पर गए थे। कार चला रहे मनोज ने वेटर को बुलाने के लिए हॉर्न बजाया, जिससे वहां पहले से खड़ी एक थार और बीएमडब्ल्यू कार के पास खड़े कुछ लोग नाराज हो गए। प्राथमिकी में कहा गया कि थार गाड़ी के पास खड़े एक आदमी को हॉर्न बजाना बुरा लगा और उसने हमें गालियां देनी शुरू कर दी। इससे पहले कि हम कुछ कर पाते, बीएमडब्ल्यू और थार से सात-आठ आदमी उतर आए और मुझे पीटने लगे। जब कुणाल ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो उसे भी घसीटा गया और पीटा गया। हमलावरों ने कथित तौर पर पत्थरों और बीयर की बोतलों से हमला किया, जिससे कार के शीशे टूट गए और दोनों युवक घायल हो गए। किसी राहगीर ने पुलिस को घटना की सूचना दी, जिसके बाद आरोपी अपनी गाड़ियों के साथ घटनास्थल से फरार हो गए। घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुये हैं। उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की जांच जारी है।

दूसरी घटना दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के मुनिरका क्षेत्र में 25 जुलाई को दोपहर के समय सामने आई। घटना में एक व्यक्ति को कथित तौर पर कुछ लोगों के समूह द्वारा तब तक पीटा गया, जब तक कि वह बेहोश नहीं हो गया। उसकी पिटाई इसलिए की गयी क्योंकि वह हॉर्न की आवाज सुनकर रास्ते से जल्दी नहीं हटा था। पुलिस के अनुसार, मुनिरका गांव निवासी अवधेश राय अपने बेटे को स्कूल छोड़ने के बाद घर लौट रहे थे। दुपहिया वाहन पर सवार एक व्यक्ति ने बाबू लाल चौक के समीप उसके पीछे से हॉर्न बजाना शुरू कर दिया। राय ने उससे कहा कि वह अभी आगे बढ़ रहा है, लेकिन इसके बावजूद आरोपी व्यक्ति हॉर्न बजाता रहा और उससे गाली गलौज करने लगा। उसके पीछे एक महिला भी बैठी हुई थी। जब राय ने इसका विरोध किया तो आरोपी अपने वाहन से उतरकर मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद आरोपी ने कथित तौर पर अपने साथियों को बुला लिया, जो लाठी-डंडे के साथ वहां पहुंचे। उन्होंने सड़क पर राय को बुरी तरह पीटा। प्रारंभिक जांच के बाद किशनगढ़ थाने में 28 जुलाई को मामला दर्ज किया गया।

# 100 करोड़ की धोखाधड़ी में शामिल रैकेट का पर्दाफाश, चार अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने 100 करोड़ की साइबर धोखाधड़ी के मास्टरमाइंड समेत चार लोगों को पकड़ा है। पैन इंडिया लेवल की यह ठगी की जा रही थी। आरोपियों के पास से सात महंगे मोबाइल फोन बरामद हुये हैं। अभी तक की जांच में आरोपी पूरे भारत में कुल 34 एफआईआर या शिकायतों से लिंक हो गये हैं। डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने एक सुसंगठित अंतरराज्यीय साइबर वित्तीय धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़ किया है और एक उच्च-मूल्य निवेश घोटाले में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी नकली ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से कई राज्यों के लोगों से लगभग 100 करोड़ की ठगी कर चुके थे। एक व्यवसायी की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू की थी। शिकायतकर्ता को एक फर्जी ऑनलाइन निवेश वेबसाइट fxprovip.com के माध्यम से 48.35 लाख की ठगी का शिकार बनाया गया था। शिकायतकर्ता से शुरुआत में एक महिला ने फेसबुक मैसेंजर के जरिए संपर्क किया था। बाद में व्हाट्सएप पर बातचीत करके उसे निवेश के लिए प्रेरित किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने लुधियाना, पंजाब से सनी मिश्रा (22), कुलदीप कुमार (25), गौरव (20) और सुमित प्रधान (27) को पकड़ा।

# सड़क पर तनातनी में व्यक्ति पर गोली चलाने के आरोप में दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मध्य दिल्ली के अजमेरी गेट क्षेत्र में रोड रेज की एक घटना के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से एक आरोपी ने कहासुनी के दौरान मोटरसाइकिल सवार युवक पर कथित तौर पर गोली चला दी थी। पुलिस ने कहा कि यह घटना 25 जुलाई को मोहल्ला निहारियां चौक के पास हुई जब पीड़ित अपनी पत्नी और बच्चों के साथ मोटरसाइकिल से जा रहा था। शिकायतकर्ता को एक सफेद स्कूटर पर सवार दो लोगों ने रोका था।

डीसीपी निधिन वलसन के अनुसार पीड़ित की पत्नी ने 'ओवरटेक' करते समय हॉर्न नहीं बजाने को लेकर दोनों से सवाल किया, जिसके बाद कहासुनी शुरू हो गई। झड़प के दौरान पीछे बैठे व्यक्ति ने कथित तौर पर पिस्तौल लहराई और मौके से भागने से पहले गोली चला दी। पुलिस ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय खुफिया जानकारी के आधार पर उत्तर-पूर्वी दिल्ली के ब्रह्मपुरी निवासी मोहम्मद अमान उर्फ तोता और नोमान नामक दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। डीसीपी ने बताया कि नोमान के पास से एक पिस्तौल बरामद की गई, जबकि अपराध में इस्तेमाल किया गया स्कूटर मोहम्मद अमान के पास से जब्त किया गया। अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल से एक खोखा और एक गोली का सिरा भी बरामद किया गया था।

# राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



▪ माटी कला बोर्ड के गठन से पर्यावरण होगा बेहतर

राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ ने दिल्ली के समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण, सहकारिता मंत्री रविंद्र इंद्राज को दिल्ली प्रदेश में माटी कला बोर्ड गठन के लिए ज्ञापन सौंपा। महासंघ में युवा प्रदेश अध्यक्ष राहुल प्रजापति ने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ हाल ही में मंत्री रविंद्र इंद्राज से निवेदन करते हुए कहा कि दिल्ली प्रदेश में काफी समय से कुम्हार समाज के उद्धार के लिए माटी कला बोर्ड के गठन की मांग चल रही है लेकिन अभी तक इसका गठन सरकार द्वारा नहीं किया गया है। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश संयोजक अजीत प्रजापति, जिला संयोजक रोहित प्रजापति, प्रदेश जिला संयोजक लीलू प्रधान मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि बोर्ड का मूल उद्देश्य पारंपरिक माटी शिल्पकारों के सर्वांगीण विकास के लिए योजनाबद्ध कार्यक्रम के माध्यम से उद्यमिता कौशल विकास करना है। प्लास्टिक से बने कप की जगह मिट्टी से बने कुल्हड़ों के अधिक से अधिक प्रयोग द्वारा पर्यावरण की सुरक्षा व प्लास्टिक से होने वाले हानिकारक दुष्प्रभाव को रोकना है और माटी शिल्पियों का पंजीयन कराना इसमें शामिल है। इसके अलावा बोर्ड की अन्य योजनाओं पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा प्रदेश अध्यक्ष राहुल ने आम आदमी पार्टी की पूर्व दिल्ली सरकार को लेकर कहा कि अरविंद केजरीवाल सरकार में मंत्रियों को दर्जनों बार इसके गठन को लेकर कहा गया लेकिन केजरीवाल सरकार ने प्रजापति समाज के लिए कुछ नहीं किया।

# युवक की चाकू मारकर हत्या नाबालिग समेत चार दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर इलाके में मोमोज विक्रेता से विवाद के बाद 28 वर्षीय युवक की कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी गई, जबकि उसका दोस्त घायल हो गया। पुलिस ने घटना के सिलसिले में एक किशोर समेत चार आरोपियों को पकड़ा गया है।

पुलिस के अनुसार बुधवार रात एक जन्मदिन समारोह के दौरान युवक विकास वालेचा ने अपने दोस्तों को मोमोज विक्रेता सलमान के साथ हुई हालिया बहस के बारे में बताया। फिर उन्होंने उससे भिड़ने का फैसला किया। डीसीपी अभिषेक धानिया के अनुसार बुधवार रात करीब 10.30 बजे वे तीन गाड़ियों में गाजीपुर में सीएनजी पंप के पास पेपर मार्केट गए। उन्होंने शराब की एक दुकान के पास सलमान को देखा और उससे भिड़ गए। सलमान ने इस दौरान अपने साथियों को बुला लिया और झड़प के बीच वालेचा को चाकू मार दिया गया, जबकि उसके दोस्त सुमित शर्मा का पैर टूट गया। विकास और सुमित दोनों नोएडा के सेक्टर 5 स्थित एक निजी कंपनी में काम करते थे। फरीदाबाद के एनआईटी सेक्टर 5 निवासी विकास को एलबीएस अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया जबकि शर्मा का इलाज जारी है। घायल की शिकायत के आधार पर गाजीपुर थाने में मामला दर्ज किया गया है। मामले में चार लोगों को पकड़ा गया है। गिरफ्तार तीन आरोपियों की पहचान सलमान (24), आजाद मिश्रा (31) और मोनू मिश्रा (28) के रूप में हुई है। सभी गाजियाबाद के खोड़ा कॉलोनी के र हने वाले हैं। इनके अलावा पकड़ा गया चौथा आरोपी 13 वर्षीय किशोर है। आरोपियों के कब्जे से हमले में इस्तेमाल किया गया एक चाकू और लोहे की रॉड बरामद कर ली गई है। हमले में शामिल अन्य लोगों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

### दिल्ली नगर निगम के 248 कर्मचारी हुए सेवानिवृत

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के 248 कर्मचारी गुरूवार को सेवानिवृत हुए। दिल्ली नगर निगम के सिविक सेंटर मुख्यालय स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मियों को प्रशस्ति पत्र, पीपीओ शीट, लीव एनकैशमेंट के चेक दिये गए। सभी जोन में भी सेवानिवृत कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में सेवानिवृत कर्मियों को दीर्घायु और स्वस्थ रहने की कामना की गई। सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाओं के साथ-साथ सुखमय जीवन की कामना करते हुए पौधे भी भेंट किये। इस अवसर पर निगम के उच्च अधिकारी भी उपस्थित रहें। वहीं, दूसरी तरफ राष्ट्र हितैषी मजदूर परिषद दिल्ली के अध्यक्ष दलीप कुमार बरवाला ने बताया कि निगम के अनेक सफाई कर्मचारी सेवानिवृत्ति के नजदीक है लेकिन इन 117 कर्मियों को नियमित नहीं किया जा रहा है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना सं० 37/2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.सं. 1.** कार्य का विवरण : इज्जतनगर डिवीजन में लालकुऑं–कासगंज अनुभाग के अन्तर्गत कछला ब्रिज, कछला, रिच्छा रोड, शेखपुर हाल्ट स्टेशनों पर (कुल 07 नग) रेल लेवल प्लेटफार्म को हाई लेवल प्लेटफार्म तक बढ़ाने का कार्य। (कानुपर अनवरगंज–मथुरा एवं लालकुऑं–कासगंज अनुभाग में 11 हाल्ट स्टेशनों पर रेल लेवल प्लेटफार्म को हाई लेवल प्लेटफार्म तक बढ़ाने का कार्य स्वीकृत कार्य के अन्तर्गत)। अनुमानित लागत रूपयों में : रू. 5,03,51,685.67, बयाना राशि रूपयों में : रू. 4,01,800/–, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह। **1.** ई–निविदा दिनांक 22.08.2025 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। **2.** ई–निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट **www.ireps.gov.in** पर देखे।

**मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.),**
**मुजाधि/डब्लू – 188** **इज्जतनगर**

**गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्र न करें।**

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **योगेन्द्र, पुत्रः** श्री नरेन्द्र सिंह, **पताः** मकान नं. ई–536, गली नं. 10 , विनोद नगर पश्चिम, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 18/2018 U/s 380/457/411/34 IPC, थानाः मंडावली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **योगेन्द्र** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **योगेन्द्र** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 18/2018 U/s 380/457/411/34 IPC, थानाः मंडावली, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **योगेन्द्र** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री सचिन**
**न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–03**
**कोर्ट नं. 16, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/9243/ED/2025**
**(Court Matter)**

# अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद पर भाजपा पार्षदों की संख्या अधिक

# निगम समितियों के लिए पार्षदों ने दाखिल किए नामांकन पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम में स्थायी समिति के गठन के बाद अन्य समितियों के गठन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। इसी कड़ी में गुरूवार को निगम के नेताओं के नेतृत्व में वैधानिक, विशेष एवं तदर्थ समितियां के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के पद के लिए नामांकन दाखिल किए गए। निगम की वैधानिक शिक्षा समिति के अध्यक्ष पद पर योगेश वर्मा और ग्रामीण समिति के अध्यक्ष पद पर योगेश राणा ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं, विशेष समितियों शामिल में नियुक्ति समिति के अध्यक्ष पद पर विनीत वोहरा, वर्क समिति में अध्यक्ष पद पर प्रिती, मेडिकल समिति में अध्यक्ष पद पर मनीष चड्ढा आदि ने नामांकन दाखिल किए। बता दें कि उक्त समितियों के लिए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव 6-7 अगस्त, 2025 को संपन्न होंगे। इन समितियों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद पर नामांकन करने वालों में भाजपा के पार्षदों की संख्या अधिक है। आम आदमी पार्टी और आईवीपी भी इन चुनाव में भाग ले रही है।

निगम से प्राप्त जानकारी के अनुसार निगम की वैधानिक, विशेष एवं तदर्थ समितियां के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के पदों के लिए निगम के नेता सदन प्रवेश वाही ने भाजपा की ओर से नामांकन पत्र सिविक सेंटर स्थित निगम सचिव कार्यालय में प्रदान किए। इस अवसर पर दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, उप महापौर जय भगवान यादव एवं स्थाई समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा, अन्य वरिष्ठ नेतागण एवं नामांकन भर रहे सदस्य उपस्थित रहे। वहीं, नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने एक्स पर ट्वीट कर कहा कि आम आदमी पार्टी हमेशा से दिल्लीवासियों के हक़ और हितों की मज़बूत आवाज़ रही है। एमसीडी में भी हम पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### पिछले ढाई वर्ष से नहीं हो सके चुनाव

बता दें कि हर वर्ष निगम समितियां के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के चुनाव होते हैं किंतु पिछले ढाई वर्ष से आम आदमी पार्टी निहित सरकार के समय से स्थायी समिति तक का निर्माण नहीं हो पाया अब भाजपा के शासनकाल में स्थायी समिति का निर्माण हुआ है और अन्य समितियों के बनने का रास्ता भी साफ हुआ है।

### 11 जिलों में 55 जगहों पर एक साथ होगा मॉकड्रिल का आयोजन

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आज गुरुवार सुबह 9 बजे भूकंप और औद्योगिक रासायनिक खतरों जैसी बड़ी आपदाओं से निपटने और प्रतिक्रिया तंत्र को जांचने के उद्देश्य से दिल्ली-एनसीआर में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देश पर 'अभ्यास सुरक्षा चक्र' मॉक डिल का आयोजन किया जा रहा है। यह पहली बार होगा कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), भारतीय सेना, दिल्ली सरकार एक साथ मॉकड्रिल कर रही हैं। इस मॉकड्रिल के लिए दिल्ली सरकार ने 55 जगहों पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। जिनके नेतृत्व में यह मॉकड्रिल का आयोजन होगा। डीडीएमए दिल्ली के 11 जिलों में 55 जगहों यह अभ्यास चलाया जाएगा। यह बहु-राज्यीय, बहु-एजेंसी अभ्यास दिल्ली-एनसीआर में अब तक आयोजित सबसे बड़े तैयारी अभ्यासों में से एक है और इसका उद्देश्य भूकंप और औद्योगिक रासायनिक खतरों जैसी बड़ी आपदाओं के लिए समन्वय और प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत करना है। इस अभ्यास में आज एक किसी बड़े भूकंप की स्थिति में प्रतिक्रिया का अनुकरण किया जाएगा। यह अभ्यास एनसीआर के सभी 18 प्रतिभागी जिलों में एक साथ आयोजित किया जाएगा। एनडीएम ने इन क्षेत्रों के निवासियों को सलाह दी है कि वे घबराएं नहीं। अभ्यास के दौरान आपातकालीन वाहनों की आवाजाही में वृद्धि, सड़कों पर एम्बुलेंस, अग्निशमन वाहन, पुलिस वाहन और सेना के ट्रकों की सामान्य से अधिक उपस्थिति देखने को मिलेगी। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), सशस्त्र बल, नागरिक सुरक्षा और अन्य एजेंसियों के कर्मियों को विभिन्न स्थानों पर तैनात किया जाएगा।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023/ 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **(1) राहुल शर्मा पुत्र** स्व० सुभाष चंद शर्मा **निवासी** डी–235ए, गली नं०–12, दशरथपुरी, नई दिल्ली **(2) पारस गुलाटी पुत्र** पवन गुलाटी **निवासी** सी–162, गली नं०–6ए, दशरथपुरी, पालम डाबरी रोड, नई दिल्ली, ने **CC No. 48099/2016, U/S 325/341/34 IPC, पुलिस स्टेशन सागरपुर, दक्षिण–पश्चिम जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त मिल नहीं रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 48099/2016, U/S 325/341/34 IPC, पुलिस स्टेशन सागरपुर, दक्षिण–पश्चिम जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **(1) राहुल शर्मा (2) पारस गुलाटी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.09.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री ईशा सिंह**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03, कमरा नं०–18,**
**मुख्य भवन, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/10117/SW/2025**
**(Court Matter)**

## वाहनों की लगी लंबी कतारें, जलभराव से फिर राजधानी हुई जाम

# लगातार तीसरे दिन दिल्ली में झमाझम बरसा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बेशक उमस व भीषण गर्मी से राहत मिल रही हो, लेकिन लगातार तीसरे दिन झमाझम बारिश ने दिल्ली का जाम नगर बनाने में कोई कमी नहीं छोड़ी। गुरुवार को तीसरे दिन हुई बारिश से एक बार फिर दिल्ली के कई क्षेत्रों में एक से दो फुट तक पानी खड़ा हो गया। हालात यह हो गए कि कई जगह वाहनों की लंबी कतारें लगने से जाम के हालात पैदा हो गए। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के आंकड़ों के अनुसार सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच दिल्ली में सबसे ज्यादा बारिश पालम में 79 मिमी, दर्ज की गई। जबकि दूसरे नंबर पर नजफगढ़ में 61 मिमी और तीसरे नंबर पर आया नगर में 51 मिमी पानी बरसना दर्ज हुआ। इसके अलावा सफदरजंग में 16.6 मिमी, लोधी रोड में 9.3 मिमी, रिज एरिया में 34 मिमी, राजघाट में 9.8 मिमी, पूसा में 9.0 मिमी और मयूर विहार में 6.5 मिमी बारिश दर्ज हुई। जबकि शाम साढ़े पांच बजे के बाद का आंकड़ा खबर लिखे जाने तक नहीं मिल पाया। बारिश की वजह से लगातार जाम व जलभराव ने नई नवेली रेखा गुप्ता सरकार को भी बैकफुट पर ला दिया है। मानसून पूर्व दिल्ली की नई नवेली सरकार व पहली बार सीएम बनी रेखा गुप्ता ने बढ़ चढ़कर दावे किए कि इस बार मानसून में कहीं जल भराव देखने को भी नहीं मिलेगा। दिनरात नालों नालियों की सफाई करते नजर आए, गाद के ढेर सड़कों गलियों में लगे रहे। ऐसा लगा जैसे वाकई इस बार दिल्ली जलभराव से अछूती रहेगी। लेकिन इस बार तो बारिश के आते ही पहले से अधिक जलभराव देखने को मिला। रेखा सरकार के लिए इस बारिश में सबसे बडी उपलब्धि अगर कुछ है तो वह है जलभराव का पर्याय बन चुके मिंटो ब्रिज में जलभराव न होना। इस मानसून में बारिश अभी अपनी सीमा के अंदर ही है, पूरी दिल्ली में एक साथ बरस भी नहीं रहा है। बावजूद इसके जहां जहां भी बारिश हो रही है, थोड़ी देर में ही सड़के गलियां तालाब बन रही है। जिसमें फंसने से वाहनों को मिनटों के सफर में घंटो लग रहे है।



### बारिश ने धोया वायु प्रदूषण

**नई दिल्ली।** लगातार तीन दिनों से हो रही झमाझम बारिश से इन दिनों राजधानी दिल्ली की हवा पहाड़ों जैसी खुलकर सांस लेने लायक बहने लगी है। अभी इसमें और सुधार की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार दिल्ली की हवा में लगातार सुधार हो रहा है। गुरुवार 31 जुलाई 2025 को दिल्ली का वायु प्रदूषण सूचकांक (एक्यूआई) घटकर 60 दर्ज हुआ जो संतोषजनक श्रेणी में आता है। इसी प्रकार कई पहाड़ी क्षेत्रों का एक्यूआई 60 व इससे नीचे रहता है। इसलिए कहा जा सकता है कि इस समय दिल्ली की हवा खुलकर सांस लेने के लिए बेहतरीन है। अधिकांश लोग बिना किसी समस्या के अपनी बाहरी गतिविधियां जारी रख सकते हैं। हालांकि, वायु प्रदूषण के प्रति संवेदनशील लोगों को खांसी या सांस लेने में मामूली तकलीफ जैसी अनुभव हो सकता है। आंकड़ों के अनुसार जहां 31 जुलाई 2025 को एक्यूआई 60 दर्ज हुआ है। वहीं यह ठीक एक दिन पहले यानी 30 जुलाई को भी 60 ही दर्ज हुआ था। जबकि इससे पहले 29 जुलाई को 88 एक्यूआई, 28 जुलाई को 66 एक्यूआई, 27 जुलाई को 90 एक्यूआई, 26 जुलाई को 100 एक्यूआई और 25 जुलाई, 2025 को दिल्ली का एक्यूआई 121 दर्ज हुआ था जो मध्यम श्रेणी में आता है। दिल्ली में गत दस वर्षों में सबसे साफ व स्वच्छ हवा कोरोना महामारी के दौरान देखने को मिली थी उस समय एक्यूआई 40 से भी नीचे दर्ज हुआ था।

**मुख्यमंत्री विकास निधि**

## विधायक अपने निर्वाचन क्षेत्रों में करवा सकते हैं कामः रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के विधायक मुख्यमंत्री विकास निधि से अपने निर्वाचन क्षेत्रों में विकास के काम करवा सकेंगे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को दिल्ली में विकास कार्यों की गति बढ़ाने, उसमें अधिक पारदर्शिता लाने और आर्थिक व्यवधान को दूर करने के लिए इस निर्णय समेत निर्माण से जुड़ी परियोजनाओं को लेकर ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब कार्य शुरू होते ही प्रोजेक्ट की कुल राशि की आधी धनराशि जारी कर दी जाएगी। बाकी 50 प्रतिशत धनराशि कार्य पूरा होने पर जारी कर दी जाएगी। वहीं अब क्षेत्रीय विधायक अपने फंड से दिल्ली नगर निगम से भी विकास के काम करा सकेंगे। इसके अलावा अब निर्माण कार्यों के लिए दिल्ली दर अनुसूची (डीएसआर)- 2023 को लागू कर दिया गया है। मुख्यमंत्री का कहना है कि इन निर्णयों से तेजी से विकास कार्य होंगे और राजधानी आसानी से 'विकसित दिल्ली' की ओर अग्रसर होगी। इन निर्णयों से संबंधित एजेंसियों पर बेवजह का बोझ घटेगा, साथ ही निर्माण कार्य करने वाली कंपनियों को आर्थिक परेशानियों से छुटकारा भी मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले कई सालों से दिल्ली में निर्माण कार्य नहीं हो रहे थे, या उनकी गति धीमी थी, जिसके चलते राजधानी की हालात बुरी हो गई थी। हमारी सरकार ने आते ही विकास कार्यों की गति तेज करने के प्रयास शुरू किए। मुख्यमंत्री के अनुसार इसके लिए वह लगातार संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर रही थीं, उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी विचार-विमर्श किया और निर्माण करने वाली कंपनी व कॉन्ट्रैक्टरों से भी समस्याएं जानीं और लगातार समीक्षा की। जिसके बाद निर्माण कार्य से जुड़े कुछ नियमों में बदलाव किया गया।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री विकास निधि योजना के तहत 2025-26 में दिल्ली सरकार के योजना विभाग को 1400 करोड़ रुपये का बजट दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिन विधायकों को अपने क्षेत्र में किसी विकास कार्य के लिए धनराशि की आवश्यकता होगी, वह अब इस निधि से राशि ले सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

### यादव ने एलजी व मेयर को पत्र लिख की जर्जर स्कूलों पर कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और महापौर सरदार इकबाल सिंह को पत्र लिखकर दिल्ली नगर निगम के जर्जर स्कूलों की हालत पर चिंता व्यक्त करते हुए तुरंत कार्यवाही की मांग की है। यादव ने निगम के 1500 से अधिक प्राथमिक स्कूलों की जर्जर हालत पर तुरंत संज्ञान लेने की आवश्यकता है। क्योंकि इन स्कूलों में गरीबों के मासूम बच्चों की जिंदगी के जीवन से खिलवाड़ हो रहा है। यादव ने बताया कि 30-50 वर्ष पुराने भवनों में चल रहे 1500 में से करीब 1185 स्कूलों में पढ़ने वाले लगभग 7.8 लाख छात्रों का जीवन बेहद संकट में है। गत 16 जुलाई को स्थाई समिति की बैठक में स्कूलों की जर्जर हालत और स्कूल भवनों में पानी भरने का मामला उठाया गया, परंतु कोई ठोस निर्णय सामने नही आया। दिल्ली निगम क्या राजस्थान के झालावाड़ जिला के पीपलोदी गांव के स्कूल जैसे हादसे का इंतजार कर रहा है, जहां स्कूल की छत गिरने पर 7 बच्चों की मौत हो गई। यादव ने कहा कि इस वर्ष निगम स्कूलों के लिए 1693 करोड़ से अधिक बजट का प्रावधान है जो पिछले वर्ष के बजट से 48.2 करोड़ अधिक है।

### डीडीए लाया पिकलबॉल टूर्नामेंट, सिरी फोर्ट कॉम्प्लेक्स में होगा आयोजन

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) खेल प्रेमियों के लिए पिकलबॉल टूर्नामेंट का आयोजन करने जा रहा है। जिसके लिए डीडीए ने संबंधित खेल प्रेमियों को आमंत्रित किया है कि वह आए और पिकलबॉल टूर्नामेंट में शामिल होकर इस आयोजन का हिस्सा बने। प्राप्त जानकारी अनुसार डीडीए सिरी फोर्ट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आगामी 17, 23 और 24 अगस्त को पिकलबॉल टूर्नामेंट का आयोजन करेगा। इसके लिए डीडीए ने कहा है कि इसमें शामिल होने के लिए बेहद आसान सी प्रक्रिया द्वारा अपना पंजीकरण कर सकते है। जानकारी अनुसार पिकलबॉल टूर्नामेंट में एकल, युगल और मिश्रित युगल श्रेणी में मुकाबले होंगे। भाग लेने के लिए आयु वर्ग 18 वर्ष से 50 वर्ष आयु तक के लोग अपने हाथ आजमा सकते है। पता दें कि टेनिस और बैडमिंटन काम ला जुला रूप अगर किसी को कहे तो वह है पिकलबॉल। भारत में इस खेल को खेलने वालों में फिल्मी कलाकार व निर्माता निर्देशक करण जौहर, हिरोइन अनुष्का शर्मा आदि जैसी हस्तियां शामिल है।

## केजरीवाल की गत वर्ष की विफलता पर जवाब से बौखला गए हैं भारद्वाज : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में जिस तरह भाजपा सरकार ने जलभराव की समस्या को काबू कर तेजी से जल निकासी सुनिश्चित की है और जनता अरविंद केजरीवाल की गत वर्ष की विफलता पर जवाब मांग रही है उससे पूर्व मंत्री एवं आम आदमी पार्टी के दिल्ली अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज बौखला गये हैं। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने गुरूवार को सौरभ भारद्वाज को लेकर यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा है कि विगत 10 साल में अरविंद केजरीवाल सरकार के दिल्ली जल बोर्ड एवं लोक निर्माण विभाग लूट का अड्डा बन गये थे और डी-सिल्टिंग मलाईदार कमाई का खेल जिसके चलते 2018 में एक नागरिक संगठन ने दिल्ली उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की। केजरीवाल सरकार ने इस याचिका को लम्बे समय तक टलवाया और 2024 में अंततः न्यायालय ने जब डी-सिल्टिंग ऑडिट का आदेश दिया तो सौरभ भारद्वाज जैसे मंत्री ने डीसिलटिंग करवाने की जिम्मेदारी खुद पर नहीं ली, उल्टा इस आदेश को अधिकारियों पर आक्षेप लगाने का माध्यम बना लिया।

### डी-सिल्टिंग 2015 से 2018 के बीच भी नहीं हुई

सचदेवा ने कहा है कि डी-सिल्टिंग ऑडिट के नाम बयानबाजी कर रहे सौरभ भारद्वाज बताएं कि आज वह 2024 में डी-सिल्टिंग ना करने का आरोप अधिकारियों पर लगा रहे हैं पर डी-सिल्टिंग तो 2015 से 2018 के बीच भी नहीं हो रही थी तभी तो 2018 में उच्च न्यायालय में याचिका दायर हुई। सचदेवा ने कहा कि सौरभ भारद्वाज दिल्ली वालों को बतायें कि 2015 से ही दिल्ली में उनकी सरकार ने डीसिलटिंग के नाम पर इतना भ्रष्टाचार क्यों किया।

### अब हॉट एयर बैलून आसमान से दिखाएगा दिल्ली के नजारे, एलजी ने दी मंजूरी

नई दिल्ली। आपने अभी तक हवाई जहाज या हेलीकॉप्टर से दिल्ली नहीं देखी है तो आपके लिए नई सवारी हॉट बेलून लाए जा रहे है जिनमें बैठकर आप आराम से राजधानी का एरियल (आसमानी) नजारा देख सकते है। इसके लिए उपराज्यपाल व दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) अध्यक्ष विनय कुमार सक्सेना ने हरी झंडी दे दी है। इस बारे में डीडीए ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि एलजी सक्सेना ने दिल्ली के लोगों को बहुत जल्द और पहली बार हॉट एयर बैलून की सवारी करते हुए दिल्ली की प्राकृतिक सुंदरता का आनंदित होने की पहल की है। एलजी के दिशा निर्देशों के अनुसार डीडीए ने इस परियोजना के लिए एक एजेंसी का चयन कर लिया है। परियोजना के साकार होने से राष्ट्रीय राजधानी और इसके मनमोहक सुंदर व विभिन्न आयामों वाले प्राकृतिक दृश्यों के इको-टूरिज्म, मनोरंजनात्मक गतिविधियों और अनूठे एरियल दृश्य को देखने को मौका मिलेगा। एलजी सक्सेना के मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण में इस पूरी अवधारणा की परिकल्पना गई है जो अब धरातल पर उतरने की ओर अग्रसर हुई है। डीडीए का कहना है कि हॉट एयर बैलून परियोजना यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, कॉमनवेल्थ गेम्स स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, यमुना तट पर असिता और बांसेरा में शुरू होगी। चयनित कंपनी को यह कार्य प्रथम तीन वर्षों के लिए सौंपा गया है, जिसे अधिकतम नौ वर्षों तक बढ़ाया भी जा सकता है। हॉट एयर बैलून के संचालन के लिए एजेंसी को प्रत्येक स्थल पर 3600 वर्ग मीटर (60 बाई 60 मीटर) जगह डीडीए की तरफ से उपलब्ध कराई जाएगी। डीडीए का कहना है कि इस परियोजना के लिए संबंधित एजेंसी अगले दो महीने में कार्य करना शुरू कर देगी।

**मशक्कत...**



**नई दिल्ली।** यमुना नदी में मछली पकड़ने के लिए जाल बिछाता मछुआरा।

### आवारा कुत्तों के काटने पर दिल्ली सरकार दे मुआवजा : गोयल

नई दिल्ली। आवारा कुत्तों के काटने पर नागरिकों को मुआवजा दिया जाए। पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने गुरूवार को प्रेस वार्ता में अपनी पांच प्रमुख मांगें सरकार के सामने रखते हुए यह बातें कहीं। जिसमें अन्य चार मांगों में उन्होंने कहा कि एक टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाए जहां कुत्तों के काटने की शिकायत दर्ज कराई जा सके। सड़कों पर आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वालों पर जुर्माना और एफआईआर दर्ज की जाए। आवारा कुत्तों की जनगणना का कार्य तुरंत शुरू किया जाए, ताकि सटीक संख्या के आधार पर कार्ययोजना बने। दिल्ली सरकार, एबीसी (एनीमल बर्थ कन्ट्रोल) नियमों में संशोधन के लिए केंद्र सरकार को पत्र लिखे, और दिल्ली नगर निगम को पर्याप्त मानव बल और फंड मुहैया कराए जाएं। जानकारी के अनुसार पिछले एक वर्ष से आवारा कुत्तों के काटने के खिलाफ लगातार अभियान चला रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने गुरूवार को दिल्ली सरकार और नगर निगम से सड़कों पर आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वालों के खिलाफ जुर्माना लगाने और एफआईआर दर्ज करने की मांग की। गोयल ने महाराष्ट्र हाई कोर्ट के हालिया आदेश का हवाला देते हुए कहा कि मुंबई में कबूतरों को दाना डालना जन स्वास्थ्य के लिए खतरा माना गया और बीएमसी ने 107 लोगों से 500 रुपए के हिसाब से 57 हजार रुपए का जुर्माना वसूला है। साथ ही कोर्ट ने अब दाना डालने वालों पर एफआईआर के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम में समन्वय भी जरूरी है।

## एबीवीपी का अनिश्चितकालीन धरना ग्यारहवें दिन भी जारी

### जब तक मांगे नहीं मानी जाएंगी तब तक जारी रहेगा धरना : एबीवीपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




छात्र हित संबंधित विभिन्न मांगों को लेकर 21 तारीख से चल रहे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का अनिश्चितकालीन धरना ग्यारहवें दिन भी जारी है। एबीवीपी दिल्ली के प्रदेश मंत्री सार्थक शर्मा ने गुरूवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि छात्र एवं कार्यकर्ता भारी बारिश में प्रशासन के खिलाफ़ मोर्चा खोलकर धरना स्थल पर डटे हुए हैं और अपनी आवाज़ को बुलंद कर रहे हैं। एबीवीपी का स्पष्ट मत है कि हमारी सारी मांगें जब तक नहीं मानी जाएंगी तब तक हम ऐसे ही धरना स्थल पर बैठे रहेंगे तथा इस आंदोलन और तेज करेंगे।

एबीवीपी दिल्ली के प्रदेश मंत्री सार्थक शर्मा ने कहा कि आज हमारे धरने का ग्यारहवां दिन है। दिल्ली विश्वविद्यालय प्रशासन की यह चुप्पी केवल और केवल उसकी संवेदनहीनता को उजागर करती है। यह प्रशासन पूरे तरीके से छात्र विरोधी हो चुका है। छात्र हितों की लगातार अनदेखी अब बर्दाश्त से बाहर हो चुकी है। हम प्रशासन को चेतावनी देते हैं कि यदि जल्द ही हमारी सभी मांगों को नहीं माना गया, तो हम इस आंदोलन को दिल्ली विश्वविद्यालय के हर कॉलेज तक ले जाएंगे और इसे एक व्यापक छात्र आंदोलन का रूप देंगे। एबीवीपी हर छात्र की आवाज़ है और हम अपने अधिकारों की यह लड़ाई हर हाल में जीतेंगे।

## आज से शुरू हो रहा है 'दिल्ली को कूड़े से आजादी अभियान'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में आज शुक्रवार से पूरे महीने चलने वाला 'दिल्ली को कूड़े से आजादी अभियान' शुरू हो रहा है। 1 अगस्त से 31 अगस्त तक शुरू होने वाले इस अभियान के तहत पहले दो दिन सभी सरकारी विभागों को साफ-सफाई की जाएगी। इस दौरान सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने अपने विभागों को साफ करेंगे। दिल्ली के पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने गुरुवार को ट्वीट कर दिल्ली के सभी लोगों से इस अभियान में सहभागिता की अपील की है। उन्होंने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि दिल्ली को कूड़े से आजादी-हर दिल्लीवासी का अभियान, आज 1 अगस्त से 31 अगस्त तक, पूरी दिल्ली एकजुट होकर स्वच्छता का एक बड़ा जनआंदोलन शुरू कर रही है। आइए, हम सब मिलकर संकल्प लें, अपनी गली, अपनी कॉलोनी, अपने शहर को साफ और सुंदर बनाएं। इस अभियान में आपका योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। साथ मिलकर हम एक स्वच्छ, स्वस्थ और खुशहाल दिल्ली बना सकते हैं।

दिल्ली सरकार धूल प्रदूषण से निपटने के लिए कनॉट प्लेस और खान मार्केट में जल्द बिजली के खंभों पर 'मिस्ट स्प्रेयर' लगाएगी। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि इस पहल के तहत 24 सड़कों और भीड़-भाड़ वाले कई अन्य क्षेत्रों को कवर किया जाएगा जिस पर 19 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आएगी तथा इसे तीन चरणों में लागू किया जाएगा।

### 30 से अधिक कंपनियों ने छात्रों को नौकरी के अवसर किए प्रदान

## रोजगार मेले में शिक्षा मंत्री सूद ने छात्रों का बढ़ाया हौसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा गुरुवार को रोहिणी स्थित सर्वोदय विद्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में 30 से अधिक कंपनियों जैसे एचसीएम, हल्दीराम, सिटीकार्ट, नवगुरुकुल, टेक महिंद्रा आदि ने छात्रों को नौकरी के अवसर प्रदान किए। इस रोजगार मेले में दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंच कर बच्चों को हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक राजकुमार चौहान शिक्षा सचिव, शिक्षा निदेशक और बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावक उपस्थित थे। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने रोजगार देने वाली कंपनियों के प्रतिनिधियों से विस्तार से चर्चा की और इसके साथ-साथ उन्होंने बच्चों से भी संवाद किया कि कैसे वह इन कंपनियों के साथ मिलकर अपना भविष्य सवारेंगे और समाज की मुख्यधारा से अपने आप को जोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि आप सबको इतनी बड़ी तादाद में देखकर मन अत्यंत प्रसन्न होता है। और प्रसन्नता इस बात की भी होती है कि धीरे-धीरे वक़्त बदल रहा है। वक़्त इसलिए बदल रहा है कि अब हुनर के अनुसार सही अवसर, योग्यता और प्रतिभा मिलनी शुरू हो गई है। शिक्षा मंत्री सूद ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल एक प्लेसमेंट ड्राइव नहीं, बल्कि यह इस बात का प्रतीक है कि दिल्ली के सरकारी विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा ने कितनी प्रगति की है और दिल्ली सरकार आने वाले समय में किस तरह से हर छात्र को सम्मानजनक और संभावनाओं से भरा भविष्य देने के लिए प्रतिबद्ध है। सूद ने उपस्थित छात्रों से कहा कि जब आप इन सरकारी स्कूलों से बारहवीं पास करके यूनिवर्सिटी में जाएंगे, तो वहां के गैजेट से, वहां की टेक्नोलॉजी से आप बिल्कुल अनभिज्ञ नहीं होंगे।

### दिल्ली को मिलेगी कूड़े से आजादी : महापौर

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली को साफ़-सुथरा और कचरा मुक्त बनाने के लिए दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने ऐतिहासिक पहल करते हुए 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' नाम से एक विशेष स्वच्छता अभियान की शुरुआत की है। यह महा-अभियान 1 अगस्त से 31 अगस्त 2025 तक चलेगा। एमसीडी के सभी 12 जोन इस अभियान में एकजुट होकर हिस्सा ले रहे हैं। दिल्ली के महापौर सरदार राजा इक़बाल सिंह ने गुरूवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अभियान सिर्फ एक सफाई मुहिम नहीं, बल्कि 'जन भागीदारी से चलने वाला जन आंदोलन' है। इस अभियान के ज़रिए दिल्ली के हर नागरिक को स्वच्छता के प्रति जागरूक और जिम्मेदार बनाने का प्रयास किया जा रहा है। महापौर ने बताया कि यह अभियान इसलिए भी जरूरी गन गया है क्योंकि दिल्ली में बढ़ते कचरे और अव्यवस्थित अपशिष्ट प्रबंधन ने स्वच्छता के साथ-साथ पर्यावरण और नागरिक स्वास्थ्य को भी खतरे में डाल दिया है। इस अभियान के ज़रिए न सिर्फ कचरे में कमी लाने का लक्ष्य है, बल्कि 'लंबी अवधि के लिए साफ-सफाई की आदतें' विकसित करने का भी प्रयास है।

# अब वर्ल्ड क्लास साइकिलिस्ट तैयार करेगा मानव रचना एजुकेशन इंस्टीट्यूट

## मानव रचना ने साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के साथ एमओयू साइन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

देश-विदेश के छात्रों को विश्व स्तरीय आधुनिक शिक्षा उपलब्ध करवाने के मामले में कई मील के पत्थर स्थापित करने के बाद अब मानव रचना एजुकेशन इंस्टीट्यूट ने भारत को वर्ल्ड क्लास साइकिलिस्ट उपलब्ध करवाने की योजना बनाई है। इस योजना के तहत मानव रचना एजुकेशन इंस्टीट्यूट ने साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के साथ एमओयू साईन किया। मानव रचना की ओर से इंस्टीटयूट के वाइस प्रैसीडेंट डॉ. अमित भल्ला तथा साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव मनिंदर पाल सिंह ने हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर मानव रचना स्पोर्टस एकेडमी के निदेशक सरकार तलवार महाप्रबंधक अगम तलवार, डॉ. नितेश मल्होत्रा तथा सीएफआई से मनिंदर पाल सिंह, नीरज तंवर और वीएन सिंह शामिल थे। अमित भल्ला ने कहा कि मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज और साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने बुधवार को एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किए। इस करार के तहत देश की पहली संरचित साइक्लिंग कोचिंग अकादमी (सीएफआई-मानव रचना) साइक्लिंग कोचिंग अकादमी की स्थापना की जाएगी। इस साझेदारी का उद्देश्य भारत में साइक्लिंग शिक्षा को पेशेवर रूप देना, सुरक्षा को बढ़ावा देना और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए युवा प्रतिभाओं को तैयार करना है। इस अकादमी में निम्नलिखित पाठ्यक्रम और कार्यक्रम शामिल होंगे। यूसीआई मानकों पर आधारित लेवल 1 से 3 तक की कोचिंग सर्टिफिकेशन। 18 महीने का डिप्लोमा इन साइक्लिंग कोचिंग एंड स्पोर्ट्स साइंस सेफ साईकिल कार्यक्रम, जो साइक्लिंग सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देगा। कोच, मैकेनिक, इवेंट डायरेक्टर और तकनीकी विशेषज्ञों के लिए करियर के नए रास्ते खोलेगें।



### यह कदम भारतीय साइक्लिंग के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा

एमआर के उपाध्यक्ष डॉ. अमित भल्ला ने कहा कि यह साझेदारी हमारे उस दृष्टिकोण का हिस्सा है जिसमें शिक्षा और खेल विज्ञान के माध्यम से बदलाव लाया जा सकता है। सीएफआई के महासचिव मनिंदर पाल सिंह ने कहा कि यह कदम भारतीय साइक्लिंग के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। यह पहल भारत को साइक्लिंग शिक्षा और कोचिंग के क्षेत्र में वैश्विक मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

---

## खबर संक्षेप

### टास्क के नाम पर 4 लाख 30 हजार रुपए की ठगी



**फरीदाबाद।** टेलीग्राम टास्क के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में एक खाताधारक को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना सैंट्रल में सेक्टर-18 फरीदाबाद निवासी एक महिला ने शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया कि 26 नवम्बर 2024 को उसे व्हाट्सएप पर घर बैठे पैसे कमाने बारे मैसेज प्राप्त हुआ। फिर ठगों ने उसके पास एक लिंक भेज और उसे टेलिग्राम ग्रुप से जोड़ा दिया।

### धोखाधड़ी करने के मामले में 3 पकड़ाएं



**फरीदाबाद।** निवेश के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में साइबर थाना एनआईटी की टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साइबर थाना एनआईटी में एनआईटी-3 फरीदाबाद निवासी ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि इंस्टाग्राम चलाते समय एक ट्रेडिंग कंपनी की एड देखी जिसमें निवेश करके मुनाफा कमाने के बारे में बताया था। लालच में आकर साइट पर अपना मोबाल नबंर अपडेट किया निवेश करने के बारे कहा।

### चोरी के वाहन खरीदने वाला आरोपी धराया



**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त अपराध मुकेश कुमार के मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखाओं द्वारा लगातार अपराधियों पर कार्रवाई की जा रही है, इसी क्रम में अपराध शाखा एवीटीएस की टीम ने चोरी के वाहन खरीदने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर चोरीशुदा 15 मोटरसाईकिल व 6 स्कूटी बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराध शाखा एवीटीएस ने कार्रवाई करते हुए सलीम वासी जमालगढ़, पुन्हाना को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि वह चोरी की मोटरसाईकिल खरीद कर राजस्थान व मेवात में बेचता है।

---

### डीसी सिंह ने कहा- रात्रि प्रवास कार्यक्रम बना जनसंवाद का सेतु

# समाज, परिवार और बच्चों को नशे से बचाना हम सबकी जिम्मेदारीः आयुक्त गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन फरीदाबाद ने बुधवार की सायं जिला के गांव बहादरपुर में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया। डीसी विक्रम सिंह व पुलिस आयुक्त सत्येंद्र कुमार गुप्ता ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याएं सुनी और उनका मौके पर समाधान किया। इस दौरान गांव के सरपंच भी मौजूद रहे।

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार आमजन से सीधे संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से रात्रि प्रवास कार्यक्रम के तहत आज पूरा प्रशासन स्वयं आपके द्वार आपकी समस्याएं सुनकर उनका निपटान करने के लिए यहां मौजूद है। उन्होंने कहा कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित जनसंवाद बैठक में भारी बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति यह दर्शाती है कि सरकार की यह पहल आमजन के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। आप सभी का यहां उपस्थित होना यह प्रमाणित करता है कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम से आमजन को वास्तविक लाभ मिल रहा है। यह प्रदेश सरकार का एक सार्थक और जनकल्याणकारी प्रयास है, जिससे प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हो रहा है। सर्वप्रथम डीसी विक्रम सिंह ने गांव वासियों को बधाई देते हुए बताया गया कि आगामी 15 अगस्त को उनके गांव को स्वच्छता एवं समग्र रखरखाव में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सम्मान पूरे गांव के सामूहिक प्रयास और जागरूकता का परिणाम है, जो अन्य ग्रामों के लिए भी प्रेरणा का कार्य करेगा।



#### अभिभावकों अपने बच्चों की निगरानी जरूर रखे

*कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त सत्येंद्र कुमार गुप्ता ने नशा मुक्त फरीदाबाद बनाने पर जोर देते हुए अभिभावकों से कहा कि वह भी स्वयं अपने बच्चों की निगरानी जरूर रखें, बच्चों को समझाएं कि नशा न केवल शरीर का नाश करता है बल्कि जीवन को तबाह कर देता है। नशा समाज और देश के लिए घातक है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल की गतिविधियों में भाग लेने के लिए भी प्रेरित करें। उन्होंने गांव में भाईचारा बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम में एक-दूसरे की सुरक्षा को बनाये रखने व आपराधिक गतिविधियों को रोकने में आगे आने की शपथ भी दिलाई गई।*

#### नशे से दूर रहने का दिया संदेश

डीसी ने ग्रामीणों द्वारा प्रशासन के समक्ष रखी गई मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे गांव के विकास में अपना योगदान दें। गांव के विकास में प्रत्येक नागरिक की भूमिका होनी चाहिए। डीसी विक्रम सिंह ने लिंगानुपात सुधार जोर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे को अपने गांव में जीवन्त करके दिखाए और गांव के लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश देने के साथ-साथ उन्होंने कहा कि यदि गांव में किसी व्यक्ति द्वारा ड्रग्स बेचे जाने की जानकारी मिलती है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस या जिला प्रशासन को दें ताकि समय रहते उस पर ठोस कार्रवाई की जा सके।

#### बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं अभियान में 8 माह की बालिका का जन्मदिन मनाया

*रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों एवं गांव की सरदारी की ओर से सभी का फूल माला पहनाकर और पगड़ी बांधकर अधिकारियों का स्वागत किया गया। महिला एवं बाल विकास परियोजना ग्रामीण बल्लभगढ़ द्वारा कार्यक्रम के दौरान बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को जनमानस से जोड़ने के उद्देश्य से गांव की ही 8 माह की बालिका का जन्मदिन केक काटकर उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस भावनात्मक पहल ने कार्यक्रम में एक नया आयाम जोड़ा और यह संदेश दिया कि बेटियां समाज की सामूहिक जिम्मेदारी हैं तथा उन्हें समान स्नेह और सम्मान मिलना चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम में सीईओ जिला परिषद शिखा, एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज, डीडीपीओ प्रदीप कुमार, डीआरओ विकास सहित समस्त ग्रामवासी और सभी विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।*

---

### नगर निगम मुख्यालय में करंट उतरा, मची अफरा तफरी

## गाजियाबाद में कई घंटों हुई बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, लोग परेशान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में बुधवार-गुरुवार की रात में कई घंटे तक लगातार हुए भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। गाजियाबाद नगर निगम के नवयुग मार्केट स्थित मुख्यालय में बिजली का करंट उतर आया। जिस कारण वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इतना ही नहीं स्टाफ भी निगम कार्यालय के बाहर हैं। हालांकि कर्मचारी फाल्ट को ठीक करने में लगे हैं। बारिश के कारण जहां पूरा गाजियाबाद की सड़कें जलमग्न हो गयी, वहीं क्रॉसिंग रिपब्लिक इलाके के सुशांत एक्वापोलिस, अंसल टाउनशिप, क्रासिंग रिपब्लिक के पास अंसल प्लाजा सोसाइटी में नाले के पानी से सड़क धस गई है। सड़क धसने से 8 से 10 गाड़ियां जमीन के अंदर धंस गई है। रात्रि में करीब तीन बजे हुए इस हादसे के बाद सुशांत लोक अपार्टमेंट के लोग क्रेन बुलाकर खुद ही गाड़ियों को निकलवा रहे हैं। इनका कहना है कि संबंधित विभागों को कई बार संपर्क किया गया लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। वहीं सिद्धार्थ विहार स्थित प्रतीक ग्रैंड में भी पानी भर गया है। इसके अलावा बारिश के कारण निचले इलाकों में लोगों के घरों में पानी भर गया है। कई इलाकों में बिजली की आपूर्ति भी बाधित हुई।

### 85 सीटों के लिए प्राप्त हुए 625 आवेदन

## गुरुग्राम यूनिवर्सिटी में ओपन काउंसलिंग एडमिशन में उछाल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के इंजीनियरिंग कोर्सों में कटऑफ के बाद खाली रही सीटों पर मंगलवार को ओपन काउंसलिंग हुई। जिसके तहत एडमिशन में उछाल देखने को मिला। बीटेक इन साइबर सिक्योरिटी, एआई, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग समेत अन्य कोर्सों में कुछ ही सीटें खाली बची हुई हैं। मंगलवार को यूनिवर्सिटी में छात्रों की भारी उपस्थिति दर्ज की गई। इसके बाद डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए बनाई गई कमेटियों ने छात्रों के डॉक्यूमेंट की जांच की। इंजीनियरिंग विभाग से प्रोफेसर श्याम सुंदर त्यागी ने बताया कि बीटेक इन कंप्यूटर साइंस, बीटेक इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बीटेक इन इंटरनेट ऑफ थिंग्स, बीटेक इन साइबर सिक्योरिटी और बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग की खाली सीटों पर ओपन काउंसलिंग की गई है। इन कोर्सों में खाली सीटों की कुल संख्या 85 है। जबकि इनमें 625 छात्रों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। मेरिट के आधार पर छात्रों को दाखिला मिलेगा। अगर सीटें खाली रहती हैं।

---

# वन विभाग का 15 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य जल्द पूरा होगाः विधायक शर्मा

### स्कूलों में अभी तक किए गए पौधारोपण की करेंगे समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

विधायक पं. मूलचंद शर्मा ने कहा है कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बल्लभगढ़ में 15000 पौधे लगाए जा रहे हैं यह अभियान लगात जारी है, वन विभाग के अलावा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण फरीदाबाद भी अपने 8 हजार पौधे लगाने के कार्य में लगा हुआ है।

उन्होंने कहा कि कल सरकारी कार्यालयों में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। विधायक पं. मूलचंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से कहा कि स्वच्छ वातावरण बनाने के लिए पौधे लगाने अति आवश्यक हैं ताकि आने वाली पीढ़ियां को स्वच्छ वातावरण मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में भी पौधे लगाने का अभियान चल रहा है और इसमें पूरी रिपोर्ट भी स्कूलों से ली जाएगी कि वहां पर अभी तक कितने पौधे लगाए गए। वातावरण को स्वच्छ बनाने पौधारोपण अति आवश्यक बल्लभगढ़ में चहुंमुखी विकास को लेकर लगातार काम किया जा रहा है साथ ही वातावरण भी स्वच्छ रहे इसको लेकर पौधारोपण करना अति आवश्यक है। बल्लभगढ़ में विकास को लेकर किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी।



### जागरूकता कक्षा का आयोजन किया गया

## राजकीय वरिष्ठ शाला एनआईटी-5 में एसपीसी कक्षा का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पुलिस आयुक्त फरीदाबाद के निर्देशानुसार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी-नंबर-5 में स्टूडेंट पुलिस कैडेट (एसपीसी) कार्यक्रम के अंतर्गत एक जागरूकता कक्षा का आयोजन किया गया। महिला सुरक्षा, नशा मुक्ति एवं आत्म अनुशासन पर छात्रों को किया गया जागरूक। इस अवसर पर उपस्थित एसपीसी कैडेट्स को नशा मुक्त भारत अभियान, महिला सुरक्षा, नैतिक एवं सामाजिक जिम्मेदारियां तथा आत्म अनुशासन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संवादात्मक शैली में जानकारी प्रदान की गई। कक्षा का उद्देश्य छात्रों में सामाजिक चेतना का विकास करना एवं उन्हें एक जिम्मेदार, अनुशासित एवं संवेदनशील नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा संबंधित विषयों पर प्रश्न पूछकर सक्रिय सहभागिता दिखाई। यह सत्र न केवल छात्रों के ज्ञानवर्धन का माध्यम बनाए बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।



### एनसीआरटीसी ने वितरित किए सहायक एवं उद्यमिता उपकरण

**गाजियाबाद।** एनसीआरटीसी ने गुरुवार को एक कार्यक्रम में दिव्यांगजनों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सहायक और उद्यमिता उपकरणों का वितरण किया। इस कार्यक्रम का आयोजन जापान फंड फॉर प्रॉस्पेरस एंड रेजिलिएंट एशिया एंड द पैसिफिक (जेएफपीआर) के तहत एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर एनसीआरटीसी की निदेशक (वित्त) श्रीमती नमिता मेहरोत्रा और एडीबी की कंट्री हेड सुश्री मियो ओका समेत एनसीआरटीसी और एडीबी के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। इस पहल के तहत दिव्यांगजनों को 108 व्हीलचेयर वितरित की गई।

---

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अजय, पुत्रः जोगिंदर, पताः म. नं. 89, पिंक अपार्टमेंट, उपवन अपार्टमेंट, शाहबाद डेयरी, सेक्टर–28, रोहिणी, दिल्ली** ने **FIR No. 1252/2017, U/s 356/379/411 IPC, पुलिस थाना मंगोल पुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अजय** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त दानिश **अजय** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **FIR No. 1252/2017, U/s 356/379/411 IPC, पुलिस थाना मंगोल पुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **अजय** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.09.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री रीतिका जैन
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
उत्तर–पश्चिम, कमरा नं. 105, पहली मंजिल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/10072/OD/2025

**डेल्टन केबल्स लिमिटेड**
CIN: L31300DL1964PLC004255
पंजी. कार्यालय : डेल्टन हाउस, 4801, भरत राम रोड, 24, दरियागंज, नई दिल्ली–110002
Website : www.deltoncables.com, E-mail: secretarial@deltoncables.com
Phone No.: 0129-4523000

**शेयरधारकों को सूचना**

**फिजिकल शेयरों के हस्तांतरण आग्रहों के पुनः प्रस्तुतीकरण करने हेतु स्पेशल विंडो**

सेबी सरकुलर नं. SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 दिनांक 02 जुलाई 2025 के अनुसरण में, कम्पनी शेयरों के हस्तांतरण हेतु पुनः जमा करवाने / पुनः प्रस्तुतीकरण आग्रहों के लिए फिजिकल शेयरधारकों को एक बारगी स्पेशल विंडो पेश करने के लिए प्रसन्न है। **यह स्पेशल विंडो 07 जुलाई 2025 से 06 जनवरी 2026 तक खुली है और विशेषतः उन मामलों के लिए लागू है जहां मूल शेयर हस्तांतरण आग्रह 01 अप्रैल 2019 से पूर्व दायर किए गए थे, और दस्तावेजों / प्रक्रिया / अथवा अन्यथा में कमी की वजह से निरस्त कर दिये गये / वापस लौटा दिये गये / ध्यान नहीं दिया गया।**

हस्तांतरण हेतु पुनः प्रस्तुत किए गए शेयरों पर इस अवधि के दौरान केवल डिमैटीरियलाइज्ड रूप में कार्यवाही की जाएगी। पात्र शेयरधारक अपने हस्तांतरण आग्रहों के साथ-साथ अपेक्षित दस्तावेज कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) को मै. बीटल फाइनैंशियल एंड कम्प्यूटर सर्विसेज (पी) लि. (यूनिट : डेल्टन केबल्स लिमिटेड) पर बीटल हाउस, तृतीय तल, 9 मदनगीर, लोकल शॉपिंग सेंटर के पीछे, निकट दादा हरसुखदास मंदिर, नई दिल्ली-110062 में जमा करवा सकते हैं।

कृते डेल्टन केबल्स लिमिटेड
हस्ता/-
जितेन्द्र कुमार
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
एसीएस नं. : 30349

दिनांक : 31 जुलाई 2025
स्थान : फरीदाबाद

---

# विश्व मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस पर फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

### कार्यक्रम में हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य सुमन राणा बतौर मुख्य अतिथि रहीं उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

विश्व मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस के अवसर पर हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, जिला बाल संरक्षण इकाई फरीदाबाद एवं गैर-सरकारी संगठन शक्ति वाहिनी के संयुक्त तत्वावधान में फरीदाबाद रेलवे स्टेशन परिसर में एक सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आयोग की सदस्य सुमन राणा ने भाग लिया। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मानव तस्करी जैसी गंभीर सामाजिक समस्या के प्रति समाज को जागरूक करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज के कमजोर वर्गों विशेषकर बच्चों और महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम हैं। कार्यक्रम के उपरांत सुमन राणा ने फरीदाबाद स्थित एक बाल देखभाल संस्थान का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान संस्थान की कार्यप्रणाली और बच्चों की देखभाल व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। इसके साथ ही उन्होंने ओल्ड रेड लाइट क्षेत्र में कूड़ा बीनती एक नाबालिग बच्ची को देखकर तत्परता दिखाते हुए स्थानीय पुलिस की सहायता से उसका रेस्क्यू कराया, जो बाल सुरक्षा के प्रति उनकी संवेदनशीलता और सक्रियता को दर्शाता है। बाल संरक्षण अधिकारी गरिमा सिंह तोमर ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और आमजन से अपील की कि यदि बच्चों से संबंधित किसी भी प्रकार की शोषण, तस्करी या असुरक्षा की स्थिति हो तो वे तुरंत हेल्पलाइन नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 या 18001027222 पर संपर्क करें या जिला बाल संरक्षण इकाई फरीदाबाद कार्यालय में आकर अपनी समस्या या शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इन माध्यमों से तुरंत सहायता एवं सुरक्षा सुनिति की जाती है।




### डॉ. कृष्ण लाल एक दिवसीय दौरे पर फरीदाबाद पहुंचे

## हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. मिड्ढा ने फरीदाबाद का दौरा किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर फरीदाबाद पहुंचे। उनका यह दौरा आगामी 14 अगस्त को जिले में आयोजित होने वाले विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों एवं कार्यक्रम स्थल के निरीक्षण के उद्देश्य से हुआ। यह राज्य स्तरीय कार्यक्रम हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति में आयोजित किया जाएगा। डॉ. मिड्ढा ने अपने दौरे के दौरान सेक्टर-16 स्थित अनाज मंडी एवं एनआईटी दशहरा ग्राउंड का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम की तैयारी से संबंधित विभिन्न पहलुओं का जायजा लिया।

डॉ. मिड्ढा ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रदेश की जनता को विभाजन की त्रासदी और उससे जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं की स्मृति दिलाने का कार्य करेगा तथा आगामी पीढ़ियों को इतिहास से जोड़ने में सहायक सिद्ध होगा।

निरीक्षण के दौरान उनके साथ बल्लभगढ़ के विधायक एवं पूर्व मंत्री मूलचंद शर्मा, बड़खल विधायक धनेश अधलखा, एनआईटी विधायक सतीश फागना, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, पूर्व शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा आदि शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### शशि प्रकाश गोयल यूपी के नए मुख्य सचिव



**लखनऊ।** योगी सरकार ने शशि प्रकाश गोयल को यूपी का नया मुख्य सचिव बनाया है। मौजूदा मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह रिटायर हो गए हैं। उन्हें सेवा विस्तार नहीं मिल सका है। मनोज कुमार का स्थान एसपी गोयल लेंगे। एसपी गोयल 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इस समय वह प्रदेश के सबसे वरिष्ठ अधिकारी भी हैं। एसपी गोयल को मुख्य सचिव के पद पर लंबा कार्यकाल मिल रहा है।

### यूपी में 15 पीपीएस अधिकारी इधर से उधर



**लखनऊ।** यूपी में 15 पीपीएस अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां दी गई हैं। महेश सिंह अत्रि को अपर पुलिस अधीक्षक मऊ से इसी पद पर मुरादाबाद भेजा गया है। डॉ. अर्चना सिंह को अपर पुलिस अधीक्षक पीएसी मुख्यालय से अपर पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट कानपुर नगर में तैनाती मिली है। धर्मेन्द्र सचान को मुख्य सुरक्षा अधिकारी नागरिक उड्डयन एयरपोर्ट लखनऊ से अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय भेजा गया है।

### असीम अरुण के विभाग में महिला से छेड़छाड़



**लखनऊ।** यूपी में समाज कल्याण विभाग के मुख्यालय में महिला कर्मी के छेड़खानी का मामला सामने आया है। महिला कर्मी ने मंत्री के निजी सचिव पर छेड़खानी का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। मामला जब मंत्री असीम अरुण तक पहुंचा तो उन्होंने खुद पुलिस को बुलाया और निजी सचिव को पुलिस के हवाले कर दिया। थाने में मुकदमे की कार्रवाई चल रही है।

## योगी बोले- तुलसीदास अकबर के नहीं, श्रीराम के हुए

# गुलामी के युग में भक्ति व शक्ति से जाग्रत रखी जनचेतना

सीएम योगी ने चित्रकूट में कहा कि तुलसीदास ने अकबर का दरबारी कवि बनना नहीं स्वीकार किया। उन्होंने अपना जीवन प्रभु श्रीराम के चरणों में समर्पित कर दिया। उस समय अकबर के नवरत्नों में शामिल होने की होड़ मची हुई थी।

एजेंसी ⏭ चित्रकूट

धार्मिक नगरी चित्रकूट में संत तुलसीदास के जयंती समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 500 वर्ष पूर्व जब इस गांव की स्थिति शायद साधनों के अभाव और कठिनाइयों से ग्रस्त रही होगी, ऐसे समय में एक दिव्य आत्मा ने जन्म लिया और बाल्यावस्था में ही प्रभु श्रीराम के चरणों में स्वयं को समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि उस कालखंड में जब अकबर का साम्राज्य विस्तार पर था और दरबार में जगह पाने की होड़ थी, तब तुलसीदास जी ने रामबोला के रूप में खुद को किसी दरबारी की सेवा में नहीं बल्कि केवल प्रभु श्रीराम की भक्ति में समर्पित किया।

### चित्रकूट में रामचरितमानस के दर्शन किए



*योगी ने कहा कि जब देश के राजे-रजवाड़े विदेशी आक्रांता की अधीनता स्वीकार कर रहे थे, उस समय तुलसीदास जैसे संत भक्ति और शक्ति के अद्भुत संगम के रूप में जनचेतना को जाग्रत कर रहे थे। उन्होंने प्रतिकार का मार्ग तलवार नहीं, रामलीला और रामचरितमानस के माध्यम से चुना। मुख्यमंत्री ने उस समय की राजनीतिक चालबाजियों की ओर भी संकेत किया। उन्होंने कहा कि अकबर ने अपने शासन का एक सॉफ्ट चेहरा प्रस्तुत किया, पर उसके पीछे की क्रूरता आज भी हमें दिखती है। संतों की परंपरा उस समय भी दृढ़तापूर्वक उसका प्रतिकार कर रही थी। मुख्यमंत्री ने इस ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम में आमंत्रित किए जाने पर जगतगुरु रामभद्राचार्य जी और पूज्य मुरारी बापू के प्रति कृतज्ञता प्रकट की।*

### रामकथा प्रचारकों को तुलसी व रत्नावली अवार्ड से सम्मानित

कार्यक्रम में रामकथा के प्रचारकों को तुलसी अवार्ड व रत्नावली अवार्ड से सम्मानित किया गया। चित्रकूट की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वही धरती है जहां ऋषि-मुनियों ने तप किया, जहां भगवान श्रीराम ने अपने वनवास का सबसे लंबा समय बिताया। यह वही धरती है जिसने रामायण और रामचरितमानस जैसे ग्रंथों की रचना की आधारभूमि प्रदान की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पूज्य संतों के दर्शन के लिए हम यहां आ सके, यह हमारा सौभाग्य है। संत तुलसीदास जी की स्मृति को जीवित रखने के लिए पूज्य मुरारी बापू द्वारा किया गया प्रयास सराहनीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में चित्रकूट को विरासत के साथ विकास से जोड़ने का कार्य प्रारंभ हो चुका है। यह स्थान केवल एक ऐतिहासिक स्थल नहीं, बल्कि लाखों श्रद्धालुओं की आस्था और प्रेरणा का केंद्र है।

## स्कूलों के विलय पर यूपी सरकार ने बदला फैसला

# अब एक किमी से दूरी वाले, 50 से अधिक विद्यार्थियों वाले स्कूल का नहीं होगा विलय

यूपी में स्कूलों के विलय पर योगी सरकार का बड़ा फैसला आया है। अब एक किलोमीटर से अधिक दूरी वाले तथा 50 की संख्या से अधिक बच्चों वाले स्कूलों का विलय नहीं होगा। अगर इन दोनों मानकों के विपरीत किसी स्कूल की पेयरिंग हो चुकी है तो वह पेयरिंग समाप्त

एजेंसी ⏭ लखनऊ

यूपी में स्कूलों के विलय पर योगी सरकार का बड़ा फैसला आया है। अब एक किलोमीटर से अधिक दूरी वाले तथा 50 की संख्या से अधिक बच्चों वाले स्कूलों का विलय नहीं होगा। अगर इन दोनों मानकों के विपरीत किसी स्कूल की पेयरिंग हो चुकी है तो वह पेयरिंग समाप्त किया जाएगा। यह प्रक्रिया एक सप्ताह के भीतर पूरी की जाएगी। योगी सरकार के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने गुरुवार को मीडिया से चर्चा करते हुए इस बात की जानकारी दी है।

विलय हो चुकी है तो वह एक सप्ताह के भीतर समाप्त कर दिया जाएगा

विलय को लेकर विपक्ष पर भ्रम फैलाने का आरोप भी लगाया



### स्कूल विलय का निर्णय छात्र और प्रदेश हित में

बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री ने कहा कि शिक्षकों के समायोजन की भी प्रक्रिया को पूर्ण किया गया है। 20182 शिक्षकों की सहमति से समायोजन किया गया है। पेयरिंग को लेकर यदि किसी माता-पिता या अभिभावक को कोई समस्या है अथवा असुविधा हो रही है तो वे अपने जिले में बीएसए ऑफिस में इसके लिए बनी विशेष सेल में अपनी समस्याओ को दर्ज कर सकते हैं। अगले 1 सप्ताह के भीतर उनकी समस्या का निराकरण किया जाएगा। कहा कि स्कूल मर्जर का निर्णय छात्र और प्रदेश हित में है। प्रदेश में नई शिक्षकों की भर्ती नहीं रुकेगी। जल्द ही तय छात्र-शिक्षक अनुपात को पूरा करने के लिए आवश्यक शिक्षक भर्ती भी करेंगें।

### विलय से शिक्षक भर्ती की प्रक्रिया नहीं रुकने वाली

मंत्री संदीप सिंह ने दावा किया है कि 2017 के बाद प्रदेश की प्राइमरी शिक्षा में काफी सुधार आया है। उन्होंने कहा कि 2017 से पूर्व प्रदेश में बेसिक शिक्षा की हालत बहुत खराब थी जिसमें अब बड़े स्तर पर सुधार किया गया है। उन्होंने विरोधी दलों पर स्कूल पेयरिंग के नाम पर भ्रांतियां व अफवाह फैलाने का भी आरोप लगाया और कहा कि शिक्षकों का एक भी पद समाप्त नहीं होगा। शिक्षकों के सभी स्वीकृत पद किसी कीमत पर समाप्त नहीं होंगे। हम हर बच्चे को क्वालिटी एजुकेशन देना चाहते हैं। प्रदेश का एक भी स्कूल बंद नहीं होंगे। भविष्य में छात्र अधिक होने पर इन स्कूलों का उपयोग होगा। खाली स्कूलों में प्री प्राइमरी एजुकेशन के लिए बाल वाटिका का संचालन होगा।

## फुलवारी शरीफ थाना में एफआईआर

# पटना एम्स में विधायक चेतन आनंद से मारपीट

एजेंसी ⏭ पटना

राजधानी पटना में विधायक चेतन आनंद के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। चेतन आनंद बुधवार की रात अपने समर्थकों के साथ किसी मरीज को देखने पटना एम्स पहुंचे थे। इसी दौरान एम्स में तैनात गार्ड और जूनियर डॉक्टरों से उनका विवाद हो गया।

गौरतलब है कि विधायक चेतन आनंद पूर्व सांसद मोहन के पुत्र है उनकी गार्ड ने पिटाई कर दी। बताया जा रहा है कि विधायक अपने समर्थकों के साथ हथियार लेकर अंदर जा रहे थे। जिसको लेकर तैनात गार्ड ने उन्हें रोका इसी बात पर दोनों की बहस हो गई और विधायक को गार्ड ने पिटाई कर दी। बता दें कि पिटाई करने में कुछ एम्स कर्मी भी शामिल है। विधायक ने इस संबंध में अभी फुलवारी शरीफ थाना में एक आवेदन भेजा है।



### समर्थकों के साथ मरीज से मिलने गए थे

बताया जा रहा है कि चेतन आनंद अपने समर्थकों के साथ मरीज से मिलने गए थे। इसी दौरान अस्पताल के गार्ड के साथ विधायक और समर्थकों की कहासुनी हो गई। जिसके बाद ये विवाद पैदा हो गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### एम्स प्रशासन जांच शुरू की

विधायक ने आरोप लगाया कि सुरक्षाकर्मी ने न सिर्फ उनके साथ बदसलूकी की, बल्कि मारपीट भी की। इस संबंध में उन्होंने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। मामले की जांच जारी है और एम्स प्रशासन ने भी घटना की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद अस्पताल परिसर में हल्का तनाव देखा गया।

## पेज एक का शेष

### देश पर 'हिंदू आतंकवाद'...

की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए थे। सभी आरोपी वर्तमान में जमानत पर रिहा थे। 19 अप्रैल 2025 को अंतिम दलीलें पूरी होने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस मामले में एक आरोपी को तो 2011 में जमानत मिल गई थी, लेकिन छह आरोपी आठ साल तक जेल में बंद रहे और उन्हें 2017 में जमानत मिली। गौर हो कि इन धमाकों के बाद कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने एक नया मुहावरा गढ़ा था- हिंदू या भगवा आतंकवाद का। एक लंबा वक्त तक कांग्रेस वोट बैंक व तुष्टिकरण के लिए इस मुहावरे का इस्तेमाल करता रहा। पर, इस फैसले के बाद यह साफ हो गया है कि हिंदू या भगवा आतंकवाद कुछ नहीं है। आतंकवाद का कोई रंग या कोई धर्म नहीं होता है। साफ है कि इस फैसले के बाद देश पर भगवा आतंकवाद थोपने की साजिश पूरी तरह से फेल हो गई। एक तरफ जहां तरफ भाजपा नेताओं ने इस फैसले का स्वागत किया। साथ ही 'भगवा आतंकवाद' के मुद्दे पर विपक्ष को आड़े हाथ लेना शुरू कर दिया है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस फिर से इस फैसले को चुनौती देने की बात पर जोर दे रही है। कर्नल पुरोहित ने कहा कि उन्हें इस मामले में फंसाया गया है। वे पहले की तरह और उसी जोश के साथ देश की सेवा करते रहेंगे। कोई भी जांच एजेंसी गलत नहीं होती, इन एजेंसियों में काम करने वाले लोग ही गलत होते हैं। यह देश महान है. हमें ध्यान रखना चाहिए कि गलत लोग न उठें और हम जैसे लोगों को तकलीफ न पहुंचाएं।

**अदालत ने जांच प्रक्रिया में कई खामियों को रेखांकित किया:** -घटनास्थल से फिंगरप्रिंट नहीं लिए गए

-मोटरसाइकिल का चेसिस नंबर रिकवर नहीं हुआ, और यह साबित नहीं हुआ कि बाइक साध्वी प्रज्ञा के नाम पर थी

-धमाके के बाद पंचनामा ठीक से नहीं किया गया, जिसके कारण सबूतों में गड़बड़ी हुई

-विशेषज्ञों ने घटनास्थल से सबूत इकट्ठा करने में लापरवाही बरती

**साध्वी प्रज्ञा को जेल में ये दी गईं यातनाएं...अंधेरे रूम में बेल्ट से पिटाई, नीले पड़े हाथ-पैर, निर्वस्त्र कर लटकाने की धमकी:** 2018 में साध्वी प्रज्ञा ने अपनी जेल यात्रा के भयावह अनुभव साझा किए, जिन्हें सुनकर हर कोई सन्न रह गया। उन्होंने बताया कि मुझे एटीएस ने 13 दिन तक एक छोटे, अंधेरे कमरे में बंद रखा। पहले दिन से ही बेल्ट से पिटाई शुरू हुई। मेरे हाथ-पैर नीले-काले पड़ गए। मैं एक गिलास पानी भी नहीं पकड़ पाती थी। जेल अधिकारी मुझे गालियां देते थे।

उन्होंने मुझे उल्टा लटकाने और निर्वस्त्र करने की धमकी दी। यह बात कहना मेरे लिए आसान नहीं, लेकिन मैंने जो सहा, वह कोई बहन न सहे। मुझे 24 दिन तक बिना रुके पीटा गया। जब वे थक जाते, तो गालियां देते। मुझे सोने नहीं दिया जाता था, ताकि मैं मानसिक रूप से टूट जाऊं। पिटाई से मेरे हाथों से खून निकलने का डर होता था, तो वे गर्म पानी में नमक डालकर मेरे हाथ डुबोते थे, ताकि फिर से पीट सकें। साध्वी ने दावा किया कि पूछताछकर्ता उनसे यह कबूल करवाना चाहते थे कि उन्होंने बम धमाका किया और मुसलमानों की हत्या की। उन्होंने कहा कि वे मुझसे कहते थे कि मैं आतंकवादी हूं, संघ आतंकी संगठन है। मुझे अहसास हुआ कि हिंदुत्व को निशाना बनाया जा रहा है। वे चाहते थे कि मैं योगी आदित्यनाथ और संघ नेताओं को फंसाऊं। जेल में तीन नार्को टेस्ट, तीन पॉलीग्राफ टेस्ट, और तीन ब्रेन-मैपिंग टेस्ट किए गए, जिनमें उनके शरीर में रसायन डाले गए। इन टेस्ट्स की वजह से मुझे ब्रेस्ट कैंसर हुआ। साध्वी ने यह भी कहा कि एटीएस ने एनकाउंटर के बहाने उन्हें मारने की कोशिश की।

**दिग्विजय सिंह के सुर बदले... कहा-किसी भी धर्म को आतंकवाद से जोड़ना ठीक नहीं:** साध्वी प्रज्ञा को मालेगांव ब्लास्ट में बरी किए जाने के बाद कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के सुर बदल गए। उन्होंने कहा कि न आतंकवाद होता है और न ही मुसलमान आतंकवादी होता है। उन्होंने कहा कि किसी भी धर्म को आतंकवाद से जोड़ना ठीक नहीं है। हर धर्म प्रेम, अहिंसा, सद्भाव का प्रतीक होते हैं। न आतंकवादी हिंदू हो सकता है ना मुसलमान। कुछ ही लोग होते हैं जोकि धर्म को नफरत की तरह हथियार बनाते हैं। उन्होंने सफाई देते हुए ये भी कहा कि मैंने भगवा आतंकवाद नहीं 'संघी आतंकवाद' कहा था। बता दें कि साल 2018 में सामाजिक कार्यकर्ता गौरी लंकेश की हत्या के बाद दिग्विजय सिंह ने कहा था कि जितने भी लोग इस मामले में पकड़े गए हैं, वो हिंदू धर्म वाले आतंकवादी पकड़े हैं। दरअसल, 2018 में भाजपा ने आरोप लगाया है कि मालेगांव ब्लास्ट के बाद गलत तरीके से साध्वी प्रज्ञा और कर्नल पुरोहित जैसे लोगों को फंसाया गया और हिंदू आतंकवाद और भगवा आतंकवाद जैसे शब्द गढ़े गए।

**क्या है मामला ?... बम धमाके में 6 की मौत, 100 घायल:** 29 सितंबर 2008 को महाराष्ट्र के मालेगांव में रमजान के पवित्र महीने और नवरात्रि से ठीक पहले हुए बम धमाके में छह लोगों की मौत हो गई थी और 100 से अधिक लोग घायल हुए थे। इस मामले की शुरुआती जांच महाराष्ट्र एटीएस ने की थी, लेकिन 2011 में इसे एनआईए को सौंप दिया गया। एक दशक से अधिक समय तक चले मुकदमे में 323 गवाहों से पूछताछ की गई, जिनमें से 34 अपने बयानों से पलट गए।

**क्या महाराष्ट्र सरकार चुनौती देगी:** एआईएमआईएम प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने फैसले को निराशाजनक बताया और पूछा कि क्या महाराष्ट्र सरकार 2006 के मुंबई विस्फोटों के हालिया फैसले की तरह इस फैसले को चुनौती देगी। उन्होंने एक्स पर केंद्र सरकार पर एक आरोपी को सांसद बनाने का आरोप लगाते हुए एजेंसियों की 'दोषपूर्ण जांच' के लिए जवाबदेही की मांग की।

### कांग्रेस का न्याय विरोधी...

पुनः उजागर करता है, जिसने 'भगवा आतंकवाद' जैसा मिथ्या शब्द गढ़कर करोड़ों सनातन आस्थावानों, साधु-संतों और राष्ट्रसेवकों की छवि को कलंकित करने का अपराध किया है। कांग्रेस को अपने अक्षम्य कुकृत्य को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करते हुए देश से माफी मांगनी चाहिए।

### हिंदू कभी आतंक ...

गढ़ा गया- 'हिंदू आतंकवाद'। भाजपा नेता ने कहा कि हिंदू और आतंक दो विपरीत अवधारणाएँ हैं। हिंदू कभी आतंक में विश्वास नहीं करते और हिंदू कभी आतंकवादी नहीं हो सकते। मेरे लिए - यह अत्यंत संतोष की बात है कि केंद्रीय गृह मंत्री ने संसद में जो कुछ भी कहा, आज मुंबई की एक अदालत ने भी हिंदू आतंक की अवधारणा को ध्वस्त कर दिया और जो भी 'हिंदू आतंक' के नाम पर आरोपी थे, सभी आरोपियों को बरी कर दिया गया।

### भारत अपने राष्ट्रीय ...

कि 'भारत अपने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए तमाम जरूरी कदम उठाएगा'। सरकार हालिया घटनाक्रम से होने वाले प्रभावों का आकलन कर रही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय निर्यातकों और उद्योग सहित सभी हितधारकों से बातचीत कर इस विषय पर उनके विश्लेषण की जानकारी एकत्रित कर रहा है। हमारे किसानों, श्रमिकों, उद्यमियों, निर्यातकों, एमएसएमई और उद्योग जगत के तमाम भागीदारों के हितों की रक्षा और संवर्धन को केंद्र महत्व देता है।

25 फीसदी टैरिफ का भारत पर असरः अमेरिकी राष्ट्रपति के 25 फीसदी टैरिफ ऐलान से देश के कपड़ा (टेक्सटाइल्स), ऑटोमोबाइल्स, लेदर, रत्न और आभूषण, इलेक्ट्रानिक्स, खाद्य-कृषि उत्पाद, तेल-गैस और फार्मा सेक्टर से जुड़ी हुई चीजों के निर्यात पर असर पड़ेगा। जिसके अमेरिका में महंगा होने की संभावना है। भारत के अलावा अमेरिका ने चीन पर 30 फीसदी, फिलीपींस पर 19 फीसदी, इंडोनेशिया पर 19 फीसदी, वियतनाम 20 फीसदी, जापान पर 15 फीसदी, ब्रिटेन पर 10 फीसदी और यूरोपीय संघ (ईयू) पर 15 फीसदी टैरिफ लगाने की बात कही है।

दुनिया में सबसे ज्यादा भारत का टैरिफः ट्रंपः डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रूथ सोशल पर एक नए पोस्ट में भारत और रूस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि भारत, रूस के साथ क्या करता है, उनके बीच रिश्ते हैं? दोनों अपनी मरी या डूबी हुई अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ नीचे ले जा सकते हैं। अमेरिका ने भारत के साथ बहुत कम व्यापार किया है। लेकिन उनके टैरिफ दुनिया में सबसे ज्यादा हैं। आंकड़ों के हिसाब से भारत का टैरिफ 100 से 150 फीसदी तक है। जिससे अमेरिका को भारी व्यापारिक नुकसान हो रहा है। ट्रंप ने भारत को ब्रिक्स देशों का हिस्सा बताते हुए समूह को अमेरिका विरोधी गठबंधन करार दिया। 25 फीसदी टैरिफ और रूसी तेल खरीद पर जुर्माना लगाने के मामले पर उन्होंने कहा कि हम भारत से बात कर रहे हैं। देखते हैं कि क्या होता है? पूर्व में उन्होंने कहा था कि भारत हमारा मित्र है, लेकिन बीते कुछ वर्षों में उनके ऊंचे टैरिफ की वजह से हमारा उनसे व्यापार काफी कम हुआ है। भारत रूस से सर्वाधिक तेल खरीदता है। जो यूक्रेन युद्ध के समय पर ठीक नहीं है।

### समझाया पारस्परिक टैरिफ...

महीने यानी 90 दिनों के लिए स्थगित कर दिया था। बाद में 1 अगस्त 2025 तक इससे जुड़ी समयसीमा को आगे बढ़ा दिया गया था।

### वैश्विक विकास में 16 फीसदी...

मेहनत के बल पर हम 11 वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से दुनिया की शीर्ष 5 अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन गए हैं। यह भी अपेक्षित है कि हम कुछ ही वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं और अर्थशास्त्री भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक ब्राइट स्पॉट के रूप में देखते हैं। ग्लोबल डेवलपमेंट में हम 16 फीसदी योगदान दे रहे हैं। बीते दशक में सरकार ने भारत को विश्व के विनिर्माण केंद्र के रूप में बढ़ावा देने के लिए मेक इन इंडिया के तहत कई परिवर्तनकारी कदम उठाए हैं। देश के युवा कुशल और प्रतिभाशाली वर्कफोर्स की नवाचार और प्रतिस्पर्धा की क्षमता को लगातार मजबूत कर रहे हैं। पिछले 11 वर्षों में हमारे निर्यात में लगातार वृद्धि हुई है।

### 'डेड इकॉनोमी' का समर्थन...

सच्चाई है। मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। भाजपा नेताओं राहुल गांधी पर प्रहार करते हुए कहा, बार-बार विदेशी नेताओं के बयानों को भारत के खिलाफ राहुल गांधी हथियार की तरह इस्तेमाल करते हैं, जो देश की गरिमा के खिलाफ है। राहुल गांधी ने साबित कर दिया कि वे सिर्फ मोदी विरोधी नहीं, बल्कि भारत विरोधी भी हैं। जब देश एक विदेशी नेता की अनुचित आलोचना का जवाब देने की बजाय खड़ा होता है, राहुल गांधी उसी आलोचना का समर्थन कर देश की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाते हैं।

### आशय ट्रंप का समर्थन...

भारत बेहतर गति से आग बढ रहा है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि भारत की अर्थव्यवस्था में कई चुनौतियां हैं, लेकिन उसे डेड कहना अतिशयोक्ति है। प्रो. अरुण कुमार, अर्थशास्त्री, ने कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था में सुस्ती जरूर है, लेकिन वह मृत नहीं है। विदेशी नेताओं की राजनीति में की गई टिप्पणियों को ज्यादा गंभीरता से नहीं लेना चाहिए।

### पाकिस्तान में कौन सा तेल ...

अभी इस साझेदारी का नेतृत्व करने वाली तेल कंपनी का चुनाव कर रहे हैं। कौन जाने किसी दिन वो भारत को भी तेल बेचे? बताते चलें कि पाकिस्तान अपने समुद्री तट के आसपास के क्षेत्र में काफी समय से तेल के बड़े भंडार होने का दावा करता रहा है। लेकिन उसके सामने मामले पर आगे बढ़ने में सबसे बड़ी चुनौती इससे जुड़ी पूरी प्रक्रिया में आने वाला अत्यधिक खर्च की है। जो अकेले उठा पाना पाकिस्तान के लिए असंभव है।

### अब यूपीआई पेमेंट...

फेस आईडी या फिंगरप्रिंट से भुगतान की पुष्टि की जा सकेगी, पिन दर्ज करने की जरूरत नहीं होगी। वर्तमान में, यूपीआई भुगतान के लिए 4 से 6 अंकों का पिन डालना होता है। यह एक सुरक्षा परत के रूप में कार्य करता है, लेकिन कई बार यह प्रक्रिया को धीमा कर देता है। विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए यह एक बाधा बन सकती है, जिन्हें डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करना कठिन लगता है।

**बायोमीट्रिक प्रमाणीकरण से क्या होगा लाभ ?:** बायोमीट्रिक प्रमाणीकरण जैसे फिंगरप्रिंट या फेस आईडी से भुगतान को केवल शरीर की विशेषताओं के आधार पर मंजूरी मिल सकेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह सुविधा उन लोगों के लिए डिजिटल भुगतान को और अधिक सुलभ और सुरक्षित बनाएगी, जिन्हें पासवर्ड याद रखना या स्मार्टफोन इस्तेमाल करना मुश्किल लगता है। ऑटो-डेबिट ट्रांजैक्शन जैसे कि ईएमआई या सब्सक्रिप्शन भुगतान अब केवल सुबह 10 बजे से पहले या रात 9:30 बजे के बाद ही प्रोसेस होंगे। इससे सर्वर पर लोड कम होगा और ट्रांजैक्शन में देरी नहीं होगी। कोई भी उपयोगकर्ता अपने मोबाइल नंबर से लिंक बैंक अकाउंट की जानकारी सिर्फ 25 बार प्रतिदिन ही निकाल सकेगा। पेंडिंग ट्रांजैक्शन की स्थिति एक दिन में केवल 3 बार और वह भी हर बार 90 सेकंड के अंतराल के साथ ही चेक की जा सकेगी।

### बिप्लब देब ने अपनी...

मीडिया पर प्रधानमंत्री के फोटो साझा की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि 'आज का दिन मेरे लिये बहुत गर्व और यादगार पलों वाला रहा। अपनी पूज्य माताजी के साथ यशस्वी एवं विश्वप्रसिद्ध नेता, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मिलने का सौभाग्य मिला।' देब ने आगे लिखा कि हर बार की तरह प्रधानमंत्री जी की सादगी, दूर की सोच और देश के प्रति उनका समर्पण हमें बहुत प्रेरणा देता है। उनसे मिलकर मन को आत्मबल और नई ऊर्जा मिलती है। प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रदर्शित इस आत्मीय परिवार भाव हेतु मैं अपनी हार्दिक कृतज्ञता प्रकट करता हूँ।

## एम्स, देवघर में बोलीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

# भगवान ने जनसेवा के लिए भेजा है, काम में क्लीनिकल पर व्यवहार में सिंपेथेटिक रहिए



एजेंसी ⏭ रांची/देवघर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एम्स, देवघर के पहले दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में डिग्री हासिल करने वाले डॉक्टर्स को समाज और देश के प्रति उनके कर्तव्य का बोध कराया। साथ ही इस संस्थान से जुड़ी अपनी यादें साझा की। उन्होंने इस बात पर संतोष जताया कि संस्थान में बेटियों की संख्या छात्रों की तुलना में करीब करीब बराबर हो गई है। उन्होंने पहले दीक्षांत समारोह में उपाधियां और पदक पाने वाले 2019 बैच के विद्यार्थियों से आशा जताई कि वे एक महान मेडिकल ट्रेडिशन के ध्वजवाहक बनेंगे।

### अपने व्यवहार में सिंपेथेटिक रहिए

*राष्ट्रपति ने कहा कि एम्स में प्रवेश पाना और यहां शिक्षा प्राप्त करना इस बात की गारंटी माना जाता है कि आप एक कुशल डॉक्टर बन गए हैं। आपको एक कुशल डॉक्टर के साथ-साथ एक अच्छा डॉक्टर भी बनना है। एक अच्छा डॉक्टर को शार्प क्लिनिकल सेंस के साथ साथ सेंसिटिव कम्यूनिकेशन की क्षमता भी होनी चाहिए। हम सबने देखा है कि कुछ डॉक्टर ऐसे होते हैं, जिनसे परामर्श के बाद मरीज और उनके परिवारजन बेहतर महसूस करते हैं। आप डायग्नोसिस या सर्जरी में पूरी तरह क्लीनिकल रहिए, लेकिन अपने व्यवहार में क्लीनिकल मत रहिए। अपने व्यवहार में सिंपेथेटिक रहिए। भगवान ने आपको जनसेवा के लिए भेजा है।*

# अपने आश्वासन पर खरी उतरे सरकारः मायावती

एजेंसी ⏭ लखनऊ

अमेरिकी टैरिफ को लेकर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने केंद्र सरकार को निशाने पर लिया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि उम्मीद है कि अमेरिकी टैरिफ को लेकर केंद्र सरकार अपने आश्वासन पर खरी उतरेगी। बसपा सुप्रीमो ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि 'मित्र' देश बताने के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारतीय आयात पर 1 अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क तथा रूस से तेल आयात करने पर पेनाल्टी लगाने की घोषणा की गई है।

इस नई चुनौती को केंद्र सरकार अवसर एवं आत्मनिर्भरता में बदलकर देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित नहीं होने देगी। इसको लेकर देश को दिए गए इस आश्वासन पर कि 'किसान, छोटे व मंझोले उद्योग और राष्ट्रहित से कोई समझौता नहीं करेगी', इस पर खरी उतरकर दिखाएगी। उन्होंने आगे कहा कि भारत गरीबों और मेहनतकश लोगों का देश है।

वे दोस्त ही होते हैं, जो पग-पग पर हमारा साथ देते हैं। खुशी हो तो साथ आकर खुशियां दुगनी कर देते हैं, दुख हो तो बांट कर कम कर देते हैं। कैसी भी समस्या हो, साथ देकर उसे खत्म कर देते हैं। दोस्ती हर बच्चे के लिए अनमोल उपहार होती है।



# प्यारे दोस्त प्यारी दोस्ती

फीलिंग्स
मोनिका शर्मा

बच्चो, क्लास मिस हो जाने पर एक्टिविटीज की इंफॉर्मेशन देने की बात हो या शाम को गली में खेलने के लिए तुम्हारा इंतजार करना हो या फिर कभी अगर तुम्हें चोट लग जाए तो तुम्हें सहारा देकर घर पहुंचाना हो या फिर क्लास में अपने टिफिन में तुम्हारी पसंद का खाना लाना हो। इतना ही नहीं, टीचर की डांट पड़ने पर इशारों-इशारों में 'इट्स ओके' का रिएक्शन देना हो या स्कूल बस में सीट रोकने की बात हो। तुम्हारे लिए ये सब कौन करता है? तुम्हारे फ्रेंड्स न! ऐसी लविंग-केयरिंग, शेयरिंग वाली एक्टिविटीज के पीछे एक प्यारा-सा रिलेशन होता है- फ्रेंडशिप। फ्रेंड्स एक-दूसरे के लिए इतने स्पेशल होते हैं कि उनके लिए कुछ एक्स्ट्रा करने का मन करता ही है। तभी तो दोस्ती को दुनिया का सबसे प्यारा रिश्ता कहा गया है।



## दोस्ती में ऊंच-नीच नहीं होता



दोस्ती में फन भी होता है और फेवर भी। शिकायतें भी होती हैं और परवाह भी। मिलकर मस्ती करने वाले इस प्यारे जुड़ाव में दोस्त की मदद करने की सोच भी बहुत गहरी होती है। दोस्ती में कोई ऊंच-नीच भी नहीं होता। दिल से एक-दूसरे को पसंद करना ही हमें मित्रता के बंधन में बांधता है। बच्चो, घर के बड़ों से भगवान कृष्ण और सुदामा की मित्रता के बारे में तो तुमने जरूर सुना होगा। भगवान कृष्ण अपने मित्र सुदामा से बहुत प्रेम करते थे, उनका बहुत सम्मान करते थे।

## प्यारा-सा गिफ्ट है फ्रेंडशिप

फ्रेंडशिप एक बहुत प्यारा और सुंदर गिफ्ट है, जिसके पैकेज में हंसी, खुशी, मौज-मस्ती और रेस्पेक्ट सब कुछ होता है। जब हम किसी मुश्किल में होते हैं, तो हमारे फ्रेंड्स हमारा साथ देते हैं। फ्रेंड्स जरूरत पड़ने पर हेल्प करते हैं। गलती होने पर समझाते हैं। कुछ भी गलत करने से रोकते हैं। जैसे तुम होमवर्क-क्लासवर्क की कॉपी शेयर करके एक-दूसरे की मदद करते हो। पढ़ाई में हेल्प करते हो। क्राफ्ट मेकिंग में आइडियाज देते हो। वैसे ही लाइफ के हर एज में फ्रेंड्स एक-दूसरे को बहुत प्यार के साथ हेल्प करते हैं। इसीलिए अपने फ्रेंड्स के साथ हमेशा प्यार से रहना चाहिए। फ्रेंड्स को यह बताना चाहिए कि तुम उनसे कितना प्यार करते हो। याद रखो, जिंदगी के हर फ्रंट पर दोस्ती का रिश्ता बहुत ज्यादा महत्व रखता है।

## फैमिली मेंबर सा फ्रेंड

बच्चो, यह बात कितनी प्यारी है न कि धीरे-धीरे फ्रेंड हमारे फैमिली मेंबर जैसे हो जाते हैं। एक-दूसरे के घर आना-जाना और साथ खेलना दोस्ती को और गहरा बनाता है। इससे आपसी अंडरस्टैंडिंग अच्छी बनती है। अपने दोस्त के फैमिली मेंबर्स की भी हमें रेस्पेक्ट करनी चाहिए। अपने मम्मी-पापा की तरह अपने फ्रेंड के पैरेंट्स



और बड़ों को भी खूब रेस्पेक्ट देनी चाहिए। अपने फ्रेंड को बहुत प्यार से अपने घर बुलाना चाहिए। फ्रेंड के घर जाओ तो वहां तुम्हें खूब प्यार से, सलीके से रहना चाहिए। सबका अभिवादन करना चाहिए।

## जरूरी है बैलेंस्ड बिहेवियर

दोस्तों से मेलजोल के समय अच्छा और बैलेंस्ड बिहेवियर बहुत जरूरी है। अपने फ्रेंड के इमोशंस को समझने के साथ ही अपनी लिमिट्स को भी जानना चाहिए। साथ खेलते, पढ़ाई करते या एंज्वॉय करते समय कभी भी फ्रेंड्स या उनके फैमिली मेंबर्स का मजाक नहीं बनाना चाहिए। बात-बात में टांग खिंचाई करना अच्छी बात नहीं होती। दिल से दोस्ती करो। हमेशा पॉजिटिव रहो और फ्रेंडशिप की प्यारी-प्यारी बातों को खूब एंज्वॉय करो। *

## कुट्टी की करो छुट्टी



**वैसे तो** दोस्ती में कोई रूल नहीं होता पर एक रूल जरूर बना लो। कभी भी आपस में नाराजगी हो जाए, तो फटाफट अपने फ्रेंड को मना लेना। सबसे पहले कुट्टी की छुट्टी करनी है। कई बार छोटी-सी बात पर फ्रेंड्स गुस्सा हो जाते हैं, यह सही नहीं है। किसी दोस्त से अगर कोई गलती हो जाए, तो उसकी गलती को इग्नोर कर उसे गले लगा लेना चाहिए। खुद से कोई गलती हुई हो तो सॉरी कहने में देर ना करो। एक-दूसरे की पसंद-नापसंद को समझने, प्यार से रहने और मोटिवेट करने से कोई दोस्त कभी नाराज नहीं होता। फिर भी किसी फ्रेंड के रूठ जाने पर मनाने में देरी नहीं करनी चाहिए। यह तुम्हारी दोस्ती को और भी पक्का करने वाला कदम होगा। प्यारे बच्चो, केयरिंग-शेयरिंग ही फ्रेंडशिप की बुनियाद है।

बच्चो, इंसान ही नहीं, एनिमल्स भी आपस में दोस्त होते हैं। किस एनिमल की किस दूसरे एनिमल से दोस्ती होती है, ये अपनी दोस्ती कैसे निभाते हैं, जानो।

# एनिमल्स की अनोखी फ्रेंडशिप

रोचक
शिखर चंद जैन



बच्चो, इंसान ही नहीं कुछ एनिमल्स भी दोस्ती निभाने में पीछे नहीं होते। देखा जाता है, एक-दूसरे की जरूरत पूरी करने वाले दो भिन्न प्रजातियों या समूहों के जीव-जंतुओं में गहरी दोस्ती का रिश्ता होता है। यहां हम तुम्हें बता रहे हैं डिफरेंट स्पिशीज के कुछ रियल फ्रेंड्स के बारे में, जो एक-दूसरे का सहारा बनकर पूरी जिंदगी दोस्ती निभाते हैं।

**जेब्रा और शुतुरमुर्ग:** अफ्रीका के जंगलों में जेब्रा और शुतुरमुर्ग के झुंडों को साथ-साथ विचरण करते देखा जा सकता है। ये एक-दूसरे को खतरनाक जानवरों या शिकारियों के खतरे से



आगाह करते हैं। एक तरफ जहां शुतुरमुर्ग की सुनने और सूंघने की क्षमता कम होती है, वहीं जेब्रा की नजर कमजोर होती है। जेब्रा अपनी सुनने की अतिरिक्त क्षमता से किसी भी खतरे के प्रति शुतुरमुर्ग को भी सतर्क कर देता है। उधर दूर तक देखने की क्षमता रखने वाला शुतुरमुर्ग, जेब्रा को आने वाले खतरों से सावधान करता है।

**क्लाउन फिश और एनिमोन:** रतन ज्योति यानी एनिमोन एक समुद्री जंतु है, जो आमतौर पर चट्टानों से चिपका रहता है। जबकि क्लाउन फिश एक मछली है। इन दोनों का याराना इतना गहरा होता है कि लोग इनका नाम भी एक साथ जोड़कर लेते हैं-एनिमोनफिश। एनिमोन अपनी लंबी डंकनुमा भुजाओं से शिकार पर विष छिड़क कर उसे मार डालता है। इस जहर से क्लाउन फिश को कोई नुकसान नहीं होता। वह तो एनिमोन की लंबी भुजाओं में सुरक्षित बैठी रहती है और उसकी साफ-सफाई करती रहती है। उसके कारण किसी प्रकार के पैरासाइट एनिमोन की भुजाओं को नुकसान नहीं पहुंचा पाते। साथ ही वह एनिमोन के लिए खुद को चारे की तरह प्रस्तुत करके उसके लिए शिकार को ललचाती है। इस प्रकार दोनों को इस दोस्ती का फायदा होता है। *

## हनीगाइड बर्ड इंसान को पहुंचाती है मधुमक्खी के छत्ते तक

अफ्रीका में पाई जाने वाली चिड़िया हनीगाइड, इंसानों की अच्छी दोस्त मानी जाती है। जंगलों में शहद की खोज करने वालों को यह चिड़िया मधुमक्खियों के छत्तों तक पहुंचाने का काम बखूबी करती है। यह मधुमक्खी के छत्ते की ओर इंसान का ध्यान आकृष्ट करने के लिए एक पेड़ से



दूसरे पेड़ पर फुदकती हुई छत्ते की दिशा बताती है। इससे जहां इंसान को शहद मिल जाता है, वहीं चिड़ियों को मधुमक्खी के छत्ते से वैक्स, लार्वा आदि की शानदार दावत मिल जाती है। बच्चो, है ना यह मजेदार बात!

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

# बाघ मामा, सियार भांजा लड़ा रहे हैं कहानियों में पंजा

बच्चो, जब तुम्हारे दादाजी-दादीजी कहानी सुनाते हैं तो बड़ा मजा आता है। कुछ ऐसा ही मजा तुम्हें मिलेगा, जब तुम पढ़ोगे- बुलबुल की किताब। इस किताब में तुम्हारे लिए छब्बीस कहानियां हैं। इनमें से कुछ कहानियों में सियार हीरो है, जो बाघ को मामा भी कहता है और उसको बेवकूफ भी बनाता है। ये कहानियां शक्ति पर युक्ति यानी बल पर बुद्धि की जीत बताती है। पहली कहानी 'बुलबुल और बिल्ली' में तुम्हें पता चलेगा कि प्यारी सी बुलबुल अपने बच्चों की रक्षा दुष्ट बिल्ली से कैसे करती है। 'बुलबुल और राजा' कहानी में यही बुलबुल राजा से पंगा लेती है। 'नरहरि दास' कहानी पढ़ोगे तो पता चलेगा कि एक मेमना किस तरह जंगल में सारी मुसीबतों का सामना करते हुए घर लौटता है। ये कहानियां सौ साल से भी पहले लिखी गई थीं, इन्हें बांग्ला भाषा में लिखा था मशहूर फिल्म निर्देशक सत्यजित राय के दादाजी उपेंद्र किशोर रायचौधुरी ने। लेकिन आज भी ये कहानियां बेमिसाल हैं। उनकी एक कहानी पर 'गोपीगाइन बाघाबाइन' नाम से बच्चों की एक लोकप्रिय फिल्म भी बन चुकी है। *



**किताब**: बुलबुल की किताब, **लेखक**: उपेंद्र किशोर रायचौधुरी, **मूल्य**: 100 रुपए, **प्रकाशक**: साहित्य अकादेमी, दिल्ली

## हंसगुल्ले



**टीचर**-तुमने अपना होमवर्क क्यों नहीं किया?
**भोलू**-मैम, मैंने जैसे ही होमवर्क करना शुरू किया लाइट चली गई थी।
**टीचर**-लाइट आने के बाद फिर क्यों नहीं किया?
**भोलू**- इसलिए क्योंकि मैंने सोचा कहीं मेरे होमवर्क शुरू करने से फिर से लाइट न चली जाए।

-आयुष, दुर्ग

## जीके क्विज-164

1. प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस कब मनाया जाता है?
2. हाल ही में भारत की किस महिला चेस (शतरंज) प्लेयर ने फिडे महिला विश्व कप जीता?
3. राज्यसभा का पदेन सभापति कौन होता है?
4. भारत का राष्ट्रीय संग्रहालय कहां स्थित है?
5. देश का प्रथम नागरिक और तीनों सेनाओं का सर्वोच्च कमांडर कौन होता है?
6. सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह कौन-सा है?
7. भारत की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?
8. क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य कौन-सा है?
9. मानव शरीर में कौन-सा अंग सबसे बड़ा होता है?
10. भारत में सबसे लंबी दूरी तय करने वाली ट्रेन कौन-सी है?



बच्चो, जीके क्विज-164 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-163 का उत्तर :** 1.इंदौर, 2.असीम कुमार घोष, 3.जैनिक सिनर, 4.यूलिया स्विरीडेंको, 5.ऋग्वेद, 6.भारत रत्न, 7.शाहजहां, 8.मिग-21, 9.नर्मदा नदी, 10.पोर्ट ब्लेयर

**जीके क्विज-163 का सही उत्तर देने वाले :** सौरभ-बिलासपुर, ताशु-गरियाबंद, मेघा-झज्जर, कबीर-हिसार, अनन्या-रायपुर, तेजस-बालोद, सचिन-महासमुंद, राहुल-दुर्ग, विकास-रोहतक, कविता-बलौदा बाजार, संदीप-भोपाल

राघव और माधव की बहुत गहरी दोस्ती थी। लेकिन कुछ ऐसी गलतफहमी हुई कि राघव ने माधव से बोलना छोड़ दिया। माधव ने राघव को बहुत समझाने की कोशिश की लेकिन वह कुछ सुनने को तैयार ना था। माधव इस बात से बहुत ज्यादा दुखी था। लेकिन एक दिन कुछ ऐसा हुआ कि दोनों फिर से दोस्त बन गए।

# फिर बने दोस्त






कहानी
उषा सोमानी

राघव और माधव दोनों पक्के दोस्त थे। दोनों एक ही कक्षा में पढ़ते थे। स्कूल में बच्चे उन्हें 'सरगम' के नाम से पुकारते थे। राघव बहुत सुरीला गाता और माधव संगत देता। उनकी सुरीली जुगलबंदी देखकर, सब के मुंह से 'वाह-वाह' निकलता। माधव की अंगुलियां वाद्य यंत्रों पर ऐसे थिरकतीं कि देखने वाला पलक झपकाना ही भूल जाता।

राघव-माधव के स्कूल में खेलकूद सप्ताह चल रहा था। फुटबॉल का मैच था। राघव और माधव दोनों अपनी-अपनी टीम के कैप्टन थे। राघव की टीम जीत रही थी। बच्चे तालियां बजाकर दोनों टीम का उत्साहवर्धन कर रहे थे। अचानक माधव और राघव टकरा गए। राघव धड़ाम से जमीन पर जा गिरा। उसका पैर मुड़ गया। वह असहनीय पीड़ा से कराहने लगा। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टर ने एक्स-रे किया तो पता चला कि उसके पांव में फ्रेक्चर था। राघव और उसके माता-पिता को लगा कि राघव की टीम जीत रही थी, इसलिए माधव ने जान बूझकर राघव को धक्का दिया। उन्होंने माधव को बहुत भला-बुरा कहा। साथ ही राघव को माधव के साथ बोलने से मना कर दिया। माधव ने अपने को निर्दोष साबित करने का बहुत प्रयत्न किया परंतु वह असफल रहा।

राघव के पांव में प्लास्टर बंधे होने के कारण वह स्कूल नहीं आ रहा था। माधव अपने दोस्त की पढ़ाई में हो रहे नुकसान से बहुत चिंतित था। वह स्कूल का गृह कार्य लेकर राघव के घर गया, परंतु उसने माधव से बात करने से मना कर दिया। माधव मन मसोसकर लौट आया।

कुछ दिनों बाद राघव का प्लास्टर खुल गया। वह स्कूल आने लगा। माधव ने उसे पढ़ाए गए पाठ का दोहराव कर, समझाने का प्रस्ताव रखा, परंतु राघव ने मुंह फेर लिया। माधव अपने प्रिय दोस्त के नाराज होने से बहुत दुखी था। वह कक्षा में भी गुमसुम बैठा रहता। कक्षा के अन्य सहपाठियों ने दोनों में सुलह कराने की कोशिश की परंतु राघव ने किसी की भी बात नहीं सुनी।

तभी कक्षा में इंटरक्लास म्यूजिक कॉम्पिटिशन के लिए सूचना आई। राघव सोचने लगा, उसकी और माधव की जोड़ी इन प्रतियोगिताओं में प्रथम आती रही है। वह माधव से बात नहीं करता, तो उसके साथ सहभागिता कैसे करेगा? उसने तय किया कि वह इस बार भाग नहीं लेगा। क्लास टीचर को जब मालूम हुआ तब उन्होंने राघव को स्टाफ रूम में बुलाया, क्योंकि वह अपने स्कूल के ग्रुप साराभाई हाउस का कैप्टन था। क्लास टीचर ने पूछा, 'तुमने और माधव ने प्रतियोगिताओं में नाम नहीं लिखवाया? अरे! तुम दोनों साराभाई हाउस के स्टार हो।'

राघव निरुत्तर था। क्लास टीचर बोले, 'हर वर्ष की तरह म्यूजिक कॉम्पिटिशन के आरंभ में सरस्वती वंदना तुम्हें ही प्रस्तुत करनी है।'

राघव भारी मन से अपनी कक्षा की ओर चल दिया। वह इसी उधेड़बुन में था कि बिना संगीत के रियाज कैसे करेगा। तभी छुट्टी होने की घंटी बजी। उसने घर जाने के लिए कंधे पर बैग लटकाया। अपनी बस में बैठने के लिए स्कूल गेट से बाहर निकल कर सड़क पर आ रहा था। तभी माधव ने बिजली-सी फुर्ती से लपक कर उसे पकड़ा और सड़क के एक ओर खींच लिया। राघव ने देखा, वह तेजी से जाती हुई एक मोटर साइकिल से टकराने से बाल-बाल बच गया। माधव उससे बोला, 'तुम्हारा ध्यान कहां है? कक्षा में भी तुम चुपचाप बैठे थे, अभी मोटरसाइकिल से टकरा जाते तो?'

राघव, माधव से लिपट गया और रोने लगा, 'मुझे माफ कर दो।'

माधव ने अपनी अंगुली से उसके आंसू पोंछे और बोला, 'पगले रोता है? आज तो खुश होने का दिन है। हमें हमारी दोस्ती वापस मिल गई।'

राघव बोला, 'तुम्हें तो पता ही है कि इंटरक्लास कॉम्पिटिशंस हो रहे हैं। मैं सरस्वती वंदना गाऊंगा। तुम संगत दोगे, तब मानूंगा कि तुमने मुझे पूरी तरह माफ कर दिया।'

माधव चहक कर बोला, 'इस वर्ष की इंटरक्लास म्यूजिक कॉम्पिटिशन में हम सुर से सुर मिलाकर एक नया रिकॉर्ड बनाएंगे।'

दोनों खिलखिलाकर हंसते हुए एक-दूसरे का हाथ पकड़े बस में चढ़ गए। *

कविता
देवी प्रसाद गौड़




एआई इमेज

## मित्र हो तो ऐसा

कक्षा में आते ही सर ने,
रामचरन को किया इशारा।
नहीं दिखाई दिया दिनों से,
बेस्ट फ्रेंड इरफान तुम्हारा।।
ठीक कहा श्रीमान आपने,
चिंतित है मन बहुत हमारा।
पता नहीं क्या हुआ अचानक,
हफ्तों से बीमार बिचारा।।
सर बोले कक्षा में सबसे,
कुशल रहे इरफान हमारा।
हम सब मिलकर करें प्रार्थना,
ईश्वर देंगे उसे सहारा।।
सोमवार को विद्यालय में,
रामचरन देरी से आया।
क्यों देर हुई तुमको इतनी,
अध्यापक ने प्रश्न उठाया।।
इरफान बुलाता था मुझको,
संकट में थे उसके प्राण,
जान बचाने परम मित्र की,
करना था मुझको रक्त दान।।
पीठ ठोक कर गुरुवर बोले,
युग-युग जियो बहादुर बच्चे।
जो मित्रों का संकट हरते,
मित्र वही होते हैं सच्चे।।

## अंतर बताओ


बच्चो, यहां फ्रेंडशिप-डे पर पार्क में एक साथ एंज्वॉय कर रहे कुछ दोस्तों के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिखने वाले इन दोनों चित्रों में सात अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। फटाफट ये अंतर बताओ।



**उत्तर:** 1.आगे बाईं तरफ खड़े लड़के के बरमूडा/पैंट की लेंथ अधिक है। 2.आगे खड़ी लड़की की डंगरी में पॉकेट बना हुआ है। 3.आगे खड़ी दूसरी लड़की के बाल खुले हुए हैं। 4.आगे बीच में खड़े लड़के की शर्ट बाहर है। 5.पीछे बाईं तरफ खड़ी लड़की का बायां हाथ नहीं दिख रहा है। 6.पीछे खड़ी दूसरी लड़की के हाथ में मोबाइल है। 7.आगे दाईं तरफ लड़के की व्हील-चेयर में आगे दो स्मॉल व्हील्स लगे हुए हैं।

## रास्ता खोजो

बच्चो, ईशान को फ्रेंडशिप-डे सेलिब्रेट कर रहे अपने दोस्तों के पास पहुंचना है। लेकिन वहां तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। उसे समझ में नहीं आ रहा है कि वहां तक कैसे पहुंचे। तुम ईशान को उसके दोस्तों तक पहुंचने में मदद तो करो जरा।



# स्वास्थ्य पर सबसे ज्यादा खर्च करेगी सरकार 23 हजार करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पेश

## मेडिकल सेंटर, अस्पतालों की सुविधाएं और दवाओं पर होगा खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश की मोहन सरकार ने 2025-26 के लिए 2335 करोड़ 36 लाख 80 हजार 998 रुपए का पहला अनुपूरक बजट विधानसभा में पेश किया। जिसमें सरकार ने सबसे ज्यादा बजट स्वास्थ्य विभाग के नाम किया है। इसके साथ गृह, शिक्षा, कृषि सहित अन्य विभागों को भी बजट में हिस्सा दिया गया है। मोहन सरकार ने 2025-26 के लिए करीब 2335 करोड़ 36 लाख 80 हजार 998 रुपए का पहला अनुपूरक बजट पेश किया।

इस बजट में सबसे बड़ी प्राथमिकता स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे को दी गई है। स्वास्थ्य विभाग को सबसे बड़ी सौगात मिली है। सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने के लिए रिकॉर्ड 1 हजार 602 करोड़ से ज्यादा का बजट स्वीकृत किया है। यह अब तक के अनुपूरक बजटों में सबसे ज्यादा है। प्रदेश में नए मेडिकल सेंटर, अस्पतालों की सुविधाएं और दवाओं की आपूर्ति को लेकर ये राशि खर्च की जाएगी।

### खास बातें

- मानसून सत्र में मोहन सरकार ने पेश किया पहला बजट
- स्वास्थ्य में 1 हजार 602 करोड़ से ज्यादा का बजट स्वीकृत किया
- नए मेडिकल सेंटर, अस्पतालों की सुविधाएं और दवाओं की आपूर्ति पर होगा खर्च



### पूर्व मंत्री सचिन यादव बोले, चार साल में 60 हजार बच्चे गायब

बच्चों के लापता होने के मामले में पूर्व मंत्री सचिन यादव ने कहा कि 4 साल के दरमियान 60 हजार बच्चे गायब होते हैं। 60 हजार बच्चों में हमारी 48 हजार बेटियां हैं। राजधानी में 2500 से 3000 के बीच का आंकड़ा है। चिंता का विषय है, पूरा तंत्र पर सवालिया निशान खड़ा होता है। राजधानी में हमारे बेटे-बेटियां सुरक्षित नहीं हैं।

### बजट में गृह विभाग और राहत कार्यों पर भी फोकस

गृह विभाग को 124.27 करोड़ रुपए और भू राजस्व, जिला प्रशासन, आपदा राहत जैसे मदों के लिए 98.87 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। मानसून के मौसम में संभावित आपदाओं को देखते हुए यह बजट अहम माना जा रहा है। इसके साथ वन विभाग को 63.75 करोड़, कृषि को 9.21 करोड़ और पशुपालन विभाग को 1.67 करोड़ का बजट मिला है। हालांकि किसानों से जुड़ी योजनाओं को देखते हुए यह राशि कम मानी जा रही है।

### शहरी और जल संसाधनों पर निवेश

नगरीय प्रशासन विभाग को 171.51 करोड़ और जल संसाधन विभाग को 10 करोड़ मिले हैं। शहरी विकास को गति देने और जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं पर यह खर्च होगा। लोक निर्माण विभाग को 100 करोड़ और उच्च शिक्षा को 11.43 करोड़ की राशि दी गई है। महिला एवं बाल विकास के लिए 7.92 करोड़ का फंड तय किया गया है।

### सदन में उठा डूब प्रभावित गांवों का मुद्दा

*कांग्रेस विधायक सचिन यादव ने डूब प्रभावित गांवों का मुद्दा उठाया। भाजपा विधायक अभिलाष पांडे ने संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन को लेकर संस्कृत भाषा में ध्यानाकर्षण किया। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने भी शुरूआती जवाब संस्कृत भाषा में ही दिया।*

### अनुपूरक बजट पर 2 घंटे हुई चर्चा

*मध्य प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन सदन में अनुपूरक बजट पर 2 घंटे चर्चा हुई, जिसमें पक्ष और विपक्ष के विधायकों ने अपनी-अपनी बात रखी। जिसके बाद 2335 करोड़ 36 लाख 80 हजार 998 रुपए का अनुपूरक बजट पेश किया गया।*

## लोधी ने कांग्रेस नेताओं पर लगाया 5 हजार बीघा सरकारी जमीन पर कब्जे का आरोप

पिछोर को जिला बनाने की मांग वाले एक प्रश्न में पिछोर के भाजपा विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने एक नया खुलासा किया। उन्होंने पिछोर में कांग्रेस नेताओं समेत अन्य पर 5 हजार बीघा सरकारी जमीन पर कब्जे का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र में 20 साल से कांग्रेस का विधायक रहा है, जिन्होंने सरकारी जमीनों (5 हजार बीघा) पर कब्जा कर लिया है। इसके लिए कलेक्टर को पत्र लिखा है कि सरकारी जमीन से कब्जा हटाया जाए,



किंतु अभी तक कब्जा नहीं हटाया गया।दरअसल, मानसून सत्र के तीसरे दिन विधानसभा में बुधवार को 25 में से कुल 12 प्रश्नों पर चर्चा हुई। इसमें दो सदस्य कांग्रेस के अजय सिंह व रामसिया भारती अनुपस्थित थे। प्रश्नकाल में कुल 10 प्रश्नों पर चर्चा हुई।

### 20 साल से आपकी सरकार है, जेसीबी क्यों नहीं चलाई?

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि 20 साल से आपकी सरकार है। सरकार जेसीबी चला रही हैं, आदिवासियों को पट्टे नहीं दिए जा रहे हैं, इस पर सरकार को विचार करना चाहिए। मंत्री करण सिंह वर्मा ने जवाब में कहा कि आज तक किसी भी सरकार ने इतने पट्टे नहीं दिए, जितने भाजपा की सरकार ने दिए हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मैं आपको जवाब दे दूंगा, सरकार ने कितने आदिवासियों को पट्टे से हटाया है, झूठी बात की जा रही है। लोधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब आदिवासियों को आवास देकर छोटा सा जैसे ताजमहल दे दिया है।





### अनूपूरक बजट वास्तव में 'कर्ज का खाका': सिंघार

मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान अनुपूरक बजट पर चर्चा करते हुए नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के पास विदेश यात्राओं के लिए बजट है, लेकिन जनता की समस्याएं सुनने के लिए न समय है न इच्छाशक्ति। सिंघार ने कहा कि हर बार विधानसभा सत्र की अवधि जानबूझकर छोटी रखी जाती है ताकि जनहित के मुद्दों से भागा जा सके। सरकार करोड़ों रुपए सत्र बुलाने पर खर्च करती है, लेकिन फिर भी जनता की आवाज को दबा देती है। उन्होंने कहा कि यह अनुपूरक बजट वास्तव में 'कर्ज का खाका' है। सरकार मार्च 2025 से लेकर जुलाई तक लगातार कर्ज ले रही है। दूसरी ओर हर दिन डेढ़ करोड़ रुपए सिर्फ ब्रांडिंग पर खर्च किए जा रहे हैं। विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सालाना 560 करोड़ रुपए प्रचार में खर्च हो रहे हैं, लेकिन कुपोषण, किसानों और गरीबों के लिए कोई ठोस पहल नहीं की जा रही। जनता के लिए ठोस पहल होना चाहिए।

### आयोग की रिपोर्ट के बाद पिछोर को जिला बनाने पर फैसला होगा

*विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि परिसीमन आयोग की रिपोर्ट के बाद पिछोर को जिला बनाने के मामले में फैसला होगा। भाजपा विधायक लोधी ने राज्य प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग की रिपोर्ट के आधार पर पिछोर को जिला बनाए जाने का मामला उठाया। उन्होंने पूछा कि पिछोर को कब तक जिला बनाया जाएगा। इसके जवाब में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के सामने यह प्रकरण विचाराधीन है। आयोग की रिपोर्ट आने के बाद निर्णय लिया जाएगा।*

### स्मार्ट मीटर का कमाल, अब दो सौ नहीं, दो हजार का बिल

*सिंघार ने कहा कि किसानों को खाद और बिजली नहीं मिल रही, सोशल ऑडिट नहीं हो रहा, जिससे जनता की वास्तविक समस्याएं सामने नहीं आ पा रही। वहीं स्मार्ट मीटर की गति पर सवाल उठाते हुए कहा कि 200 रुपए का बिजली बिल, दो हजार तक आ रहा है। शराब दुकानों पर एमआरपी से अधिक दर पर बिक्री हो रही है। सिंघार ने पूछा कि क्या सरकार की इसमें कोई भागीदारी है?, हजारों शिकायत आई, लेकिन कोई कार्रवाई नही हो रहीं। ये पैसा किसकी जेब में जा रहा है?।*

## 35 वर्षों बाद भी अधूरी पड़ी महेश्वर परियोजनाः यादव

**विधानसभा में गूंजा महेश्वर परियोजना का मुद्दा**

बुधवार को विधानसभा में महेश्वर जल विद्युत परियोजना के अधूरेपन और उससे जुड़े जनसरोकारों को लेकर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कसरावद विधायक सचिन यादव ने सरकार को घेरा। सचिन यादव ने ध्यानाकर्षण याचिका के माध्यम से यह मुद्दा उठाते हुए बताया कि यह परियोजना 35 वर्ष पूर्व शुरू की गई थी और इसमें जनता की लगभग तीन हजार करोड़ रुपए की राशि व्यय हो चुकी है। वर्तमान में इसकी कीमत नौ हजार पांच सौ करोड़ रुपए तक पहुंच चुकी है, बावजूद इसके यह परियोजना बंद पड़ी हुई है और इससे जुड़े लगभग दस हजार परिवार व सैकड़ों कर्मचारी आज भी अनिश्चितता में बदहाली का जीवन यापन कर रहे हैं। यादव ने कहा कि डूब प्रभावित सैकड़ों गांव आज भी पुनर्वास और मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। प्रभावितों को आवासीय प्लॉट आवंटित तो किए गए हैं लेकिन आज तक उनकी रजिस्ट्री नहीं हुई है। परियोजना के कर्मचारियों व अधिकारियों को वेतन नहीं मिला, जिससे अधिकांश ने परियोजना स्थल छोड़ दिया है और वह अब लावारिस स्थिति में पड़ा है। सरकार ने परियोजना से जुड़ी संपत्तियों की नीलामी की बात तो कही है लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया कि उस राशि का उपयोग कहां और कैसे होगा। परियोजना को 2020 में बंद घोषित किया गया, लेकिन यह भी स्पष्ट नहीं है कि क्या इसे पुनः प्रारंभ किया जाएगा या नहीं। विधायक ने सरकार से यह भी पूछा कि इन गांवों के लिए कोई विशेष पैकेज देने की योजना है या नहीं। विधायक सचिन यादव ने सरकार से इस मुद्दे पर स्पष्ट नीति, समयबद्ध कार्रवाई और प्रभावितों को न्याय देने की मांग की।



## विधायक डॉ. पांडे ने संस्कृत में सवाल किया, तो मंत्री सिंह ने संस्कृत में दिया जवाब



विधानसभा में ध्यानाकर्षण में संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा देने का मुद्दा उठा। इस पर स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि संस्कृत स्कूलों के उन्नयन पर वे काम कर रहे हैं। ऐसे संस्थान बनाने जा रहे हैं, जहां संस्कृत, वैदिक और योग तीनों विधाओं में शिक्षा दी जाए। मुख्यमंत्री से बात करेंगे और वित्तीय व्यवस्था और कराएंगे। वरिष्ठ विधायक पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने संस्कृत भाषा में किए गए एक प्रश्न पर अपनी बात करते हुए कहा कि संस्कृत के बिना संस्कृति नहीं और संस्कृति के बिना सनातन नहीं। उन्होंने कहा कि अनेक भाषाओं के बारे में अलग अलग संस्थान बने हैं, सदस्य के प्रश्न पर शासन की तरफ से उत्तर भी आया है। वे चाहेंगे कि सरकार उनकी भी कुछ बात सुनें। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए कि संस्कृत का उन्नयन हो। बल्कि यह विलुप्त होती जा रही है। इसे फिर से नवजीवन कैसे दे सकते हैं, यह हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। दरअसल, जबलपुर से भाजपा विधायक डॉ. अभिलाष पांडे ने संस्कृत के विकास, स्कूलों में संस्कृत की पढ़ाई व नियुक्त शिक्षकों के बारे में स्कूल शिक्षा मंत्री से प्रश्न पूछा था। यह मामला उन्होंने ध्यानाकर्षण में उठाया। विभागीय मंत्री उदय प्रताप सिंह ने अपने जवाब में कहा कि अशासकीय आवासीय संस्कृत विद्यालयों में छात्रवृत्ति की योजना है। वर्ष 2022-23 से ही यह योजना चल रही है। उन्हें 8 से 10 हजार रुपए की छात्रवृत्ति दी जाती है। करीब 3500 बच्चों को इसका लाभ दिया गया। उन्होंने कहा कि 2014 में महज 34 संस्कृत विद्यालय थे, अब यह बढ़कर 271 हो गए हैं। संस्कृत सप्ताह की नवाचार की व्यवस्था लागू है। उन्होंने कहा कि ऐसे संस्थान बनाने जा रहे हैं, जहां संस्कृत, वैदिक और योग तीनों विधाओं में शिक्षा दी जाए। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि यदि वित्त विभाग की अनुमति मिलेगी तो मुख्यमंत्री से चर्चा के बाद इस तरह की व्यवस्था लागू कर दी जाएगी यह एक मील का पत्थर साबित होगा।

### 22 वर्षों से एक संस्कृत विद्यालय चलाता हूंः भार्गव

*पूर्व मंत्री भार्गव ने कहा कि पिछले 22 वर्षों से एक संस्कृत विद्यालय चलाता हूं। किंतु दुख की बात है कि आज तक किसी भी प्रकार की शासकीय सहायता 22 वर्षों में मुझे एक पैसा भी नहीं मिला। उन्होंने कहा कि आग्रह करूंगा कि शासकीय स्कूलों में पद बढ़ा रहे हैं। मैं कहना चाहूंगा की संस्कृत का पुनर्जीवन करना है, तो ऐसी संस्थाओं को व्यक्तिगत रूप से आगे आकर मदद करनी पड़ेगी। इसका समर्थन विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने भी किया। अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि शैलेंद्र के आवास के निकट ही है, सहायता की क्या जरूरत है। भार्गव ने कहा कि वे चाहेंगे कि एक समिति बनाकर एक महीने में उसकी रिपोर्ट ले ली जाए और जो भौतिक रूप से चल रहे हैं उनकी सहायता करें। राघोगढ़ से विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा कि राघोगढ़ में आवन ग्राम में आचार्य वाचस्पति शुक्ला संस्कृत विश्वविद्यालय है। उन्होंने कहा कि यदि कोई समिति बनाई जाती है तो उन्हें समिति में स्थान दिया जाए।*

## ट्राले के आगे कूदकर महिला ने की खुदकुशी

ड्राइवर ट्राला छोड़कर फरार, पुलिस कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

पाली दीपका मुख्य मार्ग बंधाखार पर एक महिला ने ट्रेलर के आगे कूदकर अपनी जान दे दी, जिसका सीसीटीवी फुटेज सामने आया है।

जिसमें दिख रहा है कि महिला ट्रेलर के आगे कूद जाती है। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, महिला के पति की पहले ही मौत हो चुकी है। वह मायके में रहती थी और कभी-कभी ससुराल जाया करती थी। वह अक्सर किसी न किसी बात को लेकर परेशान रहा करती थी। बुधवार की सुबह बैंक जाने के नाम से घर से निकली हुई थी। 40 वर्षीय कला बाई निजी कार्य से बैंक में पैसा निकालने के लिए आई थी। बैंक से राशि निकालने के बाद जब वह पास की दुकान से बाहर निकलीं, तभी पाली-दीपका मुख्य मार्ग पर ग्राम बांधाखार स्थित एसबीआई किओस्क बैंक के पास उसने एक ट्रेलर के आगे कूदकर अपनी जान दे दी। घटना के बाद ट्रेलर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। वहां राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



### धमकी देकर नव विवाहिता से किया दुष्कर्म

**बलरामपुर रामनुजगंज।** पीड़िता ने पुलिस से शिकायत में बताया, वह शादी के 15 दिन बाद अपने मायके में आकर रह रही थी कि ग्राम डूमरपान का अजय सिंह गोंड, जिसका उसके मायके के किराना दुकान में आना-जाना था। वह उसके पहले से जानती थी। एक दिन जब वह किसी काम से घर से बाहर निकली थी। तभी आरोपी अजय उसे अकेला देखकर बोला कि वह उससे शादी करना चाहता है, वह उसे पसंद करता है। और बाइक पर बैठने के लिए कहा। पीड़िता का आरोप है कि मना करने पर अजय ने उसके साथ मारपीट करने की धमकी दी, जिसके बाद पीड़िता बाइक पर बैठ गई। आरोपी ने उसके साथ जंगल में ले जाकर दुष्कर्म किया।

## मुख्यमंत्री निवास में भाजपा की कामकाजी बैठक को सीएम ने किया संबोधित

# विकास और विश्वास से कार्यकर्ता जीतें जनता का मनः डॉ. मोहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री निवास में भाजपा की कामकाजी बैठक को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश और जिले के विकास को सुनिश्चित करने में पार्टी कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका है।

पार्टी कार्यकर्ता केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं के जन-जन तक पहुंचाने में सरकार का सहयोग करें। पार्टी कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं को और बेहतर क्रियान्वयन करने के लिए जुटें। विकास और विश्वास से कार्यकर्ता जनता का मन जीतें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता अपने-अपने जिलों में चलाई जा रही योजनाओं की विभागवार सूची लेकर जनता के बीच जाएं और जिस व्यक्ति को जिस योजना का पात्र पाएं, उसे उसका लाभ दिलाने का प्रयास करें। पार्टी कार्यकर्ताओं को सरकार की योजनाओं को जिलों में और ग्रामीण अंचल तक बेहतर क्रियान्वयन में भी अपनी भूमिका निभानी चाहिए, ताकि सरकार अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा सके।

### संगठन जितना मजबूत होगा, जनता की सेवा उतना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता देश और जनता की सेवा के लिए राजनीति में आए हैं। भाजपा का प्रदेश में संगठन जितना अधिक मजबूत होगा, हम जनता की सेवा उतना बेहतर तरीके से कर सकते हैं। हमें जनता तक अपनी योजनाओं को पहुंचाने में और अधिक कार्य करने की आवश्यकता है। मध्यप्रदेश सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कई रियायतें दे रही है। कार्यकर्ता सरकार के कार्यों और योजनाओं को जितना बेहतर तरीके से क्षेत्र में क्रियान्वयन करा पाएंगे, हम उतना ही बेहतर तरीके से जनता की सेवा कर सकेंगे।

## राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश की जिला अध्यक्षों को सलाह, समन्वय बनाकर संगठन को आगे बढ़ाएं

### कार्यकर्ताओं की बात को सम्मान के साथ सुनें : खंडेलवाल

पार्टी के जिला अध्यक्ष परिवार के मुखिया की तरह सभी के साथ आपसी समन्वय से संगठन को आगे बढ़ाएं। जिला अध्यक्ष जिला कार्यालयों में कार्यकर्ताओं से मिलने का एक समय निश्चित कर उनकी बातों को सुनेंगे और चर्चा करेंगे तो संगठन को और मजबूती मिलेगी। यह बात भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कही।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार को कामकाजी बैठक आयोजित की गई। बैठक को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने संबोधित किया।इस दौरान क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय मौजूद रहे। राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि मप्र का संगठन देश में एक आदर्श संगठन के रूप में है, इसका मुख्य कारण आप सभी कार्यकर्ताओं की लगन, मेहनत व निष्ठा ही है। इस आदर्श संगठन को और आगे ले जाने की जिम्मेदारी हम सभी कार्यकर्ताओं की है। जिस संगठन में आंतरिक अनुशासन जितना अच्छा होता है, वह संगठन उतना ही आगे जाता है।

### भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित हुई कामकाजी बैठक

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए संगठन सर्वोपरि है। हम विचार परिवार के लिए कार्य करते हैं। सत्ता हमारे लिए जनता की सेवा का माध्यम है। हमें समन्वय से कार्य करते हुए सक्षम कार्यकर्ता को आगे लाना है, जिससे सत्ता और संगठन के कार्यों का और अधिक विस्तार हो सके। हमारी भूमिका समन्वय और पालक की होनी चाहिए। सभी जिला अध्यक्ष व पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की बात को पूरी गंभीरता व सम्मान के साथ सुनें। आप कार्यकर्ताओं की बात को सुनेंगे, उनसे चर्चा करेंगे तो वह संगठन और भाजपा सरकार के कार्यों को जनता तक और अच्छे तरीके से पहुंचा पाएंगे।



### मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेताः डॉ. सिंह

*भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि हाल ही में एक सर्वे में 75 प्रतिशत के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में शामिल हुए हैं, यह हमारे लिए बड़े गौरव की बात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंदिरा गांधी से अधिक समय तक प्रधानमंत्री पद पर रहने का रिकॉर्ड कायम कर चुके हैं। अब आजाद भारत में सिर्फ एक ही ऐसे प्रधानमंत्री बचे हैं, जो नरेन्द्र मोदी से अधिक समय तक प्रधानमंत्री पद पर रह चुके हैं। मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में आज तक 4083 दिन देश की सेवा करते हो गया, परंतु पीएम मोदी ने एक भी छुट्टी नहीं ली, यह बड़ी बात है।*

### कार्यकर्ताओं की भूमिका अहमः हितानंद

*भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि संगठन पर्व के अंतर्गत हमने लगभग 1.75 करोड़ नए कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ा है। एक पेड़ मां के नाम सहित अन्य कार्यक्रमों से उन्हें जोड़कर भागीदारी सुनिश्चित करें। माय भारत यूथ वालंटियर्स कार्यक्रम के लिए समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय युवाओं को तलाशें। 10 से 14 अगस्त तक यात्राएं निकाली जाएं, जिनमें आमजन की भागीदारी हो। 13 से 15 अगस्त तक घरों और दुकानों पर पार्टी कार्यकर्ता तिरंगा फहराएं। 12 से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता संग्राम के स्मारकों, सेनानियों के प्रतिमा स्थल आदि पर स्वच्छता अभियान चलाए जाएं तथा युद्धवीरों, शहीदों के परिजनों से मिलकर उनका सम्मान करें।*

## मुख्यमंत्री सैनी ने क्रांतिकारी शहीद को नमन

# शहीद उधम सिंह की जन्मभूमि पर सुनाम पहुंचे सीएम नायब




हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि महान क्रांतिकारी शहीद उधम सिंह की तपस्या, बलिदान और उनका साहस हमेशा हमें प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने जलियांवाला बाग में निहत्थे लोगों के हत्यारे जरनल डायर को विदेश में जाकर मौत के घाट उतारा था। जो पूरे देश के लिए आज भी प्रेरणादायक है और हमेशा देश सेवा की प्रेरणा देता रहेगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीरवार को पंजाब में स्थित शहीद उधम सिंह की जन्मभूमि सुनाम में आयोजित एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शहीद उधम सिंह मेमोरियल पर जाकर उनकी प्रतिमा के सामने पुष्प अर्पित कर नमन किया। उन्होंने यहां पौधारोपण भी किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने शहीद उधम सिंह संग्रहालय का दौरा किया और शहीद उधम सिंह से जुड़ी स्मृतियों, उनके फोटो व उनके पत्रों का अवलोकन कर अपने विचार भ्रमण पुस्तिका में दर्ज किए। इसके बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सरदार हरदयाल सिंह की अगुवाई में शहीद उधम सिंह के परिजनों से मुलाकात की। परिजनों ने एक मांग पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा।

### नमन करने का अवसर मिला : नायब सैनी

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने संगरूर रोड पर भाजपा नेत्री एवं पंजाब प्रदेश सचिव दामन बाजवा द्वारा आयोजित जनसभा में पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री का पंजाब भाजपा नेताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि उन्हें शहीद उधम सिंह की जन्मभूमि पर आकर उन्हें नमन करने का अवसर मिला है। जब लोग जलियांवाला बाग में बैसाखी पर्व के लिए एकत्रित हुए थे, उस समय जरनल डायर ने सभी रास्ते बंद करवाकर निहत्थे लोगों पर फायरिंग का आदेश देकर हजारों लोगों को मौत के घाट उतरवा दिया था।

कार्यक्रम के दौरान शहीद उधम सिंह के परिजनों में सरदार हरदयाल सिंह, अमन, पंजाब के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधायक अरविंद खन्ना, महासचिव दयाल सोढ़ी, प्रदेश सचिव एवं सभा आयोजक दामन बाजवा, जिला सुनाम प्रधान अमृतराज चट्ठा सहित कई गणमान्य मौजूद थे। समारोह के बाद पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पंजाब में जनता से जो इन्होंने वायदे किए गए थे।

चिंतन

# यूएस से तेज जीडीपी भारत का हमारी अर्थव्यवस्था बेहद मजबूत

गिद्ध के चाहने से कौवे की मौत नहीं होती है। करीब 200 वर्ष तक दमनकारी-शोषणकारी अंग्रेजी हुकूमतों के बावजूद भारत सीना तानकर खड़ा है और दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यस्था है। जर्मनी को पछाड़कर चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की कगार पर है। भारत बहुत जल्द विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसलिए डोनाल्ड ट्रंप के भारत को डेड इकोनॉमी कह देने से भारतीय अर्थव्यवस्था मृत नहीं हो जाती है। अमेरिका खुद विश्व का सबसे बड़ा कर्जदार देश है। अमेरिका का राष्ट्रीय कर्ज करीब 37 ट्रिलियन डॉलर यानी करीब 32 लाख अरब रुपये को पार कर गया है। अमेरिका का कर्ज पर ब्याज चुकाने का खर्च हर साल 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच रहा है। ट्रंप शायद भूल रहे हैं कि अमेरिकी बॉण्ड से अगर चीन, जापान व भारत अपना पैसा निकाल लें तो अमेरिकी अर्थव्यवस्था का बुलबुला तुरंत फट जाएगा। भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बयान जहां हकीकत से परे है, वहीं यह ट्रेड वार्ता को अंतिम रूप देने से पहले नई दिल्ली पर दबाव की टैक्टिस है। ट्रंप ने इसी तरह की टैक्टिस यूरोपीय संघ, जापान व अन्य देशों के साथ अपनाई थी। भारत कभी भी अमेरिकी दबाव व टैक्टिस के आगे नहीं झुकेगा। भारतीय अर्थव्यवस्था की ताकत घरेलू खपत है, वैश्विक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी केवल 2.4 प्रतिशत ही है। भारत की अर्थव्यवस्था की बुनियाद बहुत मजबूत है। इसलिए जब 2008 जैसी मंदी आती है तो अमेरिकन बैंकिंग सिस्टम धराशायी हो जाता है, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था पर फर्क नहीं पड़ता है। भारत के वित्तीय और बैंकिंग सिस्टम बेहद मजबूत व रेगुलेटेड हैं, भारत का रिजर्व भंडार नौ लाख करोड़ रुपये से अधिक है, भारत दुनिया के शीर्ष 10 स्वर्ण भंडार वाले देशों में शामिल है और 7वें स्थान पर है। भारत में जीवनयापन विश्व में सबसे सुलभ है। भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती की बयां वैश्विक व अमेरिकी वित्तीय संस्थाएं ही कर रही हैं। ट्रंप के घृणित बयान के पहले अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 29 जुलाई को अपने सदस्य देशों का वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक (डब्लूईओ) का नया आकलन जारी किया था। आईएमएफ ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2025-26 व वित्त वर्ष 2026-2027 के लिए 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जबकि अमेरिकी जीडीपी के लिए विकास की दर 1.9 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। विश्व बैंक ने अप्रैल में 2025-26 के लिए भारत के वृद्धि दर का अनुमान 6.3 फीसदी लगाया है, व कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। एशियाई विकास बैंक ने अभी 23 जुलाई को ही अनुमान लगाया था कि भारत की जीडीपी 2025 में 6.5 फीसदी और 2026 में 6.7 फीसदी की दर से बढ़ेगी। ग्लोबल क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने छह मई को जारी अपनी रिपोर्ट में 2025 में जीडीपीदर 6.3 फीसदी व 2026 में 6.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। एसएंडपी ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में विकास दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। फिच रेटिंग्स ने इस साल 22 मई को 2028 तक के लिए भारत की औसत वार्षिक वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.4 फीसदी कर दिया था। परामर्श कंपनी ईवाई इंडिया कहा कि विश्व अर्थव्यवस्था का केंद्र 'ग्लोबल साउथ' की ओर स्थानांतरित हो रहा है और जिसके लिए भारत ने खुद को अग्रणी भूमिका में रखा है। पेरिस स्थित आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। सभी वित्तीय आंकड़े भारत के पक्ष में हैं। ट्रंप का बयान पूर्व की तरह एक और झूठ है।



# भगवा आतंकवाद का गढ़ा गुब्बारा फूटा

**मालेगांव बम धमाका**
अरविंद जयतिलक

2008 के मालेगांव बम धमाके मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) की विशेष अदालत ने सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया है। साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत सभी आरोपियों को बरी किए जाने से हिंदू आतंकवाद पर काली सियासत करने वाले तथाकथित सेक्युलर दलों की बेचैनी बढ़ गयी है। उनका मुंह काला हुआ है। उनके भगवा आतंकवाद के जुमले की हवा निकल गई है। उनकी बेचैनी इस कदर बढ़ गयी है कि वे अब एनआइए अदालत के फैसले पर परोक्ष रूप से सवाल खड़ा कर रहे हैं। अब सवाल यह उठता है कि फिर प्रज्ञा सिंह ठाकुर, कर्नल पुरोहित समेत सभी सात लोगों को फंसाने की साजिश किसके इशारे पर रची गयी? मालेगांव कांड का असली गुनाहगार कौन है?

सत्रह साल बाद 2008 के मालेगांव बम धमाके मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) की विशेष अदालत ने सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया है। अदालत ने सभी आरोपियों को निर्दोष करार देते हुए कहा है कि अभियोजन पक्ष साबित नहीं कर पाया कि ब्लास्ट स्थल पर मिली बाइक में आरडीएक्स लगाया गया था। उल्लेखनीय है कि इस मामले में सात लोग आरोपी बनाए गए थे, जिनमें लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित, पूर्व भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर और रिटायर्ड मेजर रमेश उपाध्याय शामिल थे। इन सभी लोगों पर मालेगांव बम धमाके में शामिल होने के तौर पर आरोप लगाए गए थे।

साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत सभी आरोपियों को बरी किए जाने से हिंदू आतंकवाद पर काली सियासत करने वाले तथाकथित सेक्युलर दलों की बेचैनी बढ़ गयी है। उनका मुंह काला हुआ है। उनके भगवा आतंकवाद के जुमले की हवा निकल गई है। उनकी बेचैनी इस कदर बढ़ गई है कि वे अब एनआइए अदालत के फैसले पर परोक्ष रूप से सवाल खड़ा कर रहे हैं। यह प्रवृत्ति ठीक नहीं है। अब जब हिंदू आतंकवाद का गढ़ा-बुना गया गुब्बारा फट गया है और यह सच भी दुनिया के सामने उजागर हो गया है कि यूपीए सरकार के इशारे पर ही प्रज्ञा सिंह ठाकुर एवं अन्य लोगों को फंसाने की साजिश रची गयी तो अब साजिश रचने वाले किंकर्तव्यविमुढ़ हैं और किस्म-किस्म के कुतर्कों का सहारा ले रहे हैं। कांग्रेस समेत उन सभी तथाकथित सेक्युलर दलों की पोल खुल गयी है जो कभी चीख-चीखकर हिंदू संगठनों को आतंकवाद का कारखाना बताने से हिचकते नहीं थे। उचित होगा कि अब वे देश से क्षमा मांगकर पश्चाताप करें कि हिंदू संस्कृति और संगठनों को बदनाम क्यों किया। लेकिन ऐसा करने के बजाए वे अब भी कुतर्कों के आसन पर जमे हैं। याद होगा कि ज्यों ही साध्वी प्रज्ञा की गिरफ्तारी हुई, कांग्रेस एवं तथाकथित सेक्युलर दलों ने यह प्रचारित करना शुरू कर दिया था कि देश के लिए भगवा आतंकवाद खतरा बन रहा है।

ध्यान देना होगा कि जिस समय भगवा आतंकवाद की थ्योरी गढ़ी-बुनी गयी, उस समय कांग्रेसनीत सरकार के गृहमंत्री शिवराज पाटिल थे। उनके बाद गृहमंत्री बने सुशील कुमार शिंदे ने भगवा आतंकवाद को खूब हवा दी। उन्होंने एक कथित जांच रिपोर्ट को आधार बनाते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी पर आतंकवादी ट्रेनिंग कैंप चलाने का आरोप है। तब शिंदे के इस वक्तव्य को लेकर देशभर में आलोचना और निंदा हुई। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण बात यह कि सुशील कुमार शिंदे के वक्तव्य को सही ठहराने के लिए कांग्रेस सरकार ने तब मक्का मस्जिद विस्फोट मामले में असली गुनाहगारों को छोड़कर हिंदू संगठनों के सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। कुतर्क गढ़ा कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल जैसे दल अपने सदस्यों को हथियार चलाने का प्रशिक्षण देते हैं। हद तो तब हो गयी जब उनके बाद पी.चिदंबरम गृहमंत्री बने तो वे भी यह कहते सुने गए कि भगवा आतंकवाद देश की आंतरिक सुरक्षा के लिहाज से बेहद खतरनाक है। भगवा आतंकवाद देश के लिए नई घटना है। गौर कीजिए कि बी रमण जो तत्कालीन कांग्रेसनीत सरकार के मंत्रिमंडलीय




सचिवालय के अपर सचिव रहे, उनकी मानें तो भगवा आतंकवाद की शुरुआत तत्कालीन सरकार की पाकिस्तान और भारतीय मुसलमान समुदाय जो आतंकवाद में लिप्त हैं, के प्रति कथित नरम नीति के कारण हुई। अब जब अदालत ने इस मामले में सभी आरोपियों को बरी कर दिया है, के बाद सवाल उठना लाजिमी है कि फिर मालेगांव विस्फोट मामले का असली गुनाहगार कौन है? कहीं ऐसा तो नहीं कि हिंदू संगठनों को बदनाम करने की साजिश में संलिप्त तत्कालीन कांग्रेसनीत सरकार ने असली गुनाहगारों को छोड़ दिया? गौर करें तो भगवा आतंकवाद को सही ठहराने के लिए उस दौरान जितने भी विस्फोट हुए, सभी में हिंदू संगठनों के सदस्यों को ही आरोपी बनाया गया। 2007 के समझौता एक्सप्रेस धमाके में भारतीय सेना के अफसर रहे श्रीकांत पुरोहित को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह अजमेर दरगाह धमाके में भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को घेरने की कोशिश की गयी। मालेगांव विस्फोट मामले पर गौर करें तो 29 सितंबर 2008 को महाराष्ट्र के मालेगांव में रमजान के दौरान एक मस्जिद के बाहर मोटरसाइकिल में बम धमाका हुआ था जिसमें सात लोगों की मौत हुई थी। सैकड़ों लोग घायल हुए थे। इन धमाकों की जांच करने वाली महाराष्ट्र पुलिस और मुंबई एटीएस ने साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर को धमाकों का मास्टरमाइंड माना और 23 अक्टूबर 2008 को उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इस बम धमाके की शुरुआती जांच मुंबई एटीएस प्रमुख हेमंत करकरे ने की जो अब दुनिया में नहीं हैं। वे 26/11 आतंकी हमले में शहीद हो गए। एक दशक तक चले मुकदमें के दौरान अभियोजन पक्ष ने 323 गवाहों से पूछताछ की जिनमें से 34 अपने बयान से पलट गए। उस दरम्यान कांग्रेस महासचिव दिग्विजय सिंह समेत कई नेताओं ने खूब कुप्रचारित किया कि इस बम धमाके के पीछे हिंदू संगठनों का हाथ है। यहां तक कि शहीद हुए हेमंत करकरे की हत्या के पीछे भी हिंदू संगठनों के हाथ होने का दावा किया गया। लेकिन 2016 में एनआइए द्वारा पूरक एवं अंतिम जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद दूध का दूध और पानी का पानी हो गया। तब एनआइए ने अपर्याप्त सबूतों का हवाल देते हुए आरोपियों को क्लीनचिट दे दी। बता दें कि 2009 में मुंबई एटीएस ने इस मामले में अदालत में जो चार्जशीट दाखिल की थी उसमें प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत सभी सात आरोपियों के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाए थे। मुंबई एटीएस ने अपनी जांच में कहा था कि विस्फोटक के साथ रखी मोटरसाइकिल साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर की थी और वह मुस्लिम बहुल इलाकों में धमाके के लिए आयोजित बैठकों में शामिल होती थी। मुंबई एटीएस ने यह भी आरोप जड़ा था कि भोपाल में साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर के साथ हुई एक बैठक में कर्नल पुरोहित ने विस्फोटक मुहैया कराने की बात कही थी। लेकिन अदालत ने स्पष्ट कर दिया है कि कर्नल पुरोहित के घर में आरडीएक्स भंडारण का कोई सबूत नहीं मिला है और न ही यह साबित हुआ है कि उन्होंने बम को असेंबल किया। घटनास्थल से कोई खाली खोल बरामद नहीं हुए जबकि आरोप में फायरिंग की बात कही गई थी। न तो कोई फिंगर प्रिंट और न ही डीएनए सैंपल लिया गया। यहां तक कि मोटरसाइकिल का चेसिस नंबर भी मिटा दिया गया। अदालत ने साध्वी प्रज्ञा सिंह मामले में स्पष्ट कहा है कि मोटरसाइकिल का मालिकाना हक या कब्जे को लेकर कोई ठोस सबूत भी पेश नहीं किया गया।

गौरतलब है कि इन सभी पर यह आरोप लगाए गए कि वे फरीदाबाद और भोपाल में साजिश रचने के लिए बैठक में शामिल हुए। लेकिन अदालत ने कहा है कि इसका कोई सबूत नहीं मिला है। अब सवाल यह उठता है कि फिर प्रज्ञा सिंह ठाकुर, कर्नल पुरोहित समेत सभी सात लोगों को फंसाने की साजिश किसके इशारे पर रची गयी? मालेगांव कांड का असली गुनाहगार कौन है?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## हेल्थ रिपोर्ट

रोहित कौशिक



# स्वास्थ्य सेवाओं में अभी और सुधार की जरूरत

पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के बिजनौर में मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल परिसर में पीपीपी मोड पर संचालित डायलिसिस विंग में डायलिसिस के दौरान बिजली गुल होने से एक मरीज की मौत हो गई। अस्पताल के जेनरेटर में डीजल भी नहीं था। आश्चर्यजनक यह है कि घटना के समय सीडीओ खुद विंग के निरीक्षण के लिए मौजूद थे। इस दुखद घटना ने एक बार फिर हमारे देश की स्वास्थ्य सेवाओं पर एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। यह सही है कि धीरे-धीरे हमारे देश की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो रहा है लेकिन हमारे देश की आबादी की जरूरतों के हिसाब से अभी तक भी स्वास्थ्य ढांचा बेहतर नहीं हो पाया है। जब इस दौर में भी गम्भीर रोगों से पीड़ित मरीजों के लिए अस्पतालों में स्ट्रेचर जैसी मूलभूत सुविधाएं न मिल पाएं, तो देश की स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल उठना लाजमी है। इस प्रगतिशील दौर में भी ऐसी अनेक खबरें प्रकाश में आई हैं कि जब अस्पताल गरीब मरीज के शव को घर पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस तक उपलब्ध नहीं करा पाए। धीरे-धीरे देश का स्वास्थ्य ढांचा सुधर रहा है लेकिन जिस तेजी के साथ इसे सुधरना चाहिए था, यह सुधर नहीं पाया है। कुछ समय पहले नीति आयोग ने स्वास्थ्य सेवाओं के लिए खर्च बढ़ाने की जरूरत बताई थी। नीति आयोग ने कहा था कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और उन्हें देश के हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए केन्द्र और राज्यों को मिलकर स्वास्थ्य सेवाओं की मद में खर्च को बढ़ाना होगा। भारत में स्वास्थ्य सेवाओं में जीडीपी का मात्र डेढ़ फीसद ही खर्च होता है। दुनिया के कई देश स्वास्थ्य सेवाओं की मद में आठ से नौ फीसद तक खर्च कर रहे हैं। 1940 के बाद से संक्रामक रोगों से प्रभावित होने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है। अब कई नए रोग हमारे सामने आए हैं और भविष्य में और नए रोग हमारे सामने आ सकते हैं। गौरतलब है कि कुछ समय पहले अमेरिका के 'सेंटर फॉर डिजीज डाइनामिक्स, इकोनॉमिक्स एंड पॉलिसी' (सीडीडीईपी) द्वारा जारी एक रिपोर्ट में बताया गया था कि भारत में लगभग छह लाख डॉक्टरों और 20 लाख नर्सों की कमी है। भारत में 10,189 लोगों पर एक सरकारी डॉक्टर है, जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक हजार लोगों पर एक डॉक्टर की सिफारिश की है। इसी तरह हमारे देश मे 483 लोगों पर एक नर्स है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में एंटीबायोटिक दवाइयां देने के लिए उचित तरीके से प्रशिक्षित स्टाफ की कमी है, जिससे जीवन बचाने वाली दवाइयां मरीजों को नहीं मिल पाती हैं। आने वाले समय में हृदय रोग, मधुमेह और कैंसर जैसी बीमारियां भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करेंगी।

इस रिपोर्ट के अनुसार सन 2012 से 2030 के बीच इन बीमारियों के इलाज पर करीब 6.2 खरब डॉलर (41 लाख करोड़ रुपये से अधिक) खर्च होने का अनुमान है। रिपोर्ट में इन बीमारियों के भारत और चीन के शहरी इलाकों में तेजी से फैलने का खतरा बताया गया है। बताया गया है कि असंक्रामक रोग शहरों में रहने वाली मानव आबादी के स्वास्थ्य के लिए ही खतरा नहीं है बल्कि इसके चलते अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होने का अनुमान है। बढ़ता शहरीकरण और वहां पर काम और जीवनशैली की स्थितियां असंक्रामक रोगों के बढ़ने का मुख्य कारण है। सन 2014 से 2050 के बीच में भारत में 404 मिलियन (40 करोड़ चालीस लाख) आबादी शहरों का हिस्सा बनेगी। इसके चलते शहरों में अनियोजित विकास होने से स्थिति बदतर होगी। हमारे देश में व्यवस्था की नाकामी और विभिन्न वातावरणीय कारकों के कारण बीमारियों का प्रकोप ज्यादा होता है। भारत में डॉक्टरों की उपलब्धता की स्थिति वियतनाम और अल्जीरिया जैसे देशों से भी बदतर है। डॉक्टरों की कमी के कारण गरीब लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने में देरी होती है। यह स्थिति अन्ततः पूरे देश के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण पर गठित संसदीय समिति ने पिछले दिनों जारी अपनी रिपोर्ट में यह माना है कि हमारे देश में आम लोगों को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं न मिलने के अनेक कारण हैं। इसलिए स्वास्थ्य सुविधाओं को और तीव्र बनाने की जरूरत है। जनसंख्या वृद्धि के कारण बीमार लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। गौरतलब है चीन ,ब्राजील और श्रीलंका जैसे देश भी स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमसे ज्यादा खर्च करते हैं। पिछले दिनों योजना आयोग की एक विशेषज्ञ समिति ने भी यह सिफारिश की थी कि सार्वजनिक चिकित्सा सेवाओं के लिए आबंटन बढ़ाया जाए। चिकित्सा सेवा को दुरुस्त बनाकर ही हम आबादी को स्वस्थ रख सकेंगे।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## श्रीकृष्ण का क्रिया योग



संकलित
**दर्शन**

योगदा सत्संग सोसाइटी के संस्थापक और 'योगी कथामृत' के लेखक श्री श्री परमहंस योगानंद की श्रीमद्भगवद्गीता पर व्याख्या 'ईश्वर-अर्जुन संवाद' के अनुसार, कृष्ण शब्द की अनेक व्युत्पत्ति में हैं। इनमें 'श्याम' सर्वाधिक प्रचलित है, जो उनके रंग-रूप की ओर संकेत करता है। उन्हें चित्रों में प्रायः गाढ़े नीले रंग का दिखाया जाता है, जो देवत्व का प्रतीक है। नीला रंग दिव्य नेत्र में (भ्रूमध्य के बीच) दिखने वाले नीले प्रकाश का भी प्रतीक है, जो योग में चेतना की कूटस्थ चैतन्य अवस्था को दर्शाता है। मतलब कृष्ण का रंग आध्यात्मिकता का भी प्रतीक है और एक गूढ़ अर्थ की ओर संकेत करता है। योगानंद जी के अनुसार, इंद्रिय जनित लिप्स ग्रस्त संसार दिव्य प्रेम की शुद्धता को नहीं समझ पाता। शाब्दिक अर्थों से परे गोपियों संग कृष्ण लीलाओं का प्रतीकात्मक अर्थ, ब्रह्म और सृष्टि के उस रास से है, जो ईश्वरीय लीला को संसार में व्यक्त करता है। कृष्ण की वंशी की मधुर तान भक्तों को ध्यान जनित समाधि के मंडप में आने को पुकारती हैं, ताकि वह आनंददायक ईश्वरीय प्रेम का पान कर सकें। कृष्ण के जीवन का दर्शन हमें भौतिक जीवन के दायित्वों के निर्वहन और उन्हीं के बीच ईश्वर का सानिध्य पाने के प्रयासों के मध्य सामंजस्य साधना सिखाता है। कृष्ण सिखाते हैं कि परिवेश कुछ भी हो, ईश्वर को वहीं ले आओ, जहां उसने तुम्हें रखा है। कृष्ण ने अपने राजसी दायित्व निभाने हेतु दुष्ट शासकों के विरुद्ध कई अभियान किए, जिनमें कौरव-पांडवों के बीच हुए महाभारत युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


## क्या भोग लगाना पाखंड है?



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार सन 1989 में मैंने सुबह टीवी खोला तो जगत गुरु शंकराचार्य कांची कामकोटि जी से प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम चल रहा था। एक व्यक्ति ने प्रश्न किया कि हम भगवान को भोग क्यों लगाते हैं। जगद्गुरु शंकराचार्य जी ने कहा यह समझने की बात है कि जब हम प्रभु को भोग लगाते हैं तो वह उसमें से क्या ग्रहण करते हैं। मान लीजिए कि आप लड्डू लेकर भगवान को भोग चढ़ाने मंदिर जा रहे हैं और रास्ते में आपका जानने वाला कोई मिलता है और पूछता है यह क्या है तब आप उसे बताते हैं कि यह लड्डू है। फिर वह पूछता है कि किसका है? तब आप कहते हैं कि यह मेरा है। फिर जब आप वही मिष्ठान्न प्रभु के श्री चरणों में रख कर उन्हें समर्पित कर देते हैं और उसे लेकर घर को चलते हैं तब फिर आपको जानने वाला कोई दूसरा मिलता है और वह पूछता है कि यह क्या है ? तब आप कहते हैं कि यह प्रसाद है फिर वह पूछता है कि किसका है तब आप कहते हैं कि यह हनुमान जी का है। अब समझने वाली बात यह है कि लड्डू वही है। उसके रंग रूप स्वाद परिमाण में कोई अंतर नहीं पड़ता है तो प्रभु ने उसमें से क्या ग्रहण किया कि उसका नाम बदल गया। वास्तव में प्रभु ने मनुष्य के मम-कार को हर लिया। यह मेरा है का जो भाव था, अहंकार था प्रभु के चरणों में समर्पित करते ही उसका हरण हो गया। प्रभु को भोग लगाने से मनुष्य विनीत स्वभाव का बनता है शीलवान होता है। अहंकार रहित स्वच्छ और निर्मल चित्त मन का बनता है। इसलिए इसे पाखंड नहीं कहा जा सकता है। क्या भोग लगाना पाखंड है?

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पूर्व घटनाओं से भी प्रशासन ने सबक नहीं लिया

मनसा देवी मंदिर भगदड़ में छह लोगों की मौत हो गई और 40 लोग घायल हो गए। बिजली का करंट लगने से यह घटना हुई है। हाल ही में जगन्नाथपूरी की घटना और बेंगलुरु में खेले गए मैच के दौरान इन दो घटनाओ के बाद भी प्रशासन ने सबक नही लिया। प्रशासन को हर समय सतर्क रहने की जरूरत है। धार्मिक स्थलों पर घटनाओं का सिलसिला खत्म होता नजर नही आ रहा है। अक्सर ऐसी घटना ज्यादा भीड़भाड़ वाली जगह पर होती है, लेकिन सरकार को सुरक्षा व्यवस्था करनी चाहिए। दर्शन की होड़ और कुप्रबंधन के चलते हादसे हो जाते है। अभी दर्शन के लिए मन्दिरों में पैर रखने की जगह नही रहती है। सावन महीना अगले सप्ताह तक चलेगा। भीड़ बढ़ेगी, जबकि पुलिस प्रशासन अभी भी बन्दोबस्त से आंखे बंद किए हुए है।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### कांग्रेस का अपराध



मालेगांव विस्फोट प्रकरण में सभी आरोपियों का निर्दोष सिद्ध होना 'सत्यमेव जयते' की सजीव उद्घोषणा है। यह निर्णय कांग्रेस के सनातन विरोधी चरित्र को पुनः उजागर करता है, जिसने 'भगवा आतंकवाद' जैसा मिथ्या शब्द गढ़कर अपराध किया है।

**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### सत्य की विजय



मालेगांव ब्लास्ट केस में साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर एवं लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित समेत सभी अभियुक्त निर्दोष साबित हुए हैं। यह सत्य की विजय है, वह सत्य जो वर्षों से कांग्रेस द्वारा गढ़े गए 'हिंदू आतंकवाद' के झूठे नैरेटिव के विरुद्ध संघर्षरत था।

**-डॉ. मेधा कुलकर्णी, राज्यसभा सांसद**


### मेढ़े का निधन दुखद



राष्ट्र सेविका समिति की प्रमुख संचालिका प्रमिल मौसी मेढ़े के निधन का समाचार दु:खद है। उन्हें मातृशक्ति को जागरूक करने व राष्ट्र निर्माण में सशक्त भूमिका निभाने के लिए सदैव स्मरण किया जाएगा।

**नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा**

### आत्मनिर्भरता




मित्र देश बताने के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा भारतीय आयात पर कल 25 प्रतिशत शुल्क तथा रूस से तेल आयात करने पर पेनाल्टी लगाने की नई उभरी चुनौती को केन्द्र सरकार इसे अवसर एवं आत्मनिर्भरता में बदलकर देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित नहीं होने देगी।

**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

## करंट अफेयर


# ट्रंप प्रशासन के प्रतिबंधों का गंभीर प्रभाव पड़ेगा : फ्रांसेस्का



संयुक्त राष्ट्र की स्वतंत्र जांचकर्ता और गाजा में इजराइल की नीतियों की मुखर आलोचक फ्रांसेस्का अल्बानीज ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने हाल ही में उन पर जो प्रतिबंध लगाए हैं, उनका उनके जीवन और काम पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। फ्रांसेस्का गाजी पट्टी और वेस्ट बैंक के लिए संयुक्त राष्ट्र की विशेष वार्ताकार हैं। वह जेनेवा में 47 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद की ओर से चुने गए एक विशेषज्ञ समूह की सदस्य भी हैं। फ्रांसेस्का को फलस्तीनी क्षेत्र में मानवाधिकारों के कथित हनन की जांच का जिम्मा सौंपा गया है। वह गाजा पट्टी में फलस्तीनियों के "नरसंहार" को लेकर इजराइल की मुखर आलोचक रही हैं। हालांकि, इजराइल और उसे सैन्य सहायता उपलब्ध कराने वाले अमेरिका, दोनों ने फ्रांसेस्का के आरोप का दृढ़तापूर्वक खंडन किया है। अमेरिका ने कहा कि उसके और इजराइल के खिलाफ एक तरह का "राजनीतिक और आर्थिक युद्ध अभियान" चलाया जा रहा है। ट्रंप प्रशासन ने फ्रांसेस्का को उनके पद से हटाने के लिए संयुक्त राष्ट्र पर दबाव डाला था, लेकिन वह इसमें नाकाम रहा, जिसके बाद उसने जुलाई की शुरुआत में उन पर प्रतिबंध लगा दिए।

## ऑफ बीट

# पुराना पीठ दर्द मस्तिष्क से होता है उत्पन्न



पुराने पीठ दर्द से पीड़ित अधिकांश लोग स्वाभाविक रूप से सोचते हैं कि उनका दर्द चोट या शरीर में अन्य समस्याओं जैसे गठिया या उभरी हुई डिस्क के कारण होता है। लेकिन हमारी शोध टीम ने पाया है कि मस्तिष्क में होने वाली प्रक्रिया के रूप में दर्द के मूल कारण के बारे में सोचने से रिकवरी को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। हम दर्द पुनर्संसाधन थेरेपी नामक एक मनोवैज्ञानिक उपचार का अध्ययन कर रहे हैं जो मस्तिष्क में अप्रभावी और अनावश्यक दर्द संकेतों को 'बंद' करने में मदद कर सकता है। पुराने समय से चला आ रहा दर्द आज सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। यह अमेरिका में विकलांगता का प्रमुख कारण है, और इसकी आर्थिक लागत मधुमेह या कैंसर से भी अधिक है। सबसे आम दीर्घकालिक दर्द पीठ दर्द है। कई मरीज़ – और डॉक्टर – पीठ की विभिन्न समस्याओं की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिनके बारे में उन्हें संदेह है कि यह दर्द का कारण हो सकता है। इसलिए वे हर तरह के उपचार आज़माते हैं, लेकिन अक्सर कोई फायदा नहीं होता। वैज्ञानिकों की बढ़ती संख्या अब यह मानती है कि पुराने पीठ दर्द के कई मामले मुख्य रूप से मस्तिष्क में परिवर्तन के कारण होते हैं। दर्द किसी चोट से उत्पन्न हो सकता है, लेकिन फिर दर्द प्रणाली वहीं 'अटक' सकती है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

कैबिनेट ने 6 राज्यों को दी सौगात

# 4 मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं से 13 जिले होंगे लाभान्वित, 574 किमी बढ़ेगा रेल नेटवर्क

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कैबिनेट ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र ने महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा और झारखंड राज्यों के 13 जिलों को कवर करने वाली 4 परियोजनाओं को मंजूरी दी।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा और झारखंड राज्यों के 13 जिलों को कवर करने वाली रेल मंत्रालय की 4 मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को गुरुवार को मंजूरी प्रदान की है। इससे भारतीय रेलवे का मौजूदा नेटवर्क लगभग 574 किलोमीटर बढ़ जाएगा। इन परियोजनाओं की कुल लागत 11,169 करोड़ आंकी गई है। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने रेल मंत्रालय की 4 परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिनकी लागत 11,169 करोड़ है।

**प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की बैठक**

### ये परियोजनाएं शामिल

इनमें इटारसी नागपुर चौथी रेल लाइन, अलुआबारी रोड-न्यू जलपाईगुड़ी तीसरी और चौथी लाइन छत्रपति संभाजीनगर-परभणी डबलिंग, डांगापोसी-जरौली तीसरी और चौथी लाइन प्रमुख रूप से शामिल हैं।



### रेल मंत्री वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के फैसले की दी जानकारी

### यह चारों दिशाओं का मिलन

इटारसी-नागपुर चौथी रेलवे लाइन को लेकर वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने इटारसी और नागपुर के बीच चौथी लाइन को मंजूरी दी है। इसका निर्माण दिल्ली और चेन्नई के साथ-साथ मुंबई और हावड़ा को जोड़ने वाले उच्च-घनत्व वाले गलियारे पर किया जाएगा। यह चारों दिशाओं का मिलन बिंदु है। इन परियोजनाओं से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 574 किलोमीटर की वृद्धि होगी, जिससे कुल नेटवर्क और अधिक सशक्त होगा।

### 2,309 गांवों तक बढ़ेगा संपर्क 43 लाख लोगों को होगा लाभ

वैष्णव ने कहा कि इन प्रस्तावित मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं से लगभग 2,309 गांवों तक सम्पर्क बढ़ेगा, जो लगभग 43 लाख लोगों की आबादी को सीधा लाभ पहुंचाएंगे। यह परियोजनाएं कोयला, सीमेंट, क्लिंकर, जिप्सम, फ्लाई ऐश, कंटेनर, कृषि उत्पाद, पेट्रोलियम जैसे आवश्यक वस्तुओं के परिवहन के लिए अहम मार्गों पर गतिशीलता को बढ़ावा देंगी। इसके अलावा इससे सालाना 95.91 मिलियन टन अतिरिक्त मालवाहक ट्रैफिक को संभालने की क्षमता भी बढ़ेगी, जिससे देश के औद्योगिक और कृषि क्षेत्रों को प्रत्यक्ष लाभ होगा।

### 6 बड़े फैसले, किसान संपदा योजना के लिए 6520 करोड़ मंजूर

वैष्णव ने बताया कि दो फैसले किसानों से जुड़े हैं। बैठक में 15वें वित्त आयोग चक्र के दौरान 'प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना' के लिए 1920 करोड़ के अतिरिक्त खर्च को मंजूरी दी गई है। योजना का बजट बढ़कर 6520 करोड़ पहुंच गया है। प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना की घटक योजना एकीकृत शीत श्रृंखला और मूल्य संवर्धन अवसंरचना के अंतर्गत 50 बहु-उत्पाद खाद्य विकिरण इकाइयों को बनाने का फैसला किया गया है।

**अभिरुचि पत्र जारी होंगे**

आईसीसीवीएआई और एफएसक्यूएआई दोनों ही योजनाएं पीएमकेएसवाई योजना का हिस्सा हैं। ऐसे में देश भर की पात्र संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित करने के लिए अभिरुचि पत्र जारी किए जाएंगे।

**100 एनएबीएल लैब बढ़ाएंगी खाद्य सुरक्षा**

प्रति वर्ष 20 से 30 लाख मीट्रिक टन तक की कुल परिक्षण क्षमता सृजित होने की उम्मीद है। 100 एनएबीएल मान्यता प्राप्त खाद्य परीक्षण लैब्स की स्थापना की जाएगी।

## मालेगांव मामले के फैसले पर ज्यादातर 'माननीयों' ने जताई खुशी, मिली-जुली प्रतिक्रियाएं

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा

# आतंकवाद कभी भगवा न था और न ही कभी होगा, आखिरकार सच सामने आ ही गया

मालेगांव विस्फोट मामले में 17 साल बाद एनआईए की विशेष अदालत ने सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया। फैसले के बाद राजनीतिक गलियारे में बयानबाजी तेज हो गई है। भाजपा नेताओं ने इस फैसले का स्वागत किया और भगवा आतंकवाद को नकार दिया, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस फिर से इस फैसले को चुनौती देने की बात पर जोर दे रही है

*भाजपा नेताओं ने फैसले का स्वागत किया तो कांग्रेस ने चुनौती देने की बात कही*



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

महाराष्ट्र के मालेगांव विस्फोट मामले में गुरुवार को 17 साल बाद एनआईए की विशेष अदालत ने पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित सहित सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया। कोर्ट के इस फैसले के बाद राजनीतिक गलियारे में बयानबाजी तेज हो गई है। एक तरफ जहां तरफ भाजपा नेताओं ने इस फैसले का स्वागत किया। साथ ही 'भगवा आतंकवाद' के मुद्दे पर विपक्ष को आड़े हाथ लेना शुरू कर दिया है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस फिर से इस फैसले को चुनौती देने की बात पर जोर दे रही है। एनआईए कोर्ट के फैसले के बाद तेज होती सियासत के बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि आतंकवाद न कभी भगवा था, न है और न ही कभी होगा। उन्होंने कहा कि अब सच सामने आ गया है।

### मुझे 17 साल तक अपमानित किया मेरा जीवन बर्बाद किया: प्रज्ञा



बरी होने के बाद पहली बार साध्वी प्रज्ञा का बयान भी सामने आया। उन्होंने कहा कि सत्य की जीत हुई। मुझे 17 साल तक अपमानित किया गया।साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने मालेगांव बम धमाके मामले में बरी होने के बाद कहा कि उन्हें 17 साल तक अपमानित किया गया। उन्हें 13 दिनों तक प्रताड़ित किया गया। उन्होंने कोर्ट के प्रति सम्मान दिखाते हुए फैसले के दिन कोर्ट में मौजूदगी दर्ज कराई। साध्वी प्रज्ञा ने यह भी कहा कि उन्हें गलत तरीके से आरोपी बनाया गया, जिससे उनका जीवन बर्बाद हो गया और उन्हें अपने ही देश में आतंकवादी बना दिया गया।

### 'भगवा आतंकवाद' पर जवाब दे विपक्ष: रवि किशन

भाजपा सांसद रवि किशन ने कांग्रेस पर सीधा हमला करते हुए कहा कि जिस कांग्रेस ने भगवा आतंकवाद शब्द गढ़ा, आज उन्हें इसका जवाब देना होगा। उन्हें देश के 100 करोड़ हिंदुओं से माफी मांगनी चाहिए। किस आधार पर उन्होंने भगवा आतंक का नैरेटिव खड़ा किया? इसके पीछे का मास्टरमाइंड कौन था? अब यह साबित हो चुका है कि हिंदू आतंकी नहीं हो सकता।



### मुद्दे से भटकाने का प्रयास किया जा रहा: राहुल



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और उत्तर प्रदेश के रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सरकार पर मुद्दे से भटकाने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने नीतियों को तबाह किया। मुद्दे से भटकाने का प्रयास किया जा रहा है।

### जो दोषी हैं उन्हें सजा मिलनी चाहिए: अखिलेश



कोर्ट के फैसले के बाद सपा सांसदअखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मैंने पूरी रिपोर्ट नहीं पढ़ी है, लेकिन जो लोग इतनी बड़ी घटना में शामिल थे, उन्हें सजा मिलनी चाहिए।

### सबूत नहीं थे, इसलिए कोर्ट ने बरी किया: अठावले



केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कोर्ट के फैसले पर कहा कि इस केस की सुनवाई कई वर्षों तक चली। अदालत ने सभी आरोपियों को बरी किया क्योंकि उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं था। आतंकवादी का कोई धर्म नहीं होता।

### कांग्रेस की खुल गई पोल कृष्णा हेगड़े ने कहा



शिवसेना प्रवक्ता कृष्णा हेगड़े ने स्वागत करते हुए कहा कि हमें इस फैसले से बहुत खुशी है। कांग्रेस ने एक सोची-समझी साजिश के तहत इन लोगों को फंसाया और 'हिंदू आतंकवाद' शब्द गढ़ा। अब उनकी पोल खुल चुकी है।

### फैसले को चुनौती देगी कांग्रेस: कमलनाथ



इस फैसले पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ ने कहा कि इससे फर्क पड़ा है, वे इसे चुनौती देंगे। भाजपा कुछ भी कहे, लेकिन ये कोर्ट का फैसला है और इसे चुनौती दी जा सकती है।

## हरियाणा की नायब सरकार के फैसले 22,617 किसान हुए लाभान्वित

## रबी फसल-2025 के नुकसान की भरपाई के लिए 52 करोड़ रुपये का मुआवजा जारी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बृहस्पतिवार को प्रदेश के 22,617 लाभार्थी किसानों के लिए 52.14 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि जारी की, जिनकी रबी फसलें 2025 सीजन के दौरान ओलावृष्टि और भारी बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गई थीं। यह फसल क्षतिपूर्ति की आकलन 'क्षतिपूर्ति पोर्टल' के माध्यम से एकत्रित व्यापक फसल क्षति आंकड़ों के आधार पर की गई है, जिसे दिसंबर 2024 और मार्च 2025 के बीच चालू किया गया था। राज्य भर के किसानों ने पोर्टल पर अपना नुकसान दर्ज कराया था, जिसके बाद गहनता से आकलन और सत्यापन किया गया। हरियाणा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वेबसाइट के शुभारंभ के अवसर पर चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि गहन सत्यापन के बाद लगभग 57,485 एकड़ भूमि मुआवजे के लिए पात्र पाई गई। उन्होंने कहा कि मूल्यांकन में राज्य के 15 जिलों अंबाला, भिवानी, चरखी दादरी, गुरुग्राम, हिसार, झज्जर, जींद, कैथल, कुरूक्षेत्र, महेंद्रगढ़, मेवात, पलवल, रेवाड़ी, रोहतक और यमुनानगर को शामिल किया गया और प्रभावित किसानों को मुआवजा देने के लिए वित्तीय सहायता स्वीकृत की गई।

**फसल क्षतिपूर्ति की आकलन 'क्षतिपूर्ति पोर्टल' से की**

### रेवाड़ी को सबसे अधिक 19.92 करोड़ महेंद्रगढ़ को 10.74 करोड़ रुपए दिए

*मुख्यमंत्री ने कहा कि फसल खराबे वाले जिलों में रेवाड़ी को सबसे अधिक 19.92 करोड़ रुपए, महेंद्रगढ़ को 10.74 करोड़ रुपए, झज्जर को 8.33 करोड़ रुपए, गुरुग्राम को 4.07 करोड़ रुपए, चरखी दादरी को 3.67 करोड़ रुपए तथा भिवानी को 2.24 करोड़ रुपए का मुआवजा दिया गया है। अन्य जिलों को उनके सत्यापित प्रभावित क्षेत्रों और पंजीकृत किसानों के आधार पर अलग-अलग राशि जारी की गई है। इस मुआवजे का उद्देश्य 2025 के रबी सीजन के दौरान खराब मौसम की स्थिति के कारण होने वाले नुकसान से उबरने में किसानों की सहायता करना है। मुआवज़े की राशि की गणना सत्यापित प्रभावित क्षेत्र के आधार पर और आपदा राहत के सरकारी मानदंडों के अनुसार की गई। दावों के सत्यापन और पात्र लाभार्थियों को शीघ्र धनराशि जारी करने में जिला प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।*

चीनी ई-कॉमर्स कंपनी का ऐसा कारनामा

# ओडिशा ने की निंदा व 'अपमानजनक' बताया, अलीएक्सप्रेस माफी मांगे

## भगवान जगन्नाथ की छवि वाले पायदान बेचने पर बवाल

एजेंसी ⏭ भुवनेश्वर

ओडिशा में तब बड़ा विवाद खड़ा हो गया, जब पता चला कि चीनी ई-कॉमर्स वेबसाइट अलीएक्सप्रेस भगवान जगन्नाथ की तस्वीर वाले पायदान बेच रही है। राज्य की उप मुख्यमंत्री पार्वती परिदा ने इस कृत्य को 'अपमानजनक' बताया और अलीएक्सप्रेस से माफी की मांग की। उन्होंने एक्स पर उन्होंने लिखा- महाप्रभु जगन्नाथ हर ओडिया के दिल और आत्मा से जुड़े हैं। मैं कंपनी द्वारा भगवान जगन्नाथ की तस्वीर वाले पायदान बेचने की कड़ी निंदा करती हूं। इसे तुरंत हटाया जाए और भक्तों से माफी मांगी जाए।

### कंपनी ने कहा- उसने वह उत्पाद हटा दिया



इसके बाद अलीएक्सप्रेस ने कांग्रेस विधायक सोफिया फिरदौस की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उसने वह उत्पाद हटा दिया गया है। अलीएक्सप्रेस ने लिखा - हम आपकी रिपोर्ट की सराहना करते हैं। इस उत्पाद की समीक्षा की गई है और इसे हटा दिया गया है। आपके सुझावों से हमें अपने प्लेटफॉर्म को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। धन्यवाद कि आपने हमें एक सुरक्षित और सम्मानजनक ऑनलाइन अनुभव बनाने में सहयोग दिया।

### पटनायक ने की भर्त्सना

पूर्व सांसद और बीजू जनता दल के नेता अमर पटनायक ने भी अलीएक्सप्रेस की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि मैं भगवान जगन्नाथ की तस्वीर वाले पायदान बेचने के इस निंदनीय कृत्य की घोर भर्त्सना करता हूं। यह करोड़ों भक्तों की धार्मिक भावना का अपमान है। यह अत्यंत अशोभनीय है।

**प्रसिद्ध रेत कलाकार सुदर्शन ने भी की निंदा**

प्रसिद्ध रेत कलाकार और पद्मश्री पुरस्कार विजेता सुदर्शन पटनायक ने भी इस घटना की निंदा की। उन्होंने लिखा कि जय जगन्नाथ। हम दुनियाभर के सभी भक्तों से अपील करते हैं कि इस अस्वीकार्य कृत्य के खिलाफ आवाज उठाएं।

केंद्रीय मंत्री गडकरी से सीएम ने की मुलाकात

# मुख्यमंत्री साय की पहल: छत्तीसगढ़ को 600 करोड़ की सड़क परियोजनाओं की सौगात

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ की अधोसंरचना को रफ्तार देने के लिए एक अहम क़दम उठाया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाक़ात की, जिसमें राज्य की कई महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को मंजूरी मिली।

बैठक की सबसे बड़ी उपलब्धि रही केंद्रीय सड़क निधि के तहत 600 करोड़ रुपए की मंजूरी। इसके ज़रिए छत्तीसगढ़ में कई सड़कों के निर्माण और उन्नयन का रास्ता साफ़ हुआ है। इसके साथ ही स्टेट कैपिटल रीजन के अंतर्गत आने वाले दो लेन मार्ग को चार लेन में अपग्रेड करने की योजना को भी मंजूरी मिली है। रायपुर शहर की भीड़भाड़ को कम करने के लिए चार बड़े पुल बनाए जाएंगे,



जिनका भूमि पूजन शीघ्र ही होगा। वहीं, रायपुर से अन्य ज़िलों तक की सड़कें टू-लेन से फोर-लेन में बदली जाएंगी, जिससे आवागमन तेज़ और सुरक्षित हो जाएगा। बैठक में यह भी तय हुआ कि राज्य की सभी सड़क योजनाएं अब केंद्र के 'गति शक्ति पोर्टल' के ज़रिए भेजी जाएंगी, ताकि जल्द मंजूरी मिल सके। गडकरी ने रायपुर (आरंग)-बिलासपुर (दर्री) के बीच करीब 95 किमी लंबी छह लेन सड़क के लिए डीपीआर भेजने को कहा, जो औद्योगिक, कृषि और शैक्षिक क्षेत्रों को जोड़ेगी। साथ ही, नागपुर से रायपुर तक प्रस्तावित 300 किमी लंबा समृद्धि एक्सप्रेसवे पर भी शीघ्र डीपीआर मांगा गया है।

इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 ए में उन्नयन कार्य, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 में रेजिंग का कार्य एवं राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 में मजबूतीकरण के कुल 115.95 करोड़ के कार्यों की स्वीकृति मिली है। इनमें बिलासपुर शहर के भीतर 15 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण शामिल है, जिससे शहर में ट्रैफिक आसान होगा। कटनी-गुमला मार्ग के हिस्से में 11 किलोमीटर सड़क बनेगी जो गांवों को जोड़ने में मदद करेगी। वहीं, केशकाल के 4 किलोमीटर हिस्से की सड़क को मज़बूत किया जाएगा।

## खरगे और राहुल ने कहा- सरकार ने विदेश नीति को बर्बाद किया

टैरिफ से व्यापार और उद्योग क्षेत्र प्रभावित होंगे

# कांग्रेस अध्यक्ष ने उठाए अमेरिकी राष्ट्रपति की धमकी पर प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी पर सवाल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस ने अमेरिका द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने और डोनाल्ड ट्रंप के बेबुनियाद आरोपों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार ने भारत की विदेश नीति को बर्बाद कर दिया है।

खरगे ने ट्रंप के बयानों पर प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी को लेकर निशाना साधा। सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा कि संघर्ष विराम पर ट्रंप के बयानों पर मोदी ने संसद में मौन व्रत धारण कर रखा था। अब ट्रंप ने भारत पर जो बेबुनियाद आरोप लगाए हैं, क्या उस पर भी मोदी चुप रहेंगे? खरगे ने कहा कि ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ और जुर्माना थोपा है, जिससे देश के व्यापार, एमएसएमई सेक्टर, विभिन्न उद्योगों और किसानों को भारी नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि सरकार के मंत्री महीनों से अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत करने की बात कर रहे हैं। कुछ तो कई दिनों तक वॉशिंगटन में डेरा डाले रहे। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर तंज कसते हुए सवाल किया कि आपके दोस्त ने 'नमस्ते ट्रंप', 'अबकी बार ट्रंप सरकार' और आपकी दोस्ती का भारत को ये सिला दिया?

खरगे ने कहा कि ट्रंप ने टैरिफ लगाने के पीछे भारत द्वारा रूस से तेल और हथियारों का आयात, ब्रिक्स की सदस्यता और ब्रिक्स द्वारा अमेरिकी डॉलर पर हमले को कारण बताया है। खरगे ने इसे भारत की रणनीतिक स्वायत्तता वाली राष्ट्रीय नीति पर कड़ा प्रहार बताया। उन्होंने याद दिलाया कि डॉ. मनमोहन सिंह ने भारत को अमेरिका सहित 45 देशों से परमाणु छूट दिलाई थी। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने भारत का साथ देने के लिए अपना कानून बदल दिया था। लेकिन भारत केवल अमेरिका से परमाणु ईंधन और सामग्री लेने के लिए बाध्य नहीं था, उसके विकल्प खुले थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार की विदेश नीति ने उस राष्ट्रीय नीति को गहरा धक्का पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि ट्रंप पाकिस्तान के साथ तेल भंडार पर समझौता करने की बात कर रहे हैं, दूसरी ओर भारत को धमका रहे हैं और प्रधानमंत्री मोदी चुप्पी साधे बैठे हैं। उन्होंने अमेरिका-चीन-पाकिस्तान गठजोड़ पर भी चिंता व्यक्त की।

वहीं लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार ने देश की आर्थिक, रक्षा और विदेश नीतियों को बर्बाद कर दिया है। भारतीय अर्थव्यवस्था को 'डेड इकॉनमी' कहे जाने का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया इसे जानती है और मोदी सरकार ने अडानी की मदद करने के लिए हमारी अर्थव्यवस्था को खत्म किया है।

## जयराम का मोदी सरकार पर तीखा प्रहार, अमेरिका के साथ व्यापारिक असफलता पर उठाए सवाल

*ट्रंप से गले मिलने वाले को कैसे गले पड़ा 25 फीसदी का भारी भरकम टैक्स जयराम सहित विपक्ष ने पीएम की ओर उछाले सवाल*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने आज संसद में अमेरिका के साथ व्यापार समझौता विफल होने, अमेरिकी टैरिफ (शुल्क) और मोदी सरकार की नीति विफलताओं पर तीखा हमला बोला। उन्होंने वाणिज्य मंत्री द्वारा संसद में दिए गए बयान को गैर जिम्मेदाराना बताते हुए कहा कि मंत्री ने केवल आत्मप्रशंसा की और वास्तविक मुद्दों को पूरी तरह नज़रअंदाज़ कर दिया। जयराम ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 25 फीसदी तक का आयात शुल्क लगाने और रूस एवं ईरान से व्यापार करने पर अतिरिक्त दंड लगाने जैसे गंभीर विषयों पर सरकार ने कोई ठोस स्थिति स्पष्ट नहीं की। यह स्थिति भारतीय कारोबारियों के लिए गहरी चिंता का विषय है, लेकिन मोदी सरकार ने उनके भावनाओं और व्यावसायिक संकट पर ध्यान ही नहीं दिया। जयराम ने प्रधानमंत्री पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने ट्रंप से अपनी व्यक्तिगत मित्रता का बहुत प्रचार किया था, लेकिन जब व्यापारिक संबंधों की असली परीक्षा हुई, तो वह मित्रता पूरी तरह से खोखली साबित हुई।

उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति पर भी चिंता जताते हुए कहा कि देश आज भी दो गंभीर नीतिगत झटकों, विचित्र नोटबंदी और त्रुटिपूर्ण जीएसटी से उबर नहीं पाया है। उन्होंने कहा कि इन दो नीतियों ने उपभोक्ता मांग को प्रभावित किया है निजी निवेश भी बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। जयराम का कहना था कि भारतीय अर्थव्यवस्था की धीमी गति के लिए मोदी सरकार की नीतियां जिम्मेदार हैं। मौजूदा हालात में निजी क्षेत्र का निवेश और खपत दोनों निम्न स्तर पर हैं, जिससे देश की जीडीपी वृद्धि दर तेज नहीं हो सकती। उन्होंने इसे नीति स्तर पर सरकार की विफलता करार दिया।विपक्षी दलों के विभिन्न नेताओं ने केंद्र पर आरोप चस्पा करते हुए कहा कि मोदी सरकार केवल छवि निर्माण में व्यस्त है।

# ट्रंप टैरिफ से संकट में भारत की ज्वेलरी इंडस्ट्री, जा सकती है लाखों नौकरियां!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा का असर अब जमीनी स्तर पर दिखने लगा है। देश की ज्वेलरी इंडस्ट्री, जो हर साल अरबों डॉलर का एक्सपोर्ट करती है और लाखों लोगों को रोजगार देती है, अब गहरे संकट में है। ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक काउंसिल के चेयरमैन राजेश रोकड़े ने कहा कि खासतौर पर हैंडमेड ज्वेलरी का निर्यात इस फैसले से बुरी तरह प्रभावित होगा। उनका कहना है कि पहले जब 10 प्रतिशत टैरिफ लगा था, तब ही करीब 50,000 लोगों की नौकरियां खतरे में पड़ गई थीं। अब जब यह टैरिफ 25 प्रतिशत तक पहुंच गया है, तो एक लाख से अधिक रोजगार पर सीधा असर पड़ सकता है।

## जब 10 फीसदी टैरिफ लगा तो 50 हजार की नौकरियां खतरे में पड़ी थी

### अमेरिका को 9.9 अरब डॉलर का ज्वेलरी निर्यात

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक भारत ने पिछले वित्त वर्ष में अमेरिका को लगभग 9.9 अरब डॉलर मूल्य के रत्न और आभूषण निर्यात किए थे। अमेरिका इस सेक्टर के लिए सबसे बड़ा बाजार है। लेकिन अब 1 अगस्त से लागू होने जा रहे नए टैरिफ के बाद भारत की हैंडमेड और एक्सक्लूसिव डिज़ाइन वाली ज्वेलरी अमेरिका में महंगी हो जाएगी, जिससे ऑर्डर घटने की आशंका है। रोकड़े ने कहा कि अमेरिका में अब इन उत्पादों की बिक्री और स्वीकार्यता दोनों पर असर पड़ सकता है।



### ज्वेलरी सेक्टर पूरी तरह निर्यात पर निर्भर

रोकड़े ने यह भी कहा कि भारत ने पहले यूरोपीय संघ और मध्य-पूर्व जैसे बाजारों को विकल्प के रूप में खोजा था, लेकिन अमेरिका जैसा बड़ा बाजार खोना उद्योग के लिए घाटे का सौदा होगा। कामा ज्वेलरी के मैनेजिंग डायरेक्टर कॉलिन शाह ने कहा कि जेम्स और ज्वेलरी ऐसा सेक्टर है जो पूरी तरह निर्यात पर निर्भर है। ऐसे में ट्रंप की टैरिफ नीति का असर पूरे उद्योग पर पड़ना तय है। उन्होंने कहा कि पहले ही रूस-यूक्रेन और मिडल ईस्ट में जारी भू-राजनीतिक तनाव ने हालात मुश्किल कर रखे हैं। अब अमेरिका से आ रही अनिश्चितता उद्योग को और पीछे धकेल सकती है।

## मारुति का पहली तिमाही लाभ बढ़कर 3792 करोड़

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख वाहन कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) का चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ मामूली वृद्धि के साथ 3,792 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने गत वित्त वर्ष 2024-25 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में 3,760 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। एमएसआई ने बृहस्पतिवार को जारी बयान में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 40,493 करोड़ रुपये हो गई, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 36,840 करोड़ रुपये थी।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना (ई-टेंडरिंग द्वारा)**

**कार्य का नाम तथा स्थान :** स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली में यातायात लेखा भवन के सुधार के साथ दूरसंचार सुविधाओं का प्रावधान।

**कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 47,51,774.84/- मात्र

**धरोहर राशि :** रु. 95,000/- मात्र

**कार्यालय का पता :** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055

**निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय :** निविदा प्रपत्र जमा अपलोड करने का समय दिनांक 25.08.2025, 15:00 बजे तक

**वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055

सं.: 558-सिगनल-16-टेली-ओपनटेंडर-1018 दिनांक: 31.07.2025 2339/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### आरबीआई की हस्तक्षेप की आशंका से रुपया संभला

**मुंबई।** मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबर गया और 22 पैसे की बढ़त के साथ 87.58 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिका के भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने तथा रूसी कच्चा तेल एवं हथियार खरीदने पर जुर्माना लगाने के बाद भारतीय रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप की आशंका के बीच रुपया संभला है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि तीन साल से अधिक समय में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट यानी 89 पैसे टूटने के बाद रुपये ने कुछ हद तक वापसी की है लेकिन यह अब भी नकारात्मक रुख के साथ कारोबार कर रहा है।

# सेंसेक्स 296 अंक लुढ़का निफ्टी भी नुकसान में

भाषा ▶▶| मुंबई



स्थानीय शेयर बाजार में दो दिन से जारी तेजी पर बृहस्पतिवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 296 अंक लुढ़क गया। वहीं एनएसई निफ्टी में 87 अंक की गिरावट आई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत से आयातित वस्तुओं पर एक अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क और रूस से कच्चे तेल एवं सैन्य उपकरण खरीदने को लेकर 'जुर्माना' लगाने की घोषणा के बाद शेयर बाजार में गिरावट रही।

कारोबारियों ने कहा कि कमजोर शुरुआत के बावजूद बाजार में तेजी से सुधार हुआ। लेकिन कारोबारी सत्र के अंत में बिकवाली दबाव देखने को मिला। कुछ प्रमुख कंपनियों के शेयरों में खरीदारी ने बड़ी गिरावट को थामने में मदद की। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स दोपहर के कारोबार में थोड़ा सुधरा और अंत में 296.28 अंक यानी 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,185.58 अंक पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में यह 786.71 अंक तक लुढ़क गया था। बीएसई में सूचीबद्ध 2,418 शेयरों में गिरावट रही जबकि 1,598 शेयर बढ़त में रहे। वहीं 137 शेयर के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 86.70 अंक यानी 0.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,768.35 अंक पर बंद हुआ। छोटी कंपनियों से जुड़े बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में 0.85 प्रतिशत और मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप सूचकांक में 0.70 प्रतिशत की गिरावट रही। एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट में रहे, जबकि जापान का निक्की बढ़त के साथ बंद हुआ। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में मिला-जुला रुख रहा। अमेरिकी बाजार बुधवार को ज्यादातर गिरावट के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.74 प्रतिशत टूटकर 72.70 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। शेयर बाजार के के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 850.04 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। पिछले कारोबारी सत्र में, सेंसेक्स 143.91 अंक चढ़ा था जबकि निफ्टी 33.95 अंक के लाभ में रहा था।

### स्टारलिंक को उपग्रह इंटरनेट सेवा का लाइसेंस जारी, स्पेक्ट्रम आवंटन मानक भी तैयार

*नई दिल्ली। अरबपति एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को भारत में उपग्रह आधारित इंटरनेट सेवा शुरू करने के लिए एकीकृत लाइसेंस मिल गया है और इसके साथ ही स्पेक्ट्रम आवंटन के लिए एक नीतिगत ढांचे को भी अंतिम रूप दे दिया गया है। दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। देश में पहली मोबाइल कॉल के 30 वर्ष पूरे होने के अवसर पर यह घोषणा की गई। सिंधिया ने कहा, "स्टारलिंक को भारत में उपग्रह इंटरनेट सेवा शुरू करने के लिए एकीकृत लाइसेंस दिया गया है। स्पेक्ट्रम आवंटन और गेटवे निर्माण के लिए नीतिगत ढांचा तैयार कर लिया गया है ताकि सेवा शुरू करने में कोई बाधा न हो।" गेटवे संरचना उपग्रह से डेटा को भारत में लाने और भारत के इंटरनेट ढांचे से जोड़ने के लिए जरूरी होगी। भारती व जियो को स्पेक्ट्रम का इंतजार भारती समूह समर्थित यूटेलसैट वनवेब और जियो एसईएस को भी उपग्रह आधारित संचार सेवाएं शुरू करने के लिए स्पेक्ट्रम आवंटन का इंतजार है। सिंधिया ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की डिजिटल यात्रा एक हद तक असाधारण रही है।*

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **टिंकु, पुत्र:** प्रभु दयाल, **पता:** झुग्गी न. 166, मजदूर कैम्प, ओखला, नई दिल्ली, ने **CC No. 101/2019, Dt. 31/07/2025, U/s 33/52, Delhi Excise Act.,** थाना: पुल प्रह्लादपुर, नई दिल्ली, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **टिंकु,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **टिंकु,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 101/2019, Dt. 31/07/2025, U/s 33/52, Delhi Excise Act.,** थाना: पुल प्रह्लादपुर, नई दिल्ली, के उक्त अभियुक्त, **टिंकु,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02-09-2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री आजाद सहरावत, एलडी.
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी—01
जिला दक्षिण—पूर्व, कमरा न. 307
तृतीय तल, साकेत न्यायालय, नई दिल्ली

DP/10170/SE/2025
(Court Matter)

**मेरा किया जो काटे उसे ईनाम**

**गुरूजी सम्राट**



ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।

**7534997731**

### ग्राहकों को बेहतर सुविधा देने के उद्देश्य से एसुस एक्सक्लूसिव स्टोर्स पर शुरू हुई 'ड्रॉप ज़ोन' सर्विस

**नई दिल्ली।** ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए ताइवान की टेक जायंट कंपनी, एसुस ने बुधवार को अपने एसुस एक्सक्लूसिव स्टोर्स पर 'ड्रॉप ज़ोन' पहल का अनावरण किया। इस पहल के तहत ग्राहक किसी सर्विस सेंटर जाए बिना, सीधे स्टोर पर अपने लैपटॉप रिपेयर करने के लिए छोड़ सकते हैं। यह सुविधा उन्हें ज्यादा सहूलियत देगी और बिना किसी रुकावट के वे अपनी डिवाइस से जुड़े रह सकेंगे।एसुस इंडिया ने देश में आफ्टर-सेल्स सर्विस का एक बेहद व्यापक नेटवर्क तैयार किया है। ग्राहक 200 से अधिक रणनीतिक रूप से स्थापित सर्विस सेंटर्स, 14,900 से अधिक पिन कोड्स में ऑन-साइट होम सपोर्ट और 761 जिलों में उपलब्ध सर्विस का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा, कॉल, चैट, ईमेल और रिमोट ट्रबलशूटिंग जैसे ओम्नी-चैनल डिजिटल हेल्पडेस्क के जरिए एसुस 24x7 सहायता उपलब्ध कराता है। वहीं, मायएसुस ऐप और समर्पित यूट्यूब चैनल्स जैसे सेल्फ-सर्विस प्लेटफॉर्म्स से यूज़र्स कभी-भी और कहीं से भी अपनी समस्याओं का समाधान खुद कर सकते हैं।दिल्ली, कोलकाता, नागपुर, मुंबई और कोयंबटूर (तिरुपुर) जैसे प्रमुख बाजारों से शुरू होकर यह पहल देश के बड़े शहरों तक अपनी पहुँच स्थापित करेगी और अब इसमें नए विकसित हो रहे शहरों और क्षेत्रों को भी शामिल किया जा रहा है।

### सोना 500 रुपये टूटा, चांदी में 2,000 रुपये की गिरावट

**नई दिल्ली।** बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 500 रुपये टूटकर 98,020 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। रुपये में मजबूती के कारण कीमती धातु की कीमत पर अंकुश लगा। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 98,520 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को 400 रुपये टूटकर 97,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा। पिछले सत्र में यह 650 रुपये बढ़कर 98,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके अलावा, बृहस्पतिवार को चांदी की कीमतें 2,000 रुपये टूटकर 1,12,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रही। बुधवार को यह 1,14,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

### भारत में सोने की मांग में 10 प्रतिशत गिरावट

**मुंबई।** विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि सोने के दाम में रिकॉर्ड तेजी के कारण भारत में मूल्यवान धातु की मांग अप्रैल-जून तिमाही में 10 प्रतिशत घटकर 134.9 टन रही। एक साल पहले इसी तिमाही में मांग 149.7 टन थी। डब्ल्यूजीसी ने 'स्वर्ण मांग रुख, दूसरी तिमाही 2025' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा कि मूल्य के लिहाज से, इस साल दूसरी तिमाही में सोने की मांग 30 प्रतिशत बढ़कर 1,21,800 करोड़ रुपये हो गई।

**उत्तर रेलवे**

**खुली ई—निविदा सूचना**

उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला., उत्तर रेलवे, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली (भारत के राष्ट्रपति की ओर से) द्वारा मुहरबंद निम्नलिखित कार्य हेतु एक पैकेट **खुली ई—निविदा** आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का विवरण और स्थान | कार्य की अनुसूची के अनुसार ट्रैक मशीनों के हाइड्रोलिक पंपों और मोटरों की मरम्मत का कार्य। |
| 2 | कार्य समाप्त अवधि | 03 महीने |
| 3 | अनुमानित लागत | ₹ 48,70,165.00 |
| 4 | धरोहर राशि (ऑनलाइन जमा) | ₹ 97,400.00 |
| 5 | निविदा पत्र का मूल्य (ऑनलाइन जमा) | ₹ शून्य |
| 6 | निविदा जमा करने व खुलने की तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र दिनांक 31.07.2025 से दिनांक 22.08.2025 तक सायंकाल 15:00 बजे तक रेल वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेगा। निविदा 22.08.2025 को अपराह्न 15:00 बजे के बाद खुलेगी। |
| 7 | निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र का पूर्ण विवरण | इस निविदा की सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र बिडिंग के लिए IREPS (www.ireps.gov.in) पर दिनांक 08.08.2025 से दिनांक 22.08.2025 तक उपलब्ध रहेगा। निविदा से संबंधित सभी नियम व शर्त निविदा प्रपत्र में दी गयी हैं। निविदा सूचना का विवरण इस कार्यालय के सूचना पटल पर भी देख सकते हैं। |

प.सं.: 1—डब्ल्यू—उ.मु.,अभि.—टी.एम.सी.—ला.—07—25—26 दिनांक: 31.07.2025
2340/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## जून तिमाही में राजकोषीय घाटा पूरे वर्ष के लक्ष्य का 17.9% रहा

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा जून के अंत में पूरे वित्त वर्ष के लक्ष्य का 17.9 प्रतिशत रहा है। महालेखा नियंत्रक (सीजीए) द्वारा बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। पिछले वित्त वर्ष के पहले तीन महीनों में यह 2024-25 के बजट अनुमान (बीई) का 8.4 प्रतिशत था। मूल्य के हिसाब से राजकोषीय घाटा, या सरकार के खर्च और आमदनी के बीच का अंतर, चालू वित्त वर्ष (2025-26) की अप्रैल-जून अवधि में 2,80,732 करोड़ रुपये रहा है। केंद्र का अनुमान है कि 2025-26 के दौरान राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.4 प्रतिशत या 15.69 लाख करोड़ रुपये रहेगा। भारत सरकार को जून, 2025 तक 9.41 लाख करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। इसमें 5.4 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध कर राजस्व, 3.73 लाख करोड़ रुपये का गैर-कर राजस्व और 28,018 करोड़ रुपये का गैर-ऋण पूंजीगत प्राप्तियां शामिल हैं। सीजीए के आंकड़ों से पता चला है कि सरकार द्वारा करों के हिस्से के हस्तांतरण के रूप में राज्य सरकारों को 3,26,941 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 47,439 करोड़ रुपये अधिक है।केंद्र द्वारा किया गया कुल व्यय 12.22 लाख करोड़ रुपये था।

**☛ रेलयात्री कृपया ध्यान दें! ☚**

**महत्वपूर्ण सूचना**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी का संचालन करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:—

**रेलगाड़ी सं. 04081/04082 नई दिल्ली – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – नई दिल्ली आरक्षित एक्सप्रेस विशेष** — 06 फेरे

| गाड़ी सं. 04081 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04082 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 23:45 | नई दिल्ली | 10:30 | ---- |
| 00:58 | 01:00 | पानीपत | 07:30 | 07:32 |
| 01:43 | 01:45 | कुरुक्षेत्र जं. | 06:48 | 06:50 |
| 02:32 | 02:40 | अम्बाला छावनी | 05:50 | 05:55 |
| 04:06 | 04:16 | ढंडारी कलां | 04:00 | 04:10 |
| 05:26 | 05:28 | जलंधर छावनी | 02:45 | 02:50 |
| 07:15 | 07:20 | पठानकोट छावनी | 00:45 | 00:50 |
| 09:15 | 09:25 | जम्मू तवी | 23:00 | 23:05 |
| 11:08 | 11:10 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 21:48 | 21:50 |
| 11:40 | ---- | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | ---- | 21:20 |

**चलने के दिन: 04081 नई दिल्ली** से दिनांक 14, 15 एवं 16.08.2025 को तथा **04082 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा** से दिनांक 15, 16 एवं 17.08.2025 को।
**स्थान:** प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

2343/2025 पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा—हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता**
**महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal:https://eproc.cgstate.gov.in

**( प्रथम आमंत्रण )**

**सिस्टम निविदा क्र. 172784/ निविदा सूचना क्र. 05/वलेलि/ 2025-26, राजनांदगांव, दिनांक 30.07.2025**

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **20.08.2025, 17:30** तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम :** राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव विकासखण्ड अन्तर्गत शिवनाथ व्यपवर्तन के मुख्य नहर आर.डी. 26790 मी से 34580 मी. एवं 10 नग लघु नहरों (रातापायली, किरगी-1, किरगी-2, भोथली, संबलपुर, भंवरमरा, सिंघोला-1, सिंघोला- 2, हरदी- 1, हरदी - 2) का लाईनिंग एवं पुनर्निर्माण कार्य एवं 81 नग स्ट्रक्चर का निर्माण / पुनर्निर्माण अर्थात मुख्य नहर के 04 नग माइनर हेड, 01 नग नॉन कन्ट्रोलिंग वियर, 09 नग इनलेट ( पाईप ), 02 नग इनलेट (स्लैब), व्ही. आर. बी. के विंगवॉल एवं पैरापेट वॉल का मरम्मत एवं माइनर नहरों के 18 नग व्ही. आर. बी., 03 नग 0.30 मीटर फॉल, 12 नग 0.45 मी. फॉल, 01 नग 0.60 मी. फाल, 02 नग, 0.75 मी. फॉल, 06 नग 0.90 मी. फॉल, 02 नग 1.00 मी फॉल, 01 नग 1.20 मी. फॉल, 16 नग व्ही. आर. बी. कम साईफन, 04 नग डी. सी. एवं 120 नग कुलापा का निर्माण कार्य ।

**अनुमानित लागत : रूपये 2408.63 लाख।**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साईट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **06.08.2025** समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोट :** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, राजनांदगांव (छ.ग.)**
**कृते, मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,**
**जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**

G-252602517/4

## राशिफल



**मेष:** रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन:** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह:** कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या:** परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला:** धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक:** भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु:** कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।


**कुंभ:** तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन:** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

## गांवों में 76 प्रतिशत से अधिक परिवारों की खपत बढ़ी: नाबार्ड सर्वेक्षण

**नई दिल्ली (भाषा)।** देश के 76.6 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों ने खपत में वृद्धि की सूचना दी है जो उपभोग-आधारित वृद्धि की निरंतर गति को दर्शाता है। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने एक सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह बात कही है। 'ग्रामीण आर्थिक स्थिति और धारणा सर्वेक्षण' (आरईसीएसएस) के जुलाई, 2025 चरण से संकेत मिलता है कि मुद्रास्फीति की चिंताएं कम हो गई हैं और 78.4 प्रतिशत से अधिक परिवारों की राय में वर्तमान मुद्रास्फीति पांच प्रतिशत या उससे कम है। यह बेहतर मूल्य स्थिरता को दर्शाता है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित ग्रामीण मुद्रास्फीति मार्च के 3.25 प्रतिशत से घटकर अप्रैल में 2.92 प्रतिशत और मई में 2.59 प्रतिशत हो गई। खाद्य मुद्रास्फीति भी मई में घटकर 1.36 प्रतिशत रह गई। सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रामीण परिवारों का वित्तीय स्वास्थ्य भी बेहतर हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों के 20.6 प्रतिशत परिवारों ने अधिक बचत होने की सूचना दी है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि ऋण के विभिन्न असंगठित स्रोतों में से दोस्तों एवं रिश्तेदारों की हिस्सेदारी साहूकारों की हिस्सेदारी से अधिक थी। सर्वेक्षण के जुलाई, 2025 के दौर में असंगठित ऋण पर दी जाने वाली औसत ब्याज दर में लगभग 0.30 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

### शब्द पहेली - 5945




**बाएँ से दाए**
1.ईष्ट कृपा,वर-4
3.मान का विलोम-4
8.शैतानी करना-4,3
10.झगड़ा,बैर-3
11.जंगल,वन-3
13.सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15.जलने के बाद बचे अवशेष-2
17.कार्य-2
18.पतवार-2
19.नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21.नमस्कार-3
25.बूंद-3
26.जिज्ञासा,लगन-3
27.आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30.मां के माता-पिता-2,2
31.रपटना-4

**ऊपर से नीचे**
2.वलय,घेरा-3
4.तीन घंटे का समय-3
5.खिसकना-4
6.उन्मादी,मदमस्त-4
7.यज्ञ,होम-3
8.नगर-3
9.तिरस्कृत-3
12.रूप अभिमान-3
13.शांति-3
14.प्रतिज्ञा-3
16.सहभोज-3
20.मोजा, पायताबा-3
22.उदारता-4
23.परवरिश करना-3
24.वचन तोड़ना-4
25.लेखनी-3
28.लिखावट-3
29.अमीर,धनवान-3

**शब्द पहेली- 5944 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मा | न | त | | अ | | बी | र | ब | ल |
| | ला | | वा | | म | हि | मा | | ल | व |
| म | | | य | की | न | | र | | | कु |
| त | क | ली | फ | | चै | त्र | | क | ल | श |
| वा | | ड | | रा | न | | गै | | ह | |
| ला | प | र | वा | ह | | का | र | गु | जा | री |
| | र | | दा | | अ | स्त | | मा | | मा |
| प्र | ख | र | | पा | प | | म | न | च | ला |
| जा | | | शा | | ह | न | न | | | गू |
| प | र | | पि | ह | र | | ह | | शा | |
| ति | जा | र | त | | ण | | र | ह | म | त |



# इगा स्वियातेक का विजय अभियान जारी, आसान जीत के साथ तीसरे दौर में पहुंची

एजेंसी ▶▶| मॉन्ट्रियल

विंबलडन चैंपियन इगा स्वियातेक ने अपना दमदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चीन की गुओ हान्यू को 6-3, 6-1 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया।

विंबलडन के फाइनल में अमांडा अनिसिमोवा को 6-0, 6-0 से हराने के बाद पहली बार कोई मैच खेल रही स्वियातेक ने जल्द ही 4-0 की बढ़त बना ली और फिर अपने विजय अभियान को 24 मैच तक पहुंचा दिया। पोलैंड की विश्व में दूसरे नंबर की खिलाड़ी स्वियातेक का अगला मुकाबला जर्मनी की ईवा लिस से होगा, जिन्होंने रूस की अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को 6-3, 6-4 से हराया।



### शेल्टन ने मन्नारिनो को हराया

टोरंटो। बेन शेल्टन ने कैनेडियन ओपन के अपने पहले मैच में एड्रियन मन्नारिनो को 6-2, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। शेल्टन ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में अपनी 25वीं जीत दर्ज की। 22 वर्षीय बेन शेल्टन फिलहाल पीआईएफ एटीपी रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर हैं। वह पिछले 10 में से 8 मुकाबले जीत चुके हैं। शेल्टन ने मैच के बाद कहा, आखिरी गेम में थोड़ा तनाव जरूर था, लेकिन मुझे खुशी है कि मैं अंत तक संयमित रहा और ब्रेक प्वॉइंट पर भी सर्व करते हुए मैच को खत्म कर पाया। अब शेल्टन का अगला मुकाबला 25वें वरीय ब्रैंडन नकाशिमा से होगा, जिन्होंने हमवतन खिलाड़ी एथन क्विन को 7-6(6), 6-4 से हराया। टोरंटो में इस फोर्टनाइट के दौरान शेल्टन अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब जीतने की कोशिश में हैं। एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में फिलहाल नौवें स्थान पर हैं। इस साल वह निट्टो एटीपी फाइनल्स में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराने की ओर बढ़ रहे हैं।





### रुबलेव ने दर्ज की 250वीं जीत

इससे पहले, आंद्रे रुबलेव ने ह्यूगो गैस्टन को 6-2, 6-3 से हराकर हार्ड कोर्ट पर अपने करियर की 250वीं जीत दर्ज की। 27 वर्षीय रुबलेव ने गैस्टन के खिलाफ 19 विनर्स और 17 अनफोर्स्ड एरर्स के साथ मुकाबला समाप्त किया और तीसरे दौर में प्रवेश किया। छठे वरीय रुबलेव ने पिछले साल इसी एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में फाइनल तक का सफर तय किया, जहां उन्हें एलेक्सी पोपिरिन से हार का सामना करना पड़ा था। इस सीजन का अपना दूसरा खिताब जीतने की कोशिश में दोहा ओपन चैंपियन रुबलेव अब 28वें वरीय लोरेंजो सोनेगो से भिड़ेंगे।

### गैब्रियल तीसरे दौर में अब मुकाबला फ्रिट्ज से

टोरंटो। कनाडा के लंबे कद के खिलाड़ी गैब्रियल डायलो ने इटली के माटेओ गिगांटे को 6-3, 7-6 (5) से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया। मॉन्ट्रियल के रहने वाले छह फुट आठ इंच लंबे दाएं हाथ के खिलाड़ी डायलों ने बारिश से प्रभावित मैच में एक घंटे 46 मिनट में जीत दर्ज की। डायलो ने पिछले महीने नीदरलैंड में अपना पहला एटीपी टूर खिताब जीता था। अब उनका सामना अमेरिका के दूसरे वरीय टेलर फ्रिट्ज से होगा, जिन्होंने स्पेन के रॉबर्टो कार्बालेस बाएना को 7-5, 7-6 (1) से हराया। दूसरे दौर के अन्य मैचों में चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी बेन शेल्टन ने फ्रांस के क्वालीफायर एड्रियन मन्नारिनो को 6-2, 6-3 से और रूस के छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव ने फ्रांस के ह्यूगो गैस्टन को 6-2, 6-3 से हराया।

## खबर संक्षेप




### प्रो कबड्डी लीगः 29 अगस्त से चार शहरों में खेली जाएगी

**मुंबई।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) का 12वां सत्र 29 अगस्त से शुरू होगा और इसे चार शहरों विशाखापट्टनम, जयपुर, चेन्नई और नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने गुरुवार बताया कि नए सत्र के पहले दिन विशाखापत्तनम के राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम में तेलुगू टाइटन्स का सामना तमिल थलाइवाज से और बेंगलुरु बुल्स का पुनेरी पल्टन से होगा। विशाखापट्टनम में 2018 के बाद पहली बार पीकेएल के मैच खेले जाएंगे। पीकेएल का दूसरा चरण 12 सितंबर से जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम के इंडोर हॉल में आयोजित किया जाएगा, जहां टूर्नामेंट ने 2023-24 के सत्र में अपने 1,000 मैच पूरे किए थे। तीसरा चरण 29 सितंबर से चेन्नई के एसडीएटी इंडोर स्टेडियम में जबकि चौथा और अंतिम चरण 13 अक्टूबर से नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। प्लेऑफ़ का कार्यक्रम बाद में घोषित किया जाएगा।

### जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी में खेलेंगी 30 टीमें



**काकीनाडा।** हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप शुक्रवार से शुरू होगी, जिसमें कुल 30 टीम भाग लेंगी। इस बार यह प्रतियोगिता डिवीजन आधारित प्रारूप में खेली जाएगी, जिसमें टीमों को तीन डिवीजन ए, बी और सी में बांटा गया है। प्रतियोगिता 12 अगस्त तक चलेगी। ए और बी डिवीजन में सबसे नीचे रहने वाली दो टीमों को अगले वर्ष के टूर्नामेंट में क्रमशः बी और सी में रेलीगेट कर दिया जाएगा जबकि बी और सी डिवीजन की शीर्ष दो टीमों को क्रमशः ए और बी डिवीजन में जगह मिलेगी। डिवीजन ए में देश की शीर्ष 12 टीमें शामिल हैं। इसके पूल ए में गत वर्ष की चैंपियन हॉकी झारखंड, पूल बी में पिछले वर्ष की उपविजेता हॉकी मध्य प्रदेश और पूल सी में तीसरे नंबर की टीम हॉकी हरियाणा शामिल है।

### राष्ट्रमंडल युवा खेलों की मेजबानी करेगा माल्टा



**नई दिल्ली।** माल्टा 2027 में राष्ट्रमंडल युवा खेलों के आठवें चरण की मेजबानी करेगा, जिसमें 74 देशों के 14 से 18 वर्ष के खिलाड़ी आठ खेलों में हिस्सा लेंगे। राष्ट्रमंडल खेलों की संचालन संस्था ने गुरुवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रमंडल खेलों की संस्था ने हालांकि इनकी तारीखों की घोषणा नहीं की कि लेकिन कहा कि यह 2027 के अंत में आयोजित होंगे। राष्ट्रमंडल खेल ने कहा, 'राष्ट्रमंडल खेल को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि आठवें राष्ट्रमंडल युवा खेल की मेजबानी माल्टा 2027 के अंत में करेगा। माल्टा 2027 में 74 देशों और क्षेत्रों के 14 से 18 वर्ष के लगभग 1150 खिलाड़ियों का स्वागत करेगा।'

### पांचवां टेस्ट : एटकिंसन और टंग ने दो-दो विकेट झटके

## नायर का अर्धशतक, भारत के छह विकेट पर 204 रन

### शुभमन ने तोड़ा गावस्कर का रिकॉर्ड

भाषा ▶▶| लंदन

भारतीय टीम में वापसी कर रहे करुण नायर ने अर्धशतक जड़ा लेकिन गस एटकिंसन और जोश टंग की धारदार गेंदबाजी से इंग्लैंड ने पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के वर्षा से प्रभावित पहले दिन बृहस्पतिवार को यहां मेहमान टीम का पहली पारी में स्कोर छह विकेट पर 204 रन करके अपना पलड़ा भारी रखा। एटकिंसन (31 रन पर दो विकेट) और टंग (47 रन पर दो विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने भारत ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और गेंदबाजी की अनुकूल परिस्थितियों में नायर के अलावा उसका कोई अन्य बल्लेबाज टिककर नहीं खेल पाया। बारिश के कारण पहले दिन 64 ओवर का ही खेल संभव हो पाया। भारत ने 153 रन पर छह विकेट गंवा दिए थे जिसके बाद नायर (नाबाद 52 रन, 98 गेंद, सात चौके) और वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 19 रन) ने सातवें विकेट के लिए 51 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को वापसी दिलाने का प्रयास किया। भारत के लिए पहले दो सत्र की तरह तीसरे सत्र में भी शुरुआत अच्छी नहीं रही। एक छोर पर टिककर खेल रहे साई सुदर्शन (38) टंग की शानदार आउटस्विंगर पर विकेटकीपर जेमी स्मिथ के हाथों लपके गए जिससे भारत का स्कोर चार विकेट पर 101 रन हो गया। नायर ने टंग के अगले ओवर में दो चौके मारे लेकिन इस तेज गेंदबाज ने रविंद्र जडेजा (09) को स्मिथ के हाथों कैच कराके भारत को पांचवां झटका दिया। जडेजा ने चौथे टेस्ट की दूसरी पारी में नाबाद शतक जड़कर वाशिंगटन के साथ मिलकर भारत को हार से बचाया था। ध्रुव जुरेल 19 रन की पारी के दौरान अच्छी लय में नजर आए। वह गस एटकिंसन की अंदर आती गेंद पर पगबाधा होने से बचे लेकिन अगली गेंद पर दूसरी स्लिप में हैरी ब्रूक को कैच दे बैठे। नायर ने जेमी ओवरटन पर लगातार दो चौकों के साथ दबाव कम करने का प्रयास किया। नायर और वाशिंगटन ने इंग्लैंड के गेंदबाजों का डटकर सामना किया। नायर ने 62वें ओवर में जैकब बेथेल की गेंद पर दो रन के साथ 89 गेंद में अपने करियर का पहला अर्धशतक पूरा किया और साथ टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। इससे पहले बारिश के कारण लंच और चाय के बीच सिर्फ छह ओवर का खेल हो गया जिसमें भारत ने कप्तान शुभमन गिल (21) का विकेट गंवाकर 13 रन बनाए। लंच से पहले अचानक आई बारिश के कारण दूसरे सत्र का खेल स्थानीय समयानुसार दोपहर तीन बजे शुरू हुआ।



### गिल ने गैरी सोबर्स का 59 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

पांचवें टेस्ट मैच में गुरुवार को कप्तान गिल बल्लेबाजी करने के लिए मैदान पर उतरे। गिल ने अपना खाता छठी गेंद पर जैसे ही खोला उसके साथ ही उनके इस टेस्ट सीरीज में कुल 723 रन हो गए और वह एसईएनए देशों में बतौर कप्तान एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। इससे पहले ये रिकॉर्ड गैरी सोबर्स के नाम पर था, जिन्होंने साल 1966 में इंग्लैंड दौरे पर खेली गई टेस्ट सीरीज में बतौर कप्तान कुल 722 रन बनाए थे।

### गावस्कर के रिकॉर्ड को गिल ने किया ध्वस्त

ओवल टेस्ट मैच में शुभमन गिल ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की, जिसमें वह अब भारत के लिए एक टेस्ट सीरीज में कप्तान के तौर पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं। शुभमन गिल ने इस मामले में सुनील गावस्कर के रिकॉर्ड को ध्वस्त किया है, जिसमें गावस्कर ने साल 1978-79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में बतौर कप्तान कुल 732 रन बनाए थे। अब इस लिस्ट में शुभमन गिल टॉप पर पहुंच गए हैं।

### एक टेस्ट सीरीज में भारतीय कप्तान के सर्वाधिक रन

| | | |
|---|---|---|
| 733 रन | शुभमन | 2025 |
| 732 रन | गावस्कर | 1978/79 |
| 655 रन | कोहली | 2016/17 |
| 610 रन | कोहली | 2017/18 |
| 593 रन | विराट | 2018 |

### विदेशी चुनौतियों से पार पाना हमेशा विशेष होता हैः जुरेल

भारत के विकेटकीपर ध्रुव जुरेल समझते हैं कि विदेशी परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने से खिलाड़ी का आत्मविश्वास बढ़ता है और वह चोटिल उप कप्तान ऋषभ पंत की जगह इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### शतरंज

## प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रही थी : दिव्या



एजेंसी ▶▶| नागपुर

ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख ने कहा है कि हमवतन कोनेरू हम्पी के खिलाफ फिडे महिला विश्व कप फाइनल खेलते समय उन पर किसी भी तरह का दबाव नहीं था क्योंकि उनके पास खोने के लिए कुछ नहीं था। दिव्या जॉर्जिया के बातुमी से नागपुर पहुंचीं और एक विश्व चैंपियन के तौर पर उनका भव्य स्वागत किया गया।

हवाई अड्डे पर लोगों के दिखाए गए स्नेह से यह युवा खिलाड़ी अभिभूत थी। उन्नीस साल की दिव्या ने दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन 38 वर्षीय हम्पी को दो क्लासिकल दौर के ड्रॉ रहने के बाद समय-नियंत्रित टाई-ब्रेक में हराया। यह दिव्या के करियर की सबसे बड़ी सफलता रही।

दिव्या से जब पूछा गया कि क्या वह फाइनल में दबाव में थीं तो उन्होंने कहा, ''मुझे नहीं लगा कि मैं मुश्किल में थी। मुझे लगता है कि उन्होंने (हम्पी) जो आखिरी गलती की, उसी ने मुझे जीत दिलाई।' उन्होंने कहा, 'मैं सिर्फ अपने प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रही थी। मैं किसी और चीज के बारे में नहीं सोच रही थी।'

### कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भी जगह पक्की

दिव्या ने इस प्रतियोगिता में एक छुपी रूस्तम के तौर पर प्रवेश किया था और उनका लक्ष्य ग्रैंडमास्टर नॉर्म जीतने का था और आखिरकार वह ग्रैंडमास्टर बन गईं। दिव्या ने सिर्फ ग्रैंडमास्टर नॉर्म ही नहीं हासिल किया बल्कि टूर्नामेंट भी जीत लिया और अगले साल के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भी जगह पक्की की। साथ ही 50 हजार अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि भी हासिल की। इस खिलाड़ी को उम्मीद है कि उनकी सफलता के बाद भारत में महिला शतरंज काफी लोकप्रिय होगा। उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि इस सफलता के बाद महिलाएं विशेषकर युवा खिलाड़ी इस खेल को बड़े पैमाने पर अपनाएंगी।

### नेपाल करेगा मेजबानी

## विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 क्वालिफायर का शेड्यूल जारी




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 के क्वालीफायर मैच का शेड्यूल आईसीसी ने जारी कर दिया है। क्वालीफायर मैचों का आगाज 12 जनवरी 2026 से होगा, जो कि 2 फरवरी 2026 तक खेला जाएगा, जिसकी मेजबानी नेपाल को दी गई है। 21 दिन के इस इवेंट में कुल 10 टीमें दो अलग-अलग जगह मुलपानी, काठमांडू में आपस में भिड़ेंगी।

■ 21 दिन के इवेंट में 10 टीमें आपस में भिड़ेंगी

बांग्लादेश और आयरलैंड की टीमों ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में खेलकर पहले ही क्वालीफायर के लिए सीधी एंट्री कर ली है, जबकि थाईलैंड और नेपाल ने, जबकि यूएसए ने टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर लिया है। अब बची हुई 5 टीमों में से दो-दो टीमें अफ्रीका और यूरोप, जबकि एक टीम ईस्ट एशिया पैसेफिक से ली जाएगी।


दरअसल, नेपाल में होने वाले आईसीसी महिला वर्ल्ड कप 2026 का क्वालीफायर अहम होगा, जिसमें 10 टीमों को दो अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया है। हर एक ग्रुप में 5 टीमें होगी। इसके बाद सुपर सिक्स स्टेज और फाइनल मैच खेला जाएगा। पूरे शेड्यूल का ऐलान जल्द ही घोषित किया जाएगा।

### इवेंट की शुरुआत 12 जून से

आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 के शेड्यूल का पहले ही ऐलान हो गया है, जिसमें इंग्लैंड और वेल्स को मेजबानी मिली हैं। इस इवेंट की शुरुआत 12 जून से होनी है, जिसका फाइनल 5 जुलाई 2026 को खेला जाएगा। वहीं इन 24 दिनों के अंतराल में कुल 33 मैच खेले जाएंगे, जो कि 7 वेन्यू पर खेले जाएंगे, जिसमें ओल्ड ट्रैफर्ड, हेंडिंग्ले, हैम्पशायर बॉल, ब्रिस्टोल काउंटी ग्राउंड शामिल है। वहीं, इस बार महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 का फाइनल मैच बेहतरीन होगा, क्योंकि वह लंदन के ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा।

## सीनियर राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियनशिप 23 अगस्त से नई दिल्ली में होगी शुरू

**नई दिल्ली।** सीनियर राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियनशिप का आयोजन 23 से 28 अगस्त तक नई दिल्ली में किया जाएगा। भारतीय स्क्वाश रैकेट महासंघ (एसआरएफआई) ने गुरुवार को यह घोषणा की। एसआरएफआई के महासचिव साइरस पोंचा ने कहा, 'हमारी सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप तीन हफ्ते बाद दिल्ली के ध्यानचंद स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता की तारीखें 23 से 28 अगस्त हैं।' उन्होंने कहा, 'इस प्रतियोगिता में अधिकतर शीर्ष खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है।' एसआरएफआई ने टेक दिग्गज एचसीएल के साथ मिलकर गुरुवार को एचसीएल इंडिया स्क्वाश टूर 2025-26 का भी शुभारंभ किया। पेशेवर स्क्वाश संघ (पीएसए) टूर का भारत के छह शहरों में विस्तार हो चुका है और पीएसए देश में



अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा लाएगा, जिससे पीएसए रैंकिंग अंक, बढ़ा हुआ नकद पुरस्कार और घरेलू खिलाड़ियों के लिए विश्व स्तर पर उत्कृष्टता हासिल करने की राह मिलेगी। नए सिरे से तैयार किए गए 2025-26 सत्र में जयपुर, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, अहमदाबाद और नई दिल्ली शामिल हैं।

## भारतीय पहलवान रचना और अश्विनी अंडर-17 विश्व चैंपियन, मोनी उपविजेता

भाषा ▶▶| एथेंस

भारतीय पहलवान रचना (43 किग्रा) और अश्विनी विश्नोई (65 किग्रा) बृहस्पतिवार को अंडर-17 विश्व चैंपियनशिप में चैंपियन बनीं जबकि मोनी महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक से चूक गईं। रचना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में चीन की शिन हुआंग को 3-0 से हराया जबकि अश्विनी ने उज्बेकिस्तान की मुखय्यो राखिमजोनोवा को इसी अंतर से मात दी। मोनी को कजाकिस्तान की मदखिया उस्मानोवा के खिलाफ कड़े मुकाबले में 5-6 से मिली हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। कोमल वर्मा ने 49 किग्रा वर्ग में देश को कांस्य पदक दिलाया।

■ रचना (43 किग्रा), अश्विनी विश्नोई ने (65 किग्रा) में खिताब जीता

■ मोनी महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक से चूकी

उन्होंने कांस्य पदक के प्ले-ऑफ में एनहेलिना बुर्किना को 8-3 से हराया। भारत के कम से कम दो और पदक पक्के हो गए हैं जिसमें यशिता (61 किग्रा) और काजल (73 किग्रा) खिताबी मुकाबले में उतरेंगी जबकि मनीषा 69 किग्रा में कांस्य पदक के लिए चुनौती पेश करेंगी। हालांकि बृहस्पतिवार को सभी भारतीय पहलवान पोडियम तक नहीं पहुंच पाए। प्रीति यादव (40 किग्रा) और कशिश गुर्जर (46 किग्रा) क्वार्टर फाइनल में क्रमशः मैसी अन्ना क्लेयर इलियट और जैकलिन रोज़ बुज़ाकिस से हारकर बाहर हो गईं। सारिका 53 किग्रा भार वर्ग में जापान की रियोन ओगावा से हारकर क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गईं।

### मकाऊ ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट

## मन्नेपल्ली पहुंचे क्वार्टर फाइनल में, हांगकांग के चियुक को हराया

एजेंसी ▶▶| मकाऊ

भारत के तरुण मन्नेपल्ली शीर्ष वरीयता प्राप्त हांगकांग के ली चियुक यू को हराकर मकाऊ ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए । तरुण ने दुनिया के 15वीं रैंकिंग वाले ली को 19-21, 21-14, 22-40 से हराया । इससे पहले वह फरवरी में जर्मन ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी पहुंचे थे । अब उनका सामना चीन के हू झे अन से होगा । आयुष शेट्टी को मलेशिया के जस्टिन होह ने 21 . 18, 21 . 16 से हरा दिया।





### लक्ष्य ने किया कमाल

वहीं, लक्ष्य सेन ने इंडोनेशिया के चिको औरा द्वि वार्डोयो को रोमांचक मुकाबले में 21-14, 14-21, 21-17 से हराया। पुरुष वर्ग में आयुष शेट्टी को मलेशिया के जस्टिन होह ने 21-18, 21-16 से हराकर बाहर कर दिया। महिला एकल में भारत की रक्षिता रामराज थाईलैंड की बुसानन आंगबामरूंगफान से 14-21, 21-10, 21-10 से हार गईं।

### डबल्स में भारत को झटका

मिश्रित युगल में पांचवीं वरीयता प्राप्त ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो को मलेशिया की जोड़ी जिम्मी वोंग और लेई पेई जिंग से 19-21, 21-13, 21-18 से हार का सामना करना पड़ा। पुरुष युगल में पृथ्वी रॉय और के साइ प्रतीक मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप से सीधे गेमों में 21-18, 21-18 से हार गए।

गौरीकुंड व सोनप्रयाग के बीच भूस्खलन

# फंसे 800 श्रद्धालुओं को एनडीआरएफ एसडीआरएफ ने निकाला, 60 यात्री रुके



एक राष्ट्रीय और दो राज्य मार्ग सहित 62 सड़कें बंद

एजेंसी ▶▶ रुद्रप्रयाग

एसडीआरएफ, एनडीआरएफ व पुलिस ने गुरुवार सुबह साढ़े दस बजे तक 800 यात्रियों को निकाला। मौके पर लगभग 60-70 यात्री रुके हैं। भारी बारिश की चेतावनी के बीच तैयारियों पर राज्य के आपदा सचिव विनोद कुमार सुमन ने कहा कि कहीं भी कोई महत्वपूर्ण नुकसान नहीं हुआ है। हमारा चार धाम मार्ग कुछ क्षेत्रों को छोड़कर ज्यादातर खुला है। सोनप्रयाग और गौरीकुंड के बीच की सड़क पर मलबा है, लेकिन यह रोजाना खुली रहती है।

### गंगोत्री जाने वाला मार्ग बंद

इसी तरह, सिरोबगड़ में सड़क ज्यादातर दिनों में बंद रहती है। हम इसे फिर से खोल रहे हैं और स्थायी मरम्मत सुनिश्चित कर रहे हैं। गंगोत्री राजमार्ग पर गंगोत्री जाने वाला मार्ग बंद है, और पिथौरागढ़ में भी एक बंद है। लगभग 35 पीडब्ल्यूडी और ग्रामीण सड़कों को फिर से खोलने की कार्रवाई चल रही है। मुख्य सड़कें ज्यादातर खुली हैं और यातायात सुचारू रूप से चल रहा है। लगातार बारिश जारी है और आईएमडी अलर्ट प्राप्त होने पर हम जिलों को अपडेट और सुरक्षा सावधानियां भेजते हैं।

### जंगल के रास्ते सोनप्रयाग पहुंचाया


*बुधवार को एनडीआरएफ और एसडीआरफ ने गौरीकुंड से 2179 यात्रियों को अस्थायी पगडंडी का निर्माण कर जंगल के रास्ते जवानों की मदद से सकुशल सोनप्रयाग पहुंचाया। यात्री बाबा केदार के दर्शन कर लौटे थे और राष्ट्रीय राजमार्ग के मुनकटिया के समीप भारी भूस्खलन के कारण बंद होने से फंस गए थे। इस दौरान टीम ने गौरीकुंड से करीब एक किमी पहले हाईवे से जंगल की तरफ कच्चा अस्थायी रास्ता बनाया। एसडीआरएफ के एसआई आशीष डिमरी ने बताया कि शाम 7 बजे तक 2179 यात्रियों को सोनप्रयाग सकुशल लाया गया है, जिसमें 1679 पुरुष, 414 महिलाएं और 47 बच्चे शामिल हैं। बता दें कि यह सभी यात्री बीते मंगलवार को पैदल मार्ग से धाम पहुंचे थे।*

### मलबे से 62 सड़कें बंद

प्रदेश में बारिश के बाद मलबा आने से एक राष्ट्रीय और दो राज्य मार्ग सहित 62 सड़कें बंद हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक रुद्रप्रयाग-केदारनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग गौरीकुंड व सोनप्रयाग के बीच भूस्खलन की वजह से बंद है। जबकि राज्य मार्गों में उत्तरकाशी और नैनीताल में एक-एक राज्यमार्ग बंद है।

यात्रियों को भगवती नगर आधार शिविर में ठहराया गया

# बालटाल मार्ग से फिर शुरू हुई अमरनाथ यात्रा, 3.93 लाख लोग कर चुके दर्शन



पिछले साल 5 लाख से अधिक लोगों ने दर्शन किए थे

एजेंसी ▶▶ जम्मू

कश्मीर घाटी में बालटाल मार्ग से गुरुवार को अमरनाथ यात्रा फिर से शुरू हो गई लेकिन खराब मौसम के कारण इसे जम्मू से स्थगित कर दिया गया। एक अधिकारी ने बताया कि कश्मीर में मूसलाधार बारिश के कारण सड़कों पर आवाजाही असुरक्षित हो गई थी, जिसके बाद बुधवार को बालटाल और पहलगाम दोनों मार्गों पर तीर्थयात्रा स्थगित कर दी गई थी। गुरुवार सुबह से बालटाल मार्ग से यात्रा फिर से शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से बालटाल और नुनवान आधार शिविरों की ओर किसी भी जत्थे को जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### पहलगाम से यात्रा स्थगित

*जम्मू के संभागीय आयुक्त रमेश कुमार ने कहा कि यात्रा क्षेत्र में भारी बारिश के कारण कश्मीर स्थित आधार शिविरों से तीर्थयात्रियों की आवाजाही प्रभावित हुई है। इसलिए, यह निर्णय लिया गया है कि 31 जुलाई को जम्मू के भगवती नगर से बालटाल और नुनवान स्थित आधार शिविरों की ओर किसी भी जत्थे को जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। तीर्थयात्रियों को शुक्रवार को पहलगाम और बालटाल के आधार शिविरों की अपनी आगे की यात्रा के लिए उच्च सुरक्षा वाले भगवती नगर आधार शिविर में ठहराया गया है।*

### 1.44 लोग आधार शिविर से रवाना

तीन जुलाई को घाटी से 38 दिवसीय तीर्थयात्रा शुरू हुई थी, जिसके बाद से 3.93 लाख से अधिक तीर्थयात्री 3,880 मीटर ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर में हिमलिंग के दर्शन कर चुके हैं। अब तक कुल 1,44,124 तीर्थयात्री जम्मू आधार शिविर से घाटी के लिए रवाना हो चुके हैं। पिछले साल, 5.10 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने गुफा मंदिर में दर्शन किए थे। तीर्थयात्रा नौ अगस्त को समाप्त होगी।

## खबर संक्षेप

### पूर्व मंत्री के दामाद समेत 5 आरोपी हिरासत में



**पुणे।** महाराष्ट्र में पुणे की एक अदालत ने 'ड्रग पार्टी' मामले में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे के दामाद प्रांजल खेवलकर समेत 5 आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सभी पांचों आरोपियों को यहां अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जेजी डोरले के समक्ष पेश किया गया। अभियोजन पक्ष ने अदालत को बताया कि जांचकर्ताओं को उनके फोन में कुछ आपत्तिजनक चैट और वीडियो मिले हैं।

### ईडी ने मुंबई में कई ठिकानों पर छापेमारी की



**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मीठी नदी से गाद निकालने से जुड़े 65 करोड़ के कथित घोटाले से संबंधित धन शोधन जांच के तहत मुंबई में कई ठिकानों पर छापेमारी की। शहर में कुछ ठेकेदारों से जुड़े लगभग आठ ठिकानों पर तलाशी ली जा रही है, जिन्होंने बीएमसी को गाद की डंपिंग के सिलसिले में कथित तौर पर झूठे समझौता ज्ञापन सौंपे थे। सफाई के लिए 2017 से 2023 तक 65.54 करोड़ दिए थे।

### ओडिशा में हाथी के हमले से 3 लोगों की मौत



**ढेंकनाल।** ओडिशा के ढेंकनाल जिले में एक हाथी ने दो महिलाओं समेत 3 लोगों को कुचलकर मार डाला। यह घटना हिंडोल थाना क्षेत्र के बाघधरिया गांव में हिंडोल वन क्षेत्र के रसोल खंड में हुई। मृतकों की पहचान झूलना देहुरी (55), उसके देवर करुणाकर देहुरी (60) और एक अन्य ग्रामीण शशि साहू के रूप में हुई है। इस सिलसिले में वन रक्षक और वनपाल को कर्तव्य में लापरवाही के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है और उन्हें हिंडोल क्षेत्र से संबद्ध कर दिया गया है। ओडिशा के वन मंत्री गणेश राम सिंह खुंटिया ने दुख जताया है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मनमानी पर अमेरिका में ही घमासान

# टैरिफ पावर पर आज यूएस कोर्ट लेगी फैसला, हारे तो सुप्रीम कोर्ट जाना होगा

**12 राज्यों और छोटे व्यापारियों ने दी चुनौती**

ट्रंप ने आईईईपीएम नाम के एक पुराने कानून का इस्तेमाल किया है, जिसे आपातकाल की स्थिति में दुश्मन देशों पर प्रतिबंध लगाने के लिए लाया गया था। यह कानून 1977 में बना था लेकिन टैरिफ लगाने के लिए इसका यह पहला इस्तेमाल हुआ है। ट्रंप का कहना है कि ये 'राष्ट्रीय आपात स्थिति' है, क्योंकि अमेरिका को व्यापार में भारी घाटा हो रहा है

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

डोनाल्ड ट्रंप पिछले कुछ दिनों से कई देशों पर टैरिफ की घोषणा कर रहे हैं। बुधवार को उन्होंने भारत पर भी 25 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया। फिलिस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र का दर्जा देने वाले बयान पर कनाडा को व्यापारिक समझौते के नाम पर धमकी दी है। ट्रंप के मनमाने टैरिफ ऐलान पर अमेरिका में ही घमासान मचा हुआ है।

अब अमेरिका की अदालत इस बात पर फैसला लेगी कि क्या ट्रंप ने विदेशी सामानों पर आयात शुल्क लगाकर अपने संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन किया है या नहीं? अमेरिका के 12 राज्यों और छोटे व्यापारियों ने ट्रंप के टैरिफ पावर को अदालत में चुनौती दी है।

ट्रंप ने अप्रैल और फरवरी में चीन, कनाडा, मैक्सिको और कई अन्य देशों से आने वाले उत्पादों पर भारी टैरिफ लगा दिए थे। उनका तर्क था कि ये कदम अमेरिका की अर्थव्यवस्था, नौकरियों और ड्रग्स की तस्करी से निपटने के लिए जरूरी हैं। लेकिन अब ये फैसले कानूनी मुश्किलों में फंस गए हैं।

- ***संविधान के मुताबिक टैक्स और टैरिफ से जुड़ा अधिकार सिर्फ संसद के पास***
- ***आईईईपीएम जैसे कानून का इस्तेमाल सिर्फ 'सच्ची आपात स्थिति' में ही संभव***



### आज 11 जज शामिल होंगे

आज सुनवाई होने वाली है, उसमें अमेरिका की अपील अदालत के सभी 11 जज शामिल होंगे। इनमें से 8 को डेमोक्रेट और 3 को रिपब्लिकन राष्ट्रपतियों ने नियुक्त किया है। अगर फैसला ट्रंप के खिलाफ जाता है, तो माना जा रहा है कि यह मामला सीधा सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच सकता है। आईईईपीएम के इस्तेमाल को लेकर ट्रंप पर 7 से ज्यादा कानूनी मुकदमे चल रहे हैं। हाल ही में वॉशिंगटन डीसी की एक अदालत ने भी ट्रंप के खिलाफ फैसला सुनाया है। अब तक किसी भी अदालत ने यह नहीं माना कि राष्ट्रपति को बिना सीमा के टैरिफ लगाने का अधिकार है।

### आईईईपीएम कानून के दम पर टैरिफ लगा रहे ट्रंप

ट्रंप ने इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पॉवर्स एक्ट (आईईईपीएम) नाम के एक पुराने कानून का इस्तेमाल किया है, जिसे आपातकाल की स्थिति में दुश्मन देशों पर प्रतिबंध लगाने के लिए लाया गया था। यह कानून 1977 में बना था लेकिन टैरिफ लगाने के लिए इसका यह पहला इस्तेमाल हुआ है। ट्रंप का कहना है कि ये 'राष्ट्रीय आपात स्थिति' है, क्योंकि अमेरिका को व्यापार में भारी घाटा हो रहा है।

### निचली अदालत दे चुकी झटका

*इससे पहले मई में एक निचली अदालत ने कहा था कि ट्रंप ने टैरिफ लगाकर अपने अधिकारों की सीमा लांघी है। कोर्ट ने साफ कहा कि आईईईपीएम जैसे कानून का इस्तेमाल सिर्फ 'सच्ची आपात स्थिति' में ही किया जा सकता है, न कि पुराने व्यापार घाटे जैसे मामलों में।*

### अकेले फैसला लेने का हक नहीं

ट्रंप के इन फैसलों के खिलाफ अमेरिका के 12 डेमोक्रेटिक शासित राज्यों और 5 छोटे व्यापार संगठनों ने कोर्ट में याचिका दायर की है। उनका कहना है कि राष्ट्रपति को इस तरह से अकेले फैसला लेने का हक नहीं है। संविधान के मुताबिक टैक्स और टैरिफ से जुड़ा अधिकार सिर्फ संसद के पास है।

दिल्ली हाईकोर्ट ने दिया बड़ा आदेश

# सेना बनाएगी बैली ब्रिज, पीडब्ल्यूडी को देना होंगे अग्रिम 25 लाख रुपए



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजपूताना राइफल्स के जवानों को गंदे नाले से गुजरने की रोजाना की मजबूरी से आखिरकार राहत मिलने वाली है। दिल्ली हाईकोर्टने इस पर बड़ा कदम उठाते हुए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को आदेश दिया है कि वह भारतीय सेना को 25 लाख रुपए अग्रिम राशि के रूप में दे, ताकि जवानों के लिए अस्थायी बैली ब्रिज बनाया जा सके। कोर्ट ने इस मामले पर स्वतः संज्ञान लेते हुए कहा कि अब और देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जस्टिस प्रथिबा एम. सिंह और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की बेंच ने कहा कि भुगतान होते ही सेना 40 दिनों के भीतर ब्रिज का निर्माण पूरा करेगी।

### 10 महीने में बनेगा स्थायी फुट ओवर ब्रिज

राजपूताना राइफल्स को उनके बैरकों से दिल्ली छावनी क्षेत्र में परेड ग्राउंड तक आवागमन की सुविधा प्रदान करने के लिए बनाया जा रहा एक फुटओवर ब्रिज (एफओबी) 10 महीनों के भीतर पूरा हो जाएगा। ऐसे में तब तक सेना खुद बैली ब्रिज बनाएगी, जिससे जवानों को तुरंत राहत मिले। हाईकोर्ट ने पीडब्ल्यूडी को यह भी निर्देश दिया कि फुट ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया तुरंत शुरू की जाए और अगली सुनवाई तक प्रगति रिपोर्ट दाखिल की जाए। इससे पहले जवानों को रोजाना गंदे नाले से होकर गुजरना पड़ता है। यह नाला कई बार कमर तक पानी से भर जाता है और उसमें कीचड़ और बदबू रहती है। कोर्ट ने इसे "अस्वीकार्य" करार देते हुए तुरंत कार्रवाई की।


### अगली सुनवाई में मांगी प्रगति रिपोर्ट

*18 जून को कोर्ट ने अधिकारियों को आदेश दिया था कि नाले में जलभराव न हो और पानी की नियमित निकासी की जाए। अब कोर्ट ने साफ कहा है कि बैली ब्रिज बनने तक नाले की सफाई और रखरखाव जारी रहना चाहिए, ताकि जवानों को किसी तरह की परेशानी न हो। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई में पीडब्ल्यूडी और सेना से प्रगति रिपोर्ट मांगी है। इस फैसले को जवानों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। हाईकोर्ट का यह कदम साफ संदेश देता है कि सैनिकों की गरिमा और सुविधा को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।*

दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति मुश्किल में

# पूछताछ के लिए दूसरी बार आज जारी होगा 'डिटेंशन

एजेंसी ▶▶ सियोल



दक्षिण कोरिया की एक स्पेशल काउंसिल टीम ने बताया कि वह जेल में बंद पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल को पूछताछ हेतु जबरन लाने के लिए इस हफ्ते 'डिटेंशन वारंट' जारी करेगी। स्पेशल काउंसिल मिन जोंग-की की टीम के अनुसार, वह शुक्रवार सुबह 9 बजे राजधानी के दक्षिण में उइवांग स्थित सोल हिरासत केंद्र में एक सहायक विशेष वकील, एक अभियोजक और जांचकर्ताओं को भेजने की योजना बना रही है। इससे पहले सोल सेंट्रल जिला अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति यून के खिलाफ एक गिरफ्तारी वारंट जारी किया। यून पर दिसंबर में मार्शल लॉ थोपने की नाकाम कोशिश के आरोप हैं। वह फिलहाल हिरासत में हैं। यून ने इस हफ्ते पूछताछ के लिए भेजे गए दो समन की अवहेलना की, जिसके चलते अदालत को यह कदम उठाना पड़ा। मिन की टीम आरोपों की जांच कर रही है।

यूएस के कैलिफोर्निया में नौसेना विमान हादसा

# पांचवी पीढ़ी का एफ-35 विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट सुरक्षित

एजेंसी ▶▶ कैलिफोर्निया



अमेरिका के मध्य कैलिफोर्निया के नौसेना हवाई अड्डे (एनएएस) लेमूर के पास बुधवार को स्थानीय समयानुसार शाम 6:30 बजे अमेरिकी नौसेना का पांचवी पीढ़ी का एक एफ-35सी लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

नौसेना के बयान के अनुसार, पायलट ने सुरक्षित रूप से इजेक्ट कर लिया और कोई अन्य कर्मी प्रभावित नहीं हुआ। दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू हो गई है। दुर्घटनाग्रस्त एफ-35सी विमान स्ट्राइक फाइटर स्क्वाड्रन वीएफए-125, जिसे 'रफ रेडर्स' के नाम से जाना जाता है, को सौंपा गया था। यह स्क्वाड्रन पायलटों और एयरक्रू को प्रशिक्षण देने के लिए ज़िम्मेदार फ्लीट रिप्लेसमेंट स्क्वाड्रन है। एफ-35सी, लॉकहीड मार्टिन द्वारा निर्मित पांचवीं पीढ़ी का स्टील्थ लड़ाकू विमान है, जिसे विशेष रूप से विमानवाहक पोतों के लिए डिजाइन किया गया है।

हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में लगातार बारिश जारी

# बाढ़ और भूस्खलन से 302 सड़कें बाधित ट्रांसफॉर्मर ठप, बिजली व जल आपूर्ति बंद

एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल प्रदेश के कई भागों में बारिश लगातार जारी है। बरसात में जगह-जगह भूस्खलन व अचानक बाढ़ की घटनाओं से जनजीवन पर असर पड़ा है। राज्य में गुरुवार सुबह 10:00 बजे तक एक नेशनल हाईवे सहित 302 सड़कें बाधित रहीं। 436 बिजली ट्रांसफार्मर व 254 जल आपूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हैं। आपदाग्रस्त मंडी जिले में अभी भी सबसे अधिक 193 सड़कें ठप हैं। कुल्लू जिले में 134 और चंबा में 142 बिजली ट्रांसफार्मर बाधित हैं।

### राजस्थान में नदियां उफान पर



मंडी-चंडीगढ़ राजमार्ग से मलबा हटा रहे

*राजस्थान के अनेक जिलों में लगातार भारी बारिश हो रही है जिससे नदियां उफान पर हैं और कई जगह जलभराव हो गया है। धौलपुर में चंबल नदी व कोटा में पार्वती नदी का जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर दर्ज किया गया है। कोटा, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, टोंक में एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीमें तैनात की गई हैं।*

**सरदार बांध के पांच गेट खोले** *गुजरात के एकता नगर स्थित सरदार सरोवर बांध के 30 में से पांच गेट खोल दिए गए। इस मानसून सीजन में यह पहली बार है। निचले इलाकों में स्थित गांवों के लिए भी अलर्ट जारी किया है।*

भारत के युद्धपोत डिजाइन, निर्माण में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की दिशा में साबित होगा मील का पत्थर

# पाक संग तनाव के बीच जीआरएसई ने नौसेना को सौंपा हिमगिरी युद्धपोत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ लगी भारत की पश्चिमी सीमाओं पर बने हुए तनाव के बीच गुरुवार को नौसेना की युद्धक क्षमता में चार चांद लग गए। क्योंकि उसके जंगी बेड़े में हिमगिरी (यार्ड-3022) नामक एक उन्नत-स्टेल्थ और अत्यधिक मारक क्षमताओं से लैस गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट (युद्धपोत) शामिल हुआ। जिसका निर्माण कोलकाता स्थित स्वदेशी शिपयार्ड गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) द्वारा किया गया है। उनके अधिकारियों ने ही राज्य में आयोजित किए गए एक कार्यक्रम में युद्धपोत को नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपा। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि हिमगिरी नौसेना के प्रोजेक्ट-17-ए यानी नीलगिरि परियोजना का तीसरा और जीआरएसई में बनाया गया इस श्रेणी का पहला युद्धपोत है। जिसे मुख्य रूप से समुद्री इलाके में वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार किया गया है। इसके डिजाइन और निर्माण को भारत इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की दिशा में एक अहम मील का पत्थर के रूप में देखता है।

### 4 हजार कर्मियों को मिला रोजगार

हिमगिरी में 75 फीसदी स्वदेशी सामग्री लगाई गई है। इसके निर्माण में जीआरएसई के 200 से ज्यादा सूक्ष्म एवं लघु उद्योग (एमएसएमई) शामिल रहे और करीब 4 हजार कर्मियों को प्रत्यक्ष तथा 10 हजार से अधिक कर्मियों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार सृजन में मदद मिली है। युद्धपोत को नौसेना को सौंपा जाना देश के डिजाइन, जहाज निर्माण और इंजीनियरिंग कौशल को प्रदर्शित करता है।

### बराक-8, ब्रह्मोस मिसाइल से होगा लैस

मंत्रालय ने कहा कि प्रोजेक्ट-17-ए के युद्धपोत, प्रोजेक्ट-17 (शिवालिक) श्रेणी की तुलना में उन्नत हथियार और सेंसर सूट से सुसज्जित हैं। जिनमें सुपरसोनिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, 76 मिमी गन, 30 मिमी और 12.7 मिमी रैपिड फायर क्लोज इन हथियार प्रणालियों को शामिल किया गया है। बराक-8 और सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल के साथ ही आधुनिक रडार भी इसकी युद्धक क्षमता को कई गुना बढ़ा देंगे। हिमगिरी की लंबाई 149 मीटर और कुल वजन 6 हजार 670 टन है। इसे संयुक्त डीजल या गैस प्रॉपल्शन प्लांट्स के साथ बनाया गया है। जिसमें एक डीजल इंजन और गैस टरबाइन शामिल है। जो प्रत्येक शाफ्ट पर एक नियंत्रण योग्य पिच प्रोपेलर और एक अत्याधुनिक एकीकृत प्लेटफार्म प्रबंधन प्रणाली को संचालित करता है।

### हिमगिरी का नया अवतार ये युद्धपोत

गौरतलब है कि हिमगिरी पूर्ववर्ती आईएनएस हिमगिरी का नया अवतार है। जो कि एक लिएंडर श्रेणी का एक फ्रिगेट था। जिसे देश की समुद्री सीमाओं की तीन दशकों की शानदार सेवा के बाद 6 मई 2005 को सेवामुक्त कर दिया गया था। नया हिमगिरी युद्धपोत नौसेना के डिजाइन, उन्नत व अत्याधुनिक विशेषताओं से लैस, विस्तृत मारक क्षमता, स्वचालन तथा उत्तरजीविता में एक बड़ी छलांग का प्रतीक है। साथ ही ये युद्धपोत निर्माण में भारत की आत्मनिर्भरता को भी सराहनीय रूप से प्रदर्शित करता है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109